आज

१०५

इंगलैण्डमें लाल गेंद से खेलना हमेशा एक अलग चुनौती

उर्वशीने फिर किया बड़ा दावा

प्रयागराज, शनिवार ३१ मई, २०२५ सौर ज्येष्ठ १८, ज्येष्ठ शुक्ल ५, २०८२ वि. | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | नगर संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

मोदीकी पाकिस्तानको चेतावनी : खत्म नहीं हुआ आपरेशन

● हर आतंकी हमलेका देंगे जवाब, आतंकका करेंगे सफाया

● कानपुरमें ४७,६०० करोड़की परियोजनाओंका किया लोकार्पण

कानपुर (आससे)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा है कि भारत अब किसी भी एटम बम की गीदड़ भभकी से डरने वाला नहीं है। आतंक के खिलाफ लड़ाई में भारत ने तीन सूत्रीय फार्मूला तय किया है पहला यह कि भारत हर आतंकी हमले का करारा जबाब देगा, उसका समय तरीका और शर्ते हमारी सेनाएं खुद तय करेंगी। आतंक का आका और आतंक की सरपरस्त सरकार को भारत एक ही नजरिए से देखेगा। उन्होने साफ कहा है कि पाकिस्तान का आतंकियों के समर्थन का खेल अब चलने वाला नहीं है। उन्होने दोहराया कि अगर मै यह बात ठेठ कनपुरिया अंदाज में कहूं तो दुश्मन कहीं भी हो हौंक दिया जायेगा। उन्होने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जो दुश्मन युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ा रहा था वह धोखे में कतई न रहे, ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। ऑपरेशन सिंदूर में जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मनों को सोने नहीं दिया उस ब्रह्मोस मिसाइल का नया ठिकाना उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जा रहे डिफेंस कॉरिडोर होंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां के चन्द्रशेखर आजाद एवं प्रोद्योगिकी कृषि विश्वविद्यालय के विशाल मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ४७,६०० करोड़ की १५ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। अपने ४५ मिनट के संबोधन में पाकिस्तान और आतंकवाद इनके मुख्य निशाने पर रहा। पड़ोसी दुश्मन देश को कड़ा संदेश देते हुए उन्होने कहा कि बेटियों के सिंदूर का आक्रोश दुनिया ने देखा। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम दिखाया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ाकर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर का हवाला देते हुए उन्होने कहा कि पहलगाम के कायराने हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी बर्बरता का शिकार हुए, यहां की बेटी एशन्या की वो पीड़ा,वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते है। हमारी बहनों-बेटियों का वहीं आक्रोश ऑपरपेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा। स्वतंत्रता संग्राम की इस धरती से मै सेना के शौर्य को बार-बार सेल्यूट करता हूं।उन्होने कहा कि नया भारत आत्मनिर्भर भारत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने भारत के स्वदेशी हथियारों और मेक इन इंडिया की ताकत भी देख ली। हमारे हथियारों और ब्रह्मोस मिसाइल ने दुश्मन के घर में घुस कर तबाही मचाई है। (शेष पृष्ठ ११ पर)

कानपुरमें भूमिगत मेट्रो रेल कारिडोरकी सौगात

कानपुर (आससे)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवारको कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की यात्री सेवा में विस्तार करते हुए चुन्नीगंज से कानपुर सेंट्रल तक भूमिगत रेल कारिडोर की विधिवत शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने सीएसए मैदान से जैसे ही वर्चुवल रूप से हरी झंडी दिखाई तो पहले ही से नयागंज मेट्रो स्टेशन में सजीधजी खड़ी मेट्रो रेल मोतीझील के लिए दौड़ पड़ी। उससे पहले आईआईटी से मोतीझील तक एलिवेटेड मेट्रो कारिडोर का संचालन हो रहा था। अब पांच नये भूमिगत मेट्रो स्टेशन से मेट्रो रेल यात्री सेवा का संचालन शुरू हो गया। दोनों (शेष पृष्ठ ११ पर)

प्रधानमंत्रीने शुभमकी पत्नीसे की मुलाकात, हुए भावुक

कानपुर (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एयरफोर्स स्टेशन में पहलगाम हमले में शहीद शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उनके पिता संजय द्विवेदी और मां सीमा भी मौजूद रहीं। यह मुलाकात भावुक माहौल में हुई, जहां प्रधानमंत्री ने शहीद के परिवार को ढांढस बंधाया और उनके साहस व बलिदान को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने ऐशन्या से बातचीत करते हुए उनका हालचाल जाना और कहा कि देश को आपके पति पर गर्व है, उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। सरकार आपके साथ है। उन्होंने घटना पर दु:ख भी जताया हैं। (शेष पृष्ठ ११ पर)

जौनपुरमें पलटी बस, पांचकी मौत

जौनपुर (ह.स.)। वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बक्शा थाना अंतर्गत शंभूगंज बाजार के समीप चकपटैला गांव स्थित अंडर पास पर शुक्रवार की सुबह पौने नौ बजे रामनगर घनश्यामपुर से जौनपुर जा रही प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। तेजगति से जा रही बस डिवाइडर पार कर दाहिने पटरी पर पहुँच पलट गई। भीषण दुर्घटना में मौके पर ही दो महिला दो पुरुषों की मौत हो गई, जबकि एक महिला जिला अस्पताल में दम तोड़ दी। दुर्घटना में करीब दर्जनभर लोग लोग घायल हो गए, जिसमें एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

सूचना पर मातहत पुलिस कर्मियों के साथ पहुँचे थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने घायलों को अस्पताल भिजवाते हुए क्रेन के माध्यम से बस को खड़ा कर किनारे करवाते हुए आवागमन को सुचारू रूप से चालू करवाया। दुर्घटना स्थल पर सैकड़ों लोगो की भारी भीड़ जुट गई है। सुबहबस चालक कलीचाबाद निवासी 50वर्षीय समरजीत पाल कंडक्टर चवरी लेदुका बदलापुर निवासी 40 वर्षीय कालीचरन यादव के साथ 52 सीट वाली बस में करीब 40 सवारियों के साथ जौनपुर के लिए रवाना हुई। बस जैसे ही घटनास्थल के समीप पहुँची चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस डिवाइडर पर चढ़ते हुए दाहिने पटरी

शंभूगंज बाजार के समीप हुआ दर्दनाक हादसा,15 घायल

पर पहुँच सड़क के बीच पलट गई। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पहुँची पुलिस ने बस में बुरी तरह फंसे लोगों को बाहर निकाल मृतक चार लोगों को मर्चरी भेज घायल दस लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना में कुल तीन महिलाओं सहित बस कुल पांच लोगों की मौत हुई है जिसमें मृतकों में 60 वर्षीय नेमी देवी पत्नी परदेशी गौड़ निवासी गोपीपुर थाना जफराबाद, 26 वर्षीय संध्या शर्मा पत्नी विजय शर्मा निवासी बक्शा, बस कंडक्टर 40 वर्षीय कालीचरन यादव निवासी चवरी लेदुका थाना बदलापुर एवं सुशीला यादव पत्नी लालजी 65 वर्षीय सलेखनपट्टी बदलापुर की मौत हो गई। जबकि एक मृतक की पहचान नही हो सकी है। घायलों में बस चालक कलीचाबाद लाइनबाजार निवासी 50 वर्षीय समरजीत पाल, मसनपुर थाना बदलापुर निवासी 40 वर्षीय पुष्पा देवी पत्नी दिनेश व 18 वर्षीय बेटा अंकित, मछलीगांव बदलापुर निवासी(शेष पृष्ठ ११ पर)

अंकिता हत्याकांड के तीनों दोषियोंको उम्र कैद

कोटद्वार (एजेंसी)। बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय -एडीजे कोर्ट- ने शुक्रवारको फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है। इन पर 302, 201, 354, धाराओं में दोष सिद्ध हुआ है।

वहीं, कोर्ट ने तीनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही 50-50 हजार रुपये का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपये देने का फैसला भी कोर्ट ने सुनाया। उधर, न्यायालय का फैसला आने से ऐन पहले भीड़ ने पुलिस प्रशासन द्वारा की गई बैरिकेडिंग को तोड़कर न्यायालय की ओर बढ़ने की भीड़ की कोशिश की। पुलिस पूरी ताकत से लोगों को अंदर जाने से रोकने का प्रयास कर रही है। अदालत के फैसले पर पूरे उत्तराखंड और देश के लोगों की निगाहें टिकी थीं। कोटद्वार में इसके लिए पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए है। गढ़वाल मंडल के विभिन्न जनपदों से पुलिस फोर्स कोटद्वार बुलाई गई है। अदालत परिसर के बाहर की सड़कों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। बीती 19 मई को अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशेष लोक (शेष पृष्ठ ११ पर)

५०-५० हजार रुपयेका अर्थदण्ड

सेंसेक्स 81,451 पर हुआ बंद

मुंबई । हफ्ते के आखिरी कारेबारी दिन आज यानी शुक्रवार, 30 मई को सेंसेक्स करीब 182 अंक गिरकर 81,451 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 82 अंक की गिरावट है, ये 24,750 के स्तर पर है। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई करीब 550 अंक (1.45 प्रतिशत) गिरकर 37,885 पर और कोरिया का कोस्पी 20 अंक नीचे 2,700 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 350 अंक (1.50 प्रतिशत) गिरकर 23,224 के स्तर पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 10 अंक (0.30 प्रतिशत) गिरकर 3,353 पर कारोबार कर रहा है। 29 मई को अमेरिका का डाउ जोन्स 117 अंक चढ़कर 42,216 पर, नैस्डेक कंपोजिट 75 अंक ऊपर 19,176 पर और स्ऍक्क 500 भी 24 अंक चढ़कर 5,912 पर बंद हुआ था। 29 मई को सेंसेक्स 321 अंक चढ़कर 81,633 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 81 अंक की तेजी रही, ये 24,834 के स्तर पर बंद हुआ।

देशभरमें तेजी से बढ़ रहा कोरोना, अस्पतालोंमें लगी भीड़

नयी दिल्ली (आससे)। देश में एक बार फिर कोरोना के मामले बढ़ते नजर आ रहे हैं। अब तक 1000 से ज्यादा लोग संक्रमित पाए जा चुके हैं। दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र, झारखंड, कर्नाटक, केरल जैसे कई राज्यों में नए केस सामने आ रहे हैं। इस बीच कई राज्यों में स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट कर दिया है। दिल्ली में अब तक 104 केस मिले हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि 19 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं और बाकी घर पर ही इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, सरकार पूरी तरह से तैयार है। अस्पतालों में दवाइयां, बेड और ऑक्सीजन की व्यवस्था कर ली गई है। गुरुग्राम में भी कोरोना के केस बढ़ रहे हैं। शुक्रवार को 3 नए केस मिले, और पिछले 10 दिन में कुल 16 मरीज मिले हैं। आज के मरीज सेक्टर-53, सेक्टर-24 और सेक्टर-83 से हैं। नोएडा में एक्टिव केस की संख्या अब 19 हो गई है, जिसमें 11 महिलाएं और 8 पुरुष शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग मरीजों की ट्रैवल हिस्ट्री और संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटा रहा है। डॉक्टरों ने लोगों से मास्क पहनने, सैनिटाइज़र इस्तेमाल करने और भीड़भाड़ से दूर रहने की सलाह दी है। मेरठ में भी एक नया केस मिला है। दिल्ली में पढ़ाई करने वाली(शेष पृष्ठ ११ पर)

मास्क पहनने, सेनेटाइजर इस्तेमाल करनेकी सलाह

हाईकोर्टमें जजोंकी कमी पर केंद्रसे जवाब तलब

प्रयागराज (आससे)। इलाहाबाद हाईकोर्ट में बड़ी संख्या में जजों के रिक्त पद को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। अधिवक्ता सतीश त्रिवेदी की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी ने पक्ष रखा। साथ ही अधिवक्ता शाश्वत आनंद और सैयद अहमद फैजान भी याची की ओर से पेश हुए। इस मामले की सुनवाई 21 जुलाई को फ्रेश केस के तौर पर टॉप 10 मामलों में की जाएगी। मामले की सुनवाई जस्टिस वीके बिड़ला और जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने सुनवाई की। हाईकोर्ट में न्यायिक रिक्तियों को लेकर दाखिल की गई पीआईएल पर सुनवाई हुई। तर्क दिया गया कि देश के सबसे बड़े हाईकोर्ट में मुकदमों के बढ़ते अंबार के बावजूद यहां पर जजों के बड़ी संख्या काफी कम है। जनहित याचिका में कहा गया है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट में 11.5 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। हाईकोर्ट की कार्यशील क्षमता केवल 54 फीसदी पर है।

भारत अब सहन नहीं करता देता है सीधा जवाब-राजनाथ

पणजी (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को आईएनएस विक्रांत पर पहुंचे। यहां उन्होंने नौसैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। उन्होंने नौसैनिकों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि आईएनएस विक्रान्त पर अपने नौसैन्य योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी खुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता। उन्होंने कहा कि आजका भारत सहन नहीं करता और सीधा जवाब देता है। वैसे भी 'विक्रांत' का अर्थ ही होता है- अदम्य साहस, और अपराजेय शक्ति। आज आप सभी जांबाजों के बीच खड़े होकर मैं इस नाम के अर्थ को साकार होता देख रहा हूं। आपकी आंखों में जो दृढ़ता है, उसमें भारत की असली शक्ति झलकती है। राजनाथ ने कहा, आज मैं यहां केवल रक्षा मंत्री के (शेष पृष्ठ ११ पर)

आईएनएस विक्रांतसे पाकिस्तानको चेतावनी

हरियाणा सीएम आवासको बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। चंडीगढ़ स्थित हरियाणा मुख्यमंत्री आवास व हरियाणा सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सरकारी आवास को आईईडी से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही चंडीगढ़ पुलिस टीम और बम स्कवायड की टीम सक्रिय हो गई। एहतियात के तौर पर सचिवालय को खाली करवा दिया गया है। सचिवालय और सीएम हाउस में बम और डॉग स्कवायड बुलाकर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। धमकी के बाद हरियाणा सचिवालय में सीआईएसएफ, हरियाणा पुलिस, चंडीगढ़ पुलिस और सीआईडी भी अलर्ट हो गई है। वहीं इमेल की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि धमकी भरा ईमेल हरियाणा सीआईडी के पास आया था। पुलिस और गुप्तचर एजेंसियां मामले की जांच कर रही है। इससे पहले 22 मई को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट को बम उड़ाने से धमकी मिली थी। चंडीगढ़ पुलिस की तरफ से हरियाणा सचिवालय में जांच की जा रही है। बम व (शेष पृष्ठ ११ पर)

जम्मू-कश्मीरका निरंतर जारी रहेगा विकास-शाह

जम्मू (आससे)। गृह मंत्री अमित शाह ने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं। अमित शाह ने कहा कि तीन दिन की आफत में प्रशासन जनता के साथ खड़ा हुआ था और एक (शेष पृष्ठ ११ पर)

पीड़ितोंसे की मुलाकात, मृतकोंके परिजनोंको सरकारी नौकरीकी सौगात

उद्योग भवनको बमसे उड़ानेकी धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव को उद्योग भवनको शुक्रवारको उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इसके बाद सुरक्षा तंत्र ने त्वरित कार्रवाई की। केंद्रीय सचिवालय के पास स्थित इस भवन को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल दोपहर में प्राप्त हुआ। इसके चलते सुरक्षा अधिकारियों ने दोपहर 3.15 बजे परिसर को खाली कराया। दिल्ली अग्निशमन अनुसार, उन्हें दोपहर 1.01 बजे धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की एक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ई-मेल उद्योग भवन में मुख्यालय वाले मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया था। (शेष पृष्ठ ११ पर)

एक ही शिफ्टमें होगी नीट-पीजी परीक्षा-सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आससे)। उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी 2025 परीक्षा को लेकर शुक्रवारको एक आदेश अहम जारी किया। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) से कहा है कि कि नीट-पीजी 2025 परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में नहीं, बल्कि एक ही शिफ्ट में किया जाए। साथ ही न्यायालय कोर्ट ने यह भी कहा है कि अगर दो शिफ्ट में परीक्षा आयोजित की जाएगी तो इससे मनमानी और कठिनाई के अलग-अलग स्तर पैदा हो सकते हैं।न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने संबंधित अधिकारियों को एक पाली में परीक्षा आयोजित करने की व्यवस्था करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि पूरी पारदर्शिता बनी रहे। पीठ में न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि दो पालियों (शेष पृष्ठ ११ पर)

एनबीई को पारदर्शिता बनाये रखने का आदेश

लक्कड़ शाह बाबाकी मजारपर नहीं लगेगा मेला

बहराइच (एजेंसी)। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मुर्तिहा रेंज के जंगल में बिछिया-मिहींपुरवा मुख्य मार्ग से 500 मीटर दूर जंगल में लक्कड़ शाह बाबा की दरगाह पर जेठ के महीने में मेला लगने की परंपरा 16 वीं शताब्दी से चली आ रही है। इस बार सालाना उर्स पर वन विभाग द्वारा इस मेले पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। बाबा लक्कड़शाह की दरगाह पहुंचने वाले दोनों मार्गों के नाकों पर बिछिया, निशानगाड़ा और मोतीपुर वन बैरियर पर ही जायरीनों को रोक दिया गया।

चीफ इंजीनियरके यहां छापा दो करोड़ नकदी बरामद

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा में भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार एक्शन लिया जा रहा है। इसी क्रम में विजिलेंस विभाग ने आरडब्ल्यू विभाग के चीफ इंजीनियर बैकुंठ नाथ सारंगी के आवास पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान अब तक 2.1 करोड़ की नकदी बरामद की गई है। वहीं अभी भी तलाशी की जा रही है। विजिलेंस टीम ने ओडिशा के भुवनेश्वर, अंगुल और पिपिली समेत 7 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति रखने के आरोपों के तहत की गई। छापेमारी में 8 डीएसपी, 12 इंस्पेक्टर, 6 एएसआई और अन्य अधिकारी शामिल थे। बता दें कि छापेमारी के दौरान एक तरफ भुवनेश्वर के पीडीएन एक्सोटिका अपार्टमेंट में मौजूद फ्लैट से 1 करोड़ कैश मिला। वहीं दूसरी तरफ अंगुल में स्थित उनके दो मंजिला मकान से अब तक 1.1 करोड़ नकद जब्त किया गया है।

१५ नर्सोंको राष्ट्रपतिने दिया राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड

नयी दिल्ली (आससे)। नर्सिंग के क्षेत्र में सराहनीय काम के लिए राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सिंग पेशेवरों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के तहत विजेताओं को योग्यता प्रमाणपत्र, 1,00,000 रुपये के नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके साथ ही इन स्वास्थ्य योद्धाओं की अमूल्य सेवा के लिए राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक एक पदक भी दिया जाता है। इस साल राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में अवॉर्ड पाने वालों में कई क्षेत्रों और स्वास्थ्य सेवा सेटिंग्स में सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण को मजबूत करने और समुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने वाले नर्सिंग पेशेवर शामिल थे। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव और अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा, हमारी नर्सें भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की स्तंभ हैं, जो हर दिन अनगिनत लोगों की जान बचाती हैं। आपको मिला यह सम्मान मानवता की सेवा के लिए आपके समर्पण का उत्सव मनाता है। यह आपको सकारात्मक प्रभाव डालते रहने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

यूपी : ७५ जिलोंमें सिविल डिफेंस का होगा गठन

लखनऊ (आससे)। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने बड़ा फैसला किया है। यूपी सरकार ने राज्य के सभी जिलों में सिविल डिफेंस के गठन की नोटिफिकेशन जारी कर दी है। यूपी सरकार की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के मुताबिक, सभी 75 जिलों में सिविल डिफेंस का गठन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन के मुताबिक, सिविल डिफेंस के गठन के लिए जिलाधिकारी यानी डीएम को बड़ा अधिकार सौंपा गया है। राज्य के सभी जिलों में सिविल डिफेंस के लिए पदों का सृजन डीएम के माध्यम से किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की सरकार ने साल 1962 के बाद पहली बार प्रदेश के सभी 75 जिलों में सिविल डिफेंस का गठन करने के फैसले को मंजूरी दी है।

मौसम

सूर्योदय : ०५.०८

सूर्यास्त : ०६.४३

तापमान

अधि. : ४२.२

न्यून. : २८.०

एसआरएन के उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी सहित कई कर्मचारी निलम्बित

डीजीएमई के आदेश मिलते ही एमएलएन मेडिकल कालेजकी प्राचार्य ने किया निलम्बित

हाईकोर्ट की सख्ती का असर दिखने लगा है। शुक्रवार को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के चार कर्मचारियों को निलबिंत किया गया। लम्बे समय से चर्चा में रहे स्वरुपरानी नेहरू हास्पिटल के उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया है। यह आदेश लखनऊ के चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक यानी डीजीएमई ने जारी किया है। उक्त काररवाई का आदेश मिलने के पश्चात मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्राचार्या डा.वत्सला मिश्रा ने एसआरएन अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा.आरबी कमल को अपनी संस्तुति देकर पत्र भेज दिया है। इस आदेश को लेकर मेडिकल कालेज में चर्चा हो रही है। पूर्व में इलाहाबाद हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणी के उपरांत एसआरएन अस्पताल की दुव्यवस्था को सुधारा जा रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्टमें सुनवाई के दौरान अस्पताल की दुर्व्यवस्थाओं, कमीशनखोरी सहित अन्य पर नाराजगी जताते हुए उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी को फटकारा था। दोपहर बाद मेडिकल कालेज की प्राचार्या डा.वत्सला मिश्रा को ई-मेल मिला। जिसमें गौतम त्रिपाठी, वार्ड की सिस्टर इंचार्ज रंजना लुईस, सफाई निरीक्षक अमरनाथ को निलम्बित करने का आदेश प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त नर्स मनोज कुमार की संविदा समाप्ति का आदेश दिया गया है। बता दे कि मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के अधिकारी एक्शन मोड में है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद अस्पताल की कमियों को दूर किया जा रहा है। पूर्व प्रधानाचार्य के कृपापात्र रहे अभी कई कर्मचारियों पर गाज गिर सकती है। आरोप है कि वार्डो की साफ-सफाई नहीं होने और बेड की चद्दरे फटी होने से कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है। परचेज डिपार्डमेंट के कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। मेडिकल कालेज की प्राचार्य डा.वत्सला मिश्रा ने बताया कि लखनऊ से डीजीएमई का पत्र मिलते ही संस्तुति कर दिया गया है। महानिदेशक के आदेश का सख्ती से पालन किया जायेगा। एसआईसी एसआरएन को उप अधीक्षक गौतम त्रिपाठी को निलम्बित करने का आदेश जारी किया गया है। दुव्यवस्थाओं सहित अन्य रुकावट के लिए जांच में दोषी पाया गया है। वार्ड में निरीक्षण के समय सिस्टर रंजना लुईस की मौजूदगी में बेड पर चादरे गंदी और फटी हुयी मिली। शाम को नर्स मनोज कुमार की लापरवाही सामने आयी।

सख्तीका असर, एसआरएन में दिखने लगे मरीज

इलाहाबाद हाईकोर्ट की सख्ती का असर दिखाने लगा है। सूबे के सबसे बड़े अस्पताल एसआरएन में अब दलालों का प्रवेश बंद हो गया है। इसका सीधा असर अस्पताल के बाहर की दुकानों पर पड़ा है। उनकी बिक्री में अधिक गिरावट आई है लेकिन अस्पताल में दवाओं की कमी के चलते अभी भी मरीजों का बाहरी दुकानों पर निर्भरता है। अस्पताल परिसर में चुनिंदा वाहनों का प्रवेश लागू होगा। सभी वाहन पार्किंग क्षेत्र में खड़े होंगे। चाहे वह मरीज या तीमारदार हो या फिर अस्पताल का कर्मचारी या डाक्टर। सभी के लिए अलग-अलग पार्किंग एरिया बनाये गये है। यह बात सही है कि अस्पताल में सुबह से लेकर शाम तक दवा काउंटर पर मरीजों एवं तीमारदारों की भीड़ लगी रहती है। शुक्रवार को अस्पताल में हजारों मरीज उपचार कराने पहुंचे। तो बदली हुयी तश्वीर देखकर विश्वास ही नही हुआ कि पिछले सप्ताह ओपीडी में डाक्टर साहब को दिखाने आये थे तो अब सब कुछ बदला-बदला सा है। लेकिन मरीजों को अभी भी डाक्टर को दिखाने के लिए पर्ची कटवाने के लिए लम्बी लाइन लगनी पड़ती है। ऐसा ही हाल ओपीडी में डाक्टर को दिखने, जांच कराने एवं उसका शुल्क जमा करना, दवाएं लेने आदि के लिए काउंटर पर लम्बी लाइन लगानी पड़ती है। दवा काउंटर पर पुरूष एवं महिलाओं की अलग-अलग लाइने लगी रहती है।

एसीएम ने एसआरएन अस्पतालका किया निरीक्षण

एसआरएन अस्पताल में व्याप्त विसंगतियों को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कड़े तेवर को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी प्रतिदिन अस्पताल का निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार को अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय ज्ञानेन्द्र नाथ ने एसआरएन अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवा के स्टाक आदि की जांच की और अस्पताल प्रशासन को पर्याप्त दवा की उपलब्धता बनाये रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने चिकित्सकों से रोस्टर के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा है। साथ ही अस्पताल में लगाये जा रहे एयरकण्डीशन, कूलर एवं अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया।

हाईकोर्टके कार्यक्रममें शामिल होंगे कई जज एवं केन्द्रीय कानून मंत्री

हाईकोर्ट में ३१ मई को हो रहे समारोह में सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जे के माहेश्वरी, जस्टिस बी वी नागरत्ना, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र एवं जस्टिस राजेश बिंदल शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के जजों के अलावा भारत सरकार के कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल होंगे।

हाईकोर्ट से मिली जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्यों को सुरक्षा की दृष्टि से वकील के ड्रेस में शामिल होने को कहा गया है। कार्यक्रम स्थल वाली मंजिल पर संख्या सीमित रखी गई है और वहां कार्ड धारकों का प्रवेश रहेगा। मल्टीलेवल बिल्डिंग के छठवें मंजिल पर वकीलों के जलपान व लंच आदि की व्यवस्था की गई है। हाईकोर्ट में वीवीआईपी मूवमेंट के चलते हाईकोर्ट परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सीआरपीएफ एवं पुलिस के जवान तैनात है और जगह-जगह ड्यूटी दे रहे हैं।

महानगर की खबरें पृष्ठ ११पर भी देखें।

दिनमें उमस भरी गर्मी, शामको बूंदाबांदीसे मिली राहत

दो डिग्री सेल्सियसकी बढ़ोतरीके साथ अधिकतम तापमान पहुंचा ४२.२ डिग्री

नौ तपा के बीच में भयंकर गर्मी के साथ मौसम में फेरबदल हो रहा है। दिन में भयंकर उमस भरी गर्मी तो शाम को बूंदाबांदी के चलते गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम के उठापचक से लोग बीमार भी हो रहे हैं। मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव के चलते शुक्रवार को अधिकतम तापमान २ डिग्री सेल्यिस बढ़ोत्तरी के साथ ४२.२ डिग्री सेल्सियस एवं रात का तापमान २८ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।गुरुवार को अधिकतम तापमान ४०.२ डिग्री एवं रात का ताप २७.५ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अधिकतम ताप शुक्रवार सुबह से ही चटक धूप का यहसास हुआ एवं उमस से लोगों को हाल बेहाल हो गया। दोपहर में राहगीरों को उमस के कारण पसीने से तरबतर एवं गर्म हवाओं की लपटों से झुलसती शरीर के साथ अपने गनतव्य तक पहुंचे। सबसे अधिक हालात तो ट्रैफिक सिग्नल पर खराब मिले।

रेड सिग्नल पर खडे लोग छांव की तलाश करते रहे। वहीं शाम ६ बजे तेज हवाओं के साथ मौसम ने आचानक करवट लिया और देखते ही देखते आसमान में काले बादलों ने डेरा जमा लिया। थोड़ी देर में हवाओं के साथ बूंदाबादी शुरू हो गयी। इविवि के समुद्री एवं वातावरण विभाग के प्रो. शैलेन्द्र राय के अनुसार शनिवार को तेज हवा के साथ गरज-चमककर बारिश के आसार बन रहें हैं। वहीं रविवार एवं सोमवार को आंशिक रूप से आसमान में बादलों को डेरा बना रहेगा।सोमवार ३ से ५ जून तक आंधी के साथ चमक-गरज का बारिश का अनुमान है।

शातिरने झांसा देकर युवकके खातेसे उड़ा दिये १.१६ लाख रुपये

साइबर शातिर झांसा देकर एक युवक के खाते से १.१६ लाख रुपये की चपत लगा दी। पीड़ित ने नंबर के आधार पर धूमनगंज थाने में साइबर अपराध की एफआईआर दर्ज करायी है। झूंसी के आवास विकास कालोनी निवासी हेमन्त कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि टेलीग्राम चैनल के माध्यम से एक व्यक्ति का संपर्क हुआ।

वह पीड़ित के व्हाटसएप से कनेक्ट हो गया और बातचीत होने लगी। उसने अपनी बातों में विश्वास में लेकर बोला कि उसका डी-मैट अकाउंट संचालित करेगा जो भी नुकसान या फायदा होगा आधा-आधा शेयर होगा।

शातिर ने पीड़ित का अकाउंट संचालित किया जो भी लाभ हुआ हाफ-हाफ लेते रहे। इसके बाद शातिर ने पीड़ित के खाते से खाली कर दिया। उसने पीड़ित के अकांउट से १.१३ लाख रुपये कमाया था। लेकिन उसका खाता खाली हो गया।

नैनीके डा.विनीत कुमार द्विवेदीको मिली महामंडलेश्वर की उपाधि

नैनी के डा. विनीत कुमार द्विवेदी को महामंडलेश्वर की उपाधि मिली। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी अखाड़ा के महंत रवीन्द्रपुरी महाराज से दीक्षा प्राप्त कर स्वामी रमण गिरी महाराज से स्वामी रमणपुरी महाराज की उपाधि मिली एवं श्री श्री १०८ महंत डा. स्वामी रमण पुरी नाम प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के साधु-संतों की उपस्थिति में महंत रवीन्द्र पुरी महाराज के सानिध्य में विधि विधान से भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। बतादें कि १००८ पायलट बाबा सोमनाथ गिरी वरिष्ठ महामंडलेश्वर से २०१९ में संन्यास दीक्षा लेने के बाद डा.विनीत कुमार द्विवेदी को सन्यास नामकरण डाक्टर स्वामी रमण गिरी महाराज की उपाधि दी गई एवं पायलट

डा. विनीत रमण गिरी से बने स्वामी रमणपुरी महराज

बाबा की देख रेख में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार ७ वर्षों तक लगातार देश-विदेश करते रहें। २० अगस्त २०२४ को स्वामी पायलट बाबा सोमनाथ गिरी के आकस्मिक ब्रह्मलीन होने एवं स्वामी रमण गिरी महाराज के गुरु विहीन होने के बाद जीवन में गुरु के बिना उचित मार्गदर्शन न होने के कारण जीवन में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अत्यधिक समस्याएं आई एवं गुरु के बिना जीवन में सनातन धर्म का प्रचार प्रसार में रुकावट आने के कारण स्वामी रमण गिरी महाराज २७ अप्रैल २०२५ को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं श्री मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी अखाड़ा के महंत रवींद्रपुरी महाराज से मिलकर प्रभावित हुये।

रवींद्र पुरी महाराज से दीक्षा प्राप्तकर स्वामी रमण गिरी महाराज से स्वामी रमण पुरी महाराज की उपाधि मिली एवं श्री श्री १०८ महंत डाक्टर स्वामी रमण पुरी नाम प्राप्त हुआ। साथ ही महामंडलेश्वर उपाधि से अलंकृत किया गया।

सहायक मंडल अभियंताके घरमें घुसकर तोड़फोड़, मुकदमा

जार्जटाउन थाना क्षेत्र निवासी एक सहायक मंउला अभियंता के घर में घुसकर तोड़फोड़ का मामला प्रकाश में आया है। उन्होने पड़ोसी सुरेश त्रिपाठी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जार्जटाउन के शिवनगर अल्लापुर निवासी भोलानाथ त्रिपाठी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह केन्द्रसरकार में स. मडंल अभियंता के पद पर दिल्ली में कार्यरत है। अल्लापुर निवास में उनकी पत्नी व परिवार रहता था। आरोप है कि उनके पड़ोसी सुरेश त्रिपाठी लोहे की राड से ग्राउंड फ्लोर पर स्थित गैरेज में कारों में तोड़फोड की इसके बाद कैमरा व घर की ढ़ेर सारे घरेलू उपकरण तोड़ दिये। कैमरे में तोड़फोड़ रिकार्ड है। आरोप है कि सुरेश एक असामाजिक तत्व एवं अपराधी प्रवृत्ति का नसेड़ी व्यक्ति है तथा पूरे मोहल्ले से गाली देते हुए आतंकित करता है उसके डर से उसके खिलाफ कोई रिपोर्ट नहीं करता जिससे उसका मनोबल बढ़ गया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनको जान माल का खतरा है वह कभी भी आक्रमण कर सकता है।

हादसेमें बाइक सवार युवककी मौत

डीसीएम ने राज्य विवि के पास मारी टक्कर, करछनाका रहने वाला था रामकृष्ण

औद्योगिक क्षेत्र थाना के मिर्जापुर रोड स्थित राज्य विवि के समीप शुक्रवार की शाम को डीसीएम की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक की घटना स्थल पर हो मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करछना थाना क्षेत्र के बसही गांव निवासी राम कृष्ण पटेल उर्फ किशन (३२) वर्षीय पुत्र स्व. महेश प्रसाद पटेल बसही चौराहे पर स्टेशनरी की दुकान चलता था। शुक्रवार की शाम को वह बाइक से शहर से करछना की तरफ लौट रहा था। जैसे ही वह राज्य विश्वविद्यालय के समीप पहुंचा, तभी सरस्वती हाईटेक सिटी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही डीसीएम ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया और डीसीएम उसे रौंदते हुए आगे बढ़ गई। हादसा इतना दर्दनाक था, कि उसके सिर के टुकड़ें इधर- उधर बिखर गया। सूचना पर पीकेट के सिपाही मौके पर पहुंचे, उन्होंने इसकी जानकारी थाना प्रभारी को दी। घटना के आधे घंटे बाद पहुंची सड़वा चौकी की पुलिस ने शव को वहां से हटाया। जानकारी मिलने पर उसके परिवार के लोग भी रोते- बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों के अनुसार मृतक के आठ साल का बेटा वंश एवं छः साल की बेटी आन्या है। घटना के बाद उसकी पत्नी अंशिका पटेल एवं परिजनों का का रो-रोकर बुरा हाल है।

भारतमें हर साल तम्बाकूसे नौ लाख लोगोंकी मृत्यु होती है -डा.सोनिया सिंह

विश्व तंबाकू निषेध दिवसपर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशनमें किया जागरूक

विश्व तंबाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन में चिकित्सकों ने अपनी बातों को साझा किया। कमला नेहरू मेमोरियल हास्पिटल की वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डा.सोनिया तिवारी ने बताया कि तंबाकू उद्योग युवकों को आकर्षक फ्लेवर और लुभावनी पैकेजिंग करके गुमराह कर रहा है। ई-सिगरेट, सुगन्धित पाउच एवं स्नस जैसे नये तम्बाकू उत्पादों पर सख्त नियंत्रण होना चाहिये। सोशल मीडिया पर तम्बाकू जनित उत्पादों के विज्ञापन पर भी रोक लगानी चाहिये। तम्बाकू को छोड़ने के लिए नशा मुक्ति केन्द्रों, योग एवं व्यायाम करना चाहिये। उन्होंने बताया कि तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना थीम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देशके १४ से २० वर्ष के १५ लाख युवा किसी न किसी रुप से तंबाकू का सेवन कर रहे है। तंबाकू के सेवन से मुंह, यकृत, आंत, गले, फेफड़े एवं स्तन का कैंसर हो सकता है। यह ह्दय रोग, फेफड़ो की बीमारी एवं मधुमेह का कारण बन सकता है। डा.सोनिया का कहना है कि हर साल ९ लाख लोगों की मृत्यु भारत में तम्बाकू के कारण होती है। वही साढ़े तीन लाख लोग तंबाकू यानि सेकेण्ड हैंड स्कोकिंग के ग्रसित होते है। डा.तिवारी ने तम्बाकू की खेती को बंद करके किसानों को वैकल्पिक फसलों को उगाने पर जोर देना चाहिये। इस दौरान डा.ज्योति भूषण, डा.अनुभा श्रीवास्तव, डा.कमल सिंह, डा.अनूप चौहान आदि रहे।

युवतीकी आत्महत्याके २४ घंटे बाद भी परिजन नहीं आये सामने

कसारी मसारी में एक किराए के कमरे में रहने वाली २६ वर्षीय शहनाज के फांसी लगाने के चौबीस घंटे बाद भी अब तक परिजन सामने नहीं आए हैं। परिजनों के अभाव में अब तक उसके शव का पोस्टमॉर्टम तक नहीं हो सका है। वहीं पुलिस उसके पुरुष मित्र को पूछताछ के लिए हिरासत में लेने की तैयारी में जुटी है। कसारी मसारी निवासी मोहम्मद फैज के मकान में गुरुवार की भोर में अपने पुरुष मित्र से वीडियो कॉलिंग में बहस होने के बाद शहनाज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुरुष मित्र ने ही डायल ११२ पर शहनाज के फांसी लगाकर जान देने की धमकी देने की सूचना दी थी। हालांकि जब तक पुलिस पहुंचती, तब तक शहनाज की मौत हो चुकी थी। इधर, चौबीस घंटे बीतने के बाद भी अब तक शहनाज के परिजन सामने नहीं आए हैं। शहनाज मूलरूप से कहां की रहने वाली थी, इसका भी अब तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखा है। पुलिस शहनाज के मोबाइल की जांच में जुटी है। पुलिस की मानें तो गाजीपुर के बारा थाना गहमर निवासी दिलशाद से उसकी गहरी दोस्ती थी। दिलशाद से ही गुरुवार की भोर वीडियो कॉलिंग पर कहासुनी के बाद शहनाज ने फांसी लगाकर जान देने की धमकी देते हुए कॉल काट दिया था। दिलशाद ने ही सुबह लभग सवा पांच बजे डायल ११२ पर फोन कर सूचना दी थी। पुलिस शुक्रवार को आधारकार्ड पर दर्ज पते पर भी खोजबीन करने पहुंची थी, लेकिन परिवार के बारे में कोई पता नहीं चला।

वीडियो काल करने वाले युवककी पुलिस कर रही तलाश, हुई थी कहासुनी

संस्कृतमें सम्पूर्ण ज्ञान-विज्ञान निहित है-संयुक्त शिक्षा निदेशक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगानाथ झा परिसर तथा संस्कृत भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग मे कार्यक्रम हुआ। शुक्रवार को बन्दना सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में रामनारायण विश्वकर्मा संयुक्त शिक्षा निदेशक मण्डल रहे। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा मे सम्पूर्ण भारतीय साहित्य एवं भारतीय संस्कृति समाहित है। यह भाषा अनादि काल से आज तक सबसे समृद्ध भाषा है। संस्कृत में सम्पूर्ण ज्ञान विज्ञान निहित है। बौद्धिक सत्र में संस्कृत भारती के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक डा. कन्हैयालाल झा ने कहा कि संस्कृत को सब जगह एवं सबकी भाषा बनाने के लिए कार्यकर्ताओं एवं संस्कृतानुरागियों को समर्पण भाव से काम करना चाहिए। इस प्रशिक्षण में संस्कृत सम्भाषण शिविरों, पत्राचार द्वारा संस्कृत, गीता शिक्षण, बाल केन्द्रों के माध्यम से संस्कृत को घर-घर तक कैसे ले जाया जा सकता है का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह वर्ग केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय गंगानाथ सा परिसर के निदेशक प्रो.ललित कुमार त्रिपाठी तथा संस्कृत भारती के क्षेत्र संघटन मन्त्री प्रमोद पण्डित के निर्देशन में चल रहा है। वर्ग में डा.मनीष जुगरान, डा.प्रकाश झा, डा.अमरचन्द्र ठाकुर, डा.शालिग्राम त्रिपाठी, ओम शुक्ला, शिवम शुक्ला, राजन पाण्डेय, नागेश दुबे, निधि झा, सन्ध्या गुप्ता आदि रहे।

भीरपुर-मेजा रेलवे स्टेशनके बीच हादसे की शिकार होनेसे बची 'तेजस' राजधानी

ट्रैकपर रखा गया था बोल्डर, १० मिनट तक खड़ी रही राजधानी, अज्ञातपर एफआईआर

उत्तर मध्य रेलवे के भीरपुर और मेजा रेलवे स्टेशन के बीच किसी ने रेलवे ट्रैक पर बोल्डर रखकर बड़ी साजिश रची लेकिन तेजस राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट की सतर्कता से हादसा हट गया। बुधवार आधी रात को इस साजिश का खुलासा होने पर हड़कंप मच गया। दस मिनट पर वहीं पर राजधानी को रोकना पड़ा। जांच में कोई संदिग्ध न मिलने पर ट्रेन रवाना किया गया। आरपीएफ ने इस प्रकरण में अज्ञात अराजकतत्व के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

ट्रेन नंबर १२३१० तेजस राजधानी एक्सप्रेस बीते गुरुवार की शाम पांच बजकर १० मिनट नई दिल्ली से पटना के लिए चली थी। प्रयागराज जंक्शन पर आधी रात को आधे घंटे लेट पहुंची। दो मिनट के बाद ट्रेन जंक्शन से चल दी। छिवकी रेलवे स्टेशन क्रास करते ही भीरपुर और मेजा रोड रेलवे स्टेशन के बीच लोको पायलट मकसूद आलम को रेलवे ट्रैक पर कुछ रगड़ आने की आवाज आई। लोको पायलट ने तत्काल ट्रेन रोक दी। इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई। सूचना मिलते ही आरपीएफ और रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। रेल ट्रैक की जांच की गई तो वहां पर बोल्डर रखा हुआ मिला। करीब १० मिनट पर ट्रेन वहीं रुकी गई। इस प्रकरण में शुक्रवार को भी रेलवे की टीम ने जांच की लेकिन कहीं से पता नहीं चला कि किसने रेलवे ट्रैक पर बोल्डर रखा था। आरपीएफ मुकदमा दर्ज करके इस प्रकरण की जांच कर रही है। इस संबंध में उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशीकांत त्रिपाठी का कहना है कि २८ मई की रात किसी ने ट्रैक के आसपास पड़ी गिट्टी ट्रैक पर रख दिया था। लोको पायलट ने सतर्कता दिखाई। उसके बयान के आधार पर आरपीएफ ने छिवकी थाने में अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना स्थल की फोटोग्राफी गई गई है। रेलवे टीम जांच कर रही है।

आधी रात भीरपुरसे मेजा तक चला सर्च आपरेशन

राजधानी एक्सप्रेसके गुजरने पर आई आवाज को लोको पायलट ने सुना और तुरंत को कंट्रोल रूमको सूचना दी। आरपीएफ के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार ने घटनास्थल (७९४/२०-१८ किलोमीटर) पर जाकर मौका मुआवना किया। इसके बाद भीरपुरसे मेजा रेलवे ट्रैक तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि इस दौरान आरपीएफ को कोई भी संदिग्ध व्यक्ति वहां नजर नहीं आया। रातमें १२:३७ मिनटसे १२:४७ बजे तक राजधानी वहीं रेलवे ट्रैकपर खड़ी रही। ऑन ड्यूटी भीरपुर स्टेशन मास्टर और रेल पथ निरीक्षकने भी कह दिया कि वहां भी ट्रैकपर कोई संदिग्ध वस्तु नहीं है तब अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद राजधानी को रवाना किया गया। आरपीएफ ने अपनी जांच रिपोर्टमें माना है कि ये कोई आपराधिक मामला नहीं है। आखिर में रेलवे ट्रैक पर शरारत करने वाले के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा १५३ एवं १४७ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

मारपीट कर विवाहिताको घरसे निकाला, मुकदमा

एक विवाहिता को बच्चे छीनकर मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने महिला थाने में पति सहित अन्य ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज करायी है। मेजा थाना क्षेत्र निवासी सभ्या कुमारी ने महिला थाने में एफआईआर दर्ज करायी है कि उसकी शादी वर्ष २०१४ में अमरजीत उर्फ दुर्गा के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से उसका पति, देवर, श्वसुर, सास कम दहेज मिलने का उलाहना देकर प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता के दो बच्चे हैं। उसका पति आर्केस्ट्रा चलाता है तथा उसीमें नाचने गाने वाली एक लड़की से उसका अवैध संबंध है। विरोध करने पर प्रताड़ित करता है और दूसरी शादी करने की धमकी दी है। वर्ष २०२४ में पीड़िता मायके चली गयी थी। पीड़िता ने शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई काररवाई नहीं हुई। इसके बाद डीसीपी के आदेश पर परिवार परामर्श केन्द्र में समझाने बुझाने के बाद पीड़िता ससुराल गयी। आरोप है कि दहेज के लिए पीड़ितासे मारपीट की गयी तथा बच्चोंको छीनकर घरसे निकाल दिया गया। अब पीड़िता मायकेमें रह रही है।

चोरीकी बाइकके साथ युवक गिरफ्तार

धूमनगंज पुलिसने चोरीकी बाइकके साथ एक युवकको गिरफ्तारकर लिया है। गिरफ्तार आरोपित टिंकू भारतीय उर्फ अंकित भारतीय निवासी पटपर धूमनगंज है। धूमनगंज थाना प्रभारी अमरनाथ रायने बताया कि पुलिस टीम ने गश्तके दौरान आरोपितको नंदी चौराहा सीआईएसएफ हेडक्वार्टरके पास वाली गलीके पाससे पकड़ लिया। उसके पाससे चोरीकी बाइक बरामद की गयी है।

उच्च न्यायालयमें नवनिर्मित अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवनका उद्घाटन आज

उच्चतम न्यायालयके मुख्य न्यायमूर्ति एवं यूपी के मुख्यमंत्री होंगे शामिल, अधिवक्ताओंने लिए दिशा-निर्देश जारी

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नव निर्मित अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल

होने वाले अधिवक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि ३१ मई को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी कार्यक्रम में आना प्रस्तावित है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार प्रोटोकाल आशीष कुमार श्रीवास्तव की ओर जारी पत्र में बताया गया है अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवन का भव्य उद्घाटन समारोह ३१ मई शनिवार को अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवन में होगा। अधिवक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि पूर्वान्ह दस बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें। सुरक्षा के दृष्टिकोण से अधिवक्तागण अपने साथ अपना पहचान पत्र आवश्यक रूप से ले आयें। इसके अतिरिक्त कोई भी बैग, कागजात आदि सामान लाना निषिद्ध रहेगा। समारोह की गरिमा बनाये रखने के लिए विद्वान अधिवक्तागण से निवेदन किया गया है कि वे औपचारिक वेष-भूषा में ही समारोह में शामिल हों। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मोबाइल फोन को साइलेन्ट मोड पर रखें एवं समारोह में शांति बनाये रखें। भवन के उद्घाटन के पश्चात माह जुलाई-२०२५ में चैम्बर के आवण्टन की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शी तरीके से चैम्बर आवण्टन हेतु विकसित किये गये वेब पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रारम्भ की जायेगी। चार पहिया वाहनों से आने वाले अधिवक्तागण गेट संख्या-७ बी से अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवन के भूमिगत तल पर स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल में वाहन खड़ा करके प्रवेश द्वार के समीप स्थित लिफ्ट लाबी से आयोजन स्थल पर पहुंच सकेंगे। इसी क्रम में दो पहिया वाहन से आने वाले अधिवक्तागण गेट संख्या-७ सी से अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवन के भूमिगत तल पर स्थित निर्धारित पार्किंग स्थल में वाहन खड़ा करके प्रवेश द्वार के समीप स्थित लिफ्ट लाबी से आयोजन स्थल पर आयेंगे। भवन के १२ वें तल पर स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल में बैठने की सीमित व्यवस्था होने के कारण प्रवेश न मिलने की स्थिति में आगन्तुक अधिवक्तागण की सुविधा हेतु भवन के छठें तल पर स्थित एक विशाल वातानुकूलित हाल में भी आयोजन के सजीव प्रसारण की व्यवस्था की गयी है। छठें तल पर ही अधिवक्ताओं के लिए कार्यक्रम के दौरान अल्पाहर एवं कार्यक्रम के बाद भोजन की व्यवस्था भी की गयी है। मध्यान्ह भोजन के बाद अधिवक्तागण लिफ्ट लाबी से भूतल पर पहुंचेंगे और अपने गंतव्य की ओर रवाना होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज साढ़े तीन घण्टे रहेंगे नगरमें

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ३१ मई, शनिवार को पूर्वाहन ९.५५ बजे प्रयागराज आयेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब साढ़े तीन घण्टे तक नगर में रहेंगे।इलाहाबाद उच्च न्यायालय में नवनिर्मित अधिवक्ता चैम्बर्स एवं पार्किंग भवन के उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ से राजकीय विमान द्वारा पूर्वान्हि ९.५५ बजे नगर में आयेंगे और हाईकोर्ट में आयोजित कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अपरान्ह एक बजकर ३० मिनट पर लखनऊ के लिए रवाना हो जायेंगे।

टूट रहे महाकुंभमें स्थापित किये गये महाराजा बेन्च

महाकुंभ में नगर की शोभा बढ़ाने के लिए सड़कों के किनारे लोगों को बैठने के लिए स्थापित किये महाराजा बेन्च रखरखाव के अभाव में अब टूट रह हैं। इस ओर पीडीए ध्यान नहीं दे रहा। दरअसल महाकुंभ में नगर के सजाने एवं संवारने के लिए करोड़ों रुपये का बजट दिया गया था। पीडीए ने सभी चौराहों के अलावा पार्कों को सुसज्जित किया। इसके साथ ही नगर की सड़कों की दोनों ओर महाराजा बेन्च भी स्थापित किये। महाकुंभ के बाद अब बेन्च टूट रहा है, जबकि यह निर्देश दिया गया था कि इसका रखरखाव भी पीडीए करेगा।

विद्युत घर्षणसे बिजली खम्भेमें लगी आग, केबिल क्षतिग्रस्त

नगर के अलोपीबाग स्थित गीता निकेतन के करीब शाम को एक बिजली के खम्भे में विद्युत घर्षण के चलते आग लग गयी। इससे इलाके को बिजली आपूर्ति करने वाले केबिल भी आग में जलकर क्षतिग्रस्त हो गयी। लोगों ने खम्भे पर आग लगने की सूचना विद्युत उपकेन्द्र पर दिया। जिसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इलाके की बिजली आपूर्ति ठप कर मौके पर पहुंच कर आग बुझायी। लेकिन तब तक पोल और केबिल जल गयी। इससे आस पास के दर्जनों मोहल्लों में बिजली पानी का संकट बन गया। बिना बिजली के इलाके के ट्यूबवेल भी नहीं चल सके।

देर रात तक बिजली कर्मचारी मरम्मत का कार्य कर इलाके की बिजली आपूर्ति बहाल करने की कोशिश में जुटे रहे हैं। इधर बिजली लाइन से जुड़े फीडर के बंद होने से सैकड़ों घरों के लोगों को गर्मी में बिजली संकट से परेशान होना पड़ा। इधर तापमान बढ़ने और उमस भरी गर्मी से बचने के लिए लोगों ने घरों में एसी, कूलर और पंखों का प्रयोग बढ़ा दिया है। इससे इलाके के बिजली आपूर्ति करने वाले ट्रान्सफार्मरों एवं केबिल पर लोड का दबाव बना हुआ है। आये दिन ट्रान्सफार्मरों की पेटी फ्यूज एवं केबिल फुंने से बिजली संकट बन रहा है। इसके अलावा अल्लापुर, रामबाग, टैगोर टाउन, तेलियरगंज, गऊघाट, करेली एवं करेला बाग, बमरौली में मरम्मत कार्य के चलते बिजली के आने जाने का क्रम चलता रहा है। दर्जनों मोहल्लों में सुबह से शाम तक मरम्मत कार्य के चलते दर्जनों मोहल्लों में बिजली गायब रही है। लोग घंटों परेशान रहे हैं। लोकल केबिल फाल्ट की संख्या बढ़ने से सुबह और शाम को बिजली के आने जाने का क्रम चल रहा है। वहीं अब सुबह और देर रात को लोड का दबाव बढ़ने पर ट्रान्सफार्मरों के पेटी फ्यूज फुंकने से बिजली का व्यवधान बन रहा है।

गुरु अर्जुन देवके शहादत दिवसपर श्रद्धालुओं ने शरबत-चनेका वितरणकर दी श्रद्धांजलि

सिख धर्म के पंचम गुरु, साहिब गुरू अर्जुन देव के शहीद दिवस पर नगर में श्रद्धा और सेवा का माहौल रहा। श्रद्धालुओंने जगह-जगह मीठे शरबत और चने का वितरण किया। गुरुद्वारों में विशेष दीवान सजाए गये। कीर्तन, अरदास और कथा के माध्यमसे संगत ने गुरुजी को याद किया। अलोपीबाग गुरुद्वारा संगत में प्रात: काल से वाहेगुरु, वाहेगुरु के जप तप से शहीदों के सरताज, शांति के पुंज, अहिंसा के महान पुजारी, ब्रह्मज्ञानी पांचवे गुरु साहिब गुरु अर्जुन देव साहेब महाराज का पावन शहीदी दिवस श्रद्धा से मनाया गया। गुरुद्वारा प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि पांचवे गुरु महाराज ने साहिब गुरु नानक देव महाराज जी के द्वारा लाए गए अनेक भक्तों, संतो, फकीरों की वाणी को एकत्र कर 'साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी' की संपादना कर गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज करने का कार्य शुरू किया। ऐसे महान रक्षक साहिब गुरु अर्जुन देव महाराज के पावन शहीदी दिवस के अवसर पर कोटि-कोटि प्रणाम करते हैं। रागी जत्थों द्वारा शब्द कीर्तन, गुरु इतिहास, अरदास, हुक्मनामा उपरांत मीठा ठंडे जल सहित गुरु का लंगर अटूट वितरित किया गया। इस मौके पर ज्ञानी जसपाल सिंह, परमिंदर सिंह बंटी, सरदार पतविंदर सिंह, देविंदर पाल सिंह, हरप्रीत सिंह, योगेन्द्र सिंह, सनप्रीत सिंह, मनजीत सिंह, जसवीर सिंह सोढ़ी, गुरुप्रीत सिंह मोहित, जनमीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गगनप्रीत सिंह, नितिन,लकी, कप्तान यादव, दीपक पांडे, रवि यादव, सुरेंद्र कौर, दलजीत कौर, हरमन सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

क्राइम ब्रांचका अधिकारी बताकर युवकसे ऐंठे रुपये

पीएचक्यू के पास बुलाकर आरोपितने लिये रुपये, जांचमें नाम हटानेके नामपर मांगे थे ५० हजार रुपये

क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर एक जालसाज ने मुट्ठीगंज के एक युवक से दस हजार रुपये ऐंठ लिया। आश्चर्य की बात यह रही कि उसने यह रुपये पीएचक्यू के पास लिए। ४० हजार रुपये और लेने के लिए उसने कमिश्नर कार्यालय के बाहर बुलाया। युवक पहुंचा और बातचीत में उसे संदेह हुआ तो उसने अपने स्वजन को जानकारी दी। घरवाले पहुंचे और फिर उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। मामले में सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मुट्ठीगंज के महावीरन गली में रहने वाले अनिल मिश्र के मोबाइल पर २७ मई को फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताते हुए बोला कि तुम्हारी विवेचना मेरे पास है। आकर मुझसे मिलो। उसने पीएचक्यू के पास बुलाया। वहां पहुंचकर उससे मिला तो उसने बताया कि वह स्पेशल विंग में है। वह दिव्यांग था, इसलिए अनिल ने उससे इस बारे में पूछा, जिस पर वह बोला कि स्पेशल विंग में उसके तरह के ही सभी लोगों को रखा गया है। बोला कि ५० हजार रुपये दे दो, तुम्हारे खिलाफ जो जांच चल रही है, उसे हटवा दूंगा। डर के मारे उसे दस हजार रुपये दे दिया। २५ मई को उसने फिर फोन किया। बोला कि कमिश्नर के कार्यालय के बाहर आकर मिलो।

वह वहां पहुंचा और फोन लगाया तो इंतजार करने को बात कही। कुछ देर बाद वह आया और चंद कदम दूर ले जाकर बोला कि रुपये लाए हो, कमिश्नर साहब को देने हैं। उसकी बातों पर अनिल को संदेह हो गया और उसने फोन कर अपने घरवालों को इसकी जानकारी दी। घरवाले पहुंचे तो जालसाज ने बोला कि आज उसे कुछ काम है, कल आकर मिले। जिस पर उसे पकड़ लिया गया।

पुलिस को सूचना देते हुए उसे सौंप दिया गया। सिविल लाइंस थाने में अनिल मिश्रा ने तहरीर देते हुए जालसाज के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया। इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठकी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनीं पुष्पा श्रीवास्तव

गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशनकी सदस्या और पूर्व अन्तराष्ट्रीय महिला हाकी खिलाड़ी पुष्पा श्रीवास्तवको अखिल भारतीय कायस्थ महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाकी खिलाड़ी पुष्पा श्रीवास्तव रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार से सम्मानित हैं। १९८६ सीओल एशियान गेम्समें भारत की महिला हाकी टीमको मेडल दिलाने वाली और प्रथम इंदिरागांधी अन्तराष्ट्रीय गोल्ड कप मे महिला हाकामें सर्वाधिक स्कोर करने वाली एवं बेस्ट प्लेयर आफ द टूर्नामेंट पुरस्कारसे सम्मानितकी गयीं थी। शुक्रवारको गवर्नमेंट पेंशनर्स उन्हें उक्त पद पर नियुक्त करनेपर उन्हें हार्दिक बधाई दी है। बधाई देने वालोंमें पूर्व मंडालयुक्त आर एस वर्मा, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी एम एच चौधरी, डाक्टर सुधा प्रकाश उपाध्याय, कवियत्री प्रीता बाजपेई, सचिव डाक्टर वीके श्रीवास्तव, डाक्टर पुरुषोत्तम मौर्या, साधु शरण उपाध्याय, वेद प्रकाश, पी सी एल श्रीवास्तव, नवीन कुमार श्रीवास्तव शामिल रहे।

प्रयागराज मण्डलमें परिचारकोंके विरुद्ध चलाया विशेष जांच अभियान

प्रयागराज मण्डल में यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए निरंतर जांच अभियान चलाए जाते हैं। इन अभियानों में गाड़ियों में अनाधिकृत/अनियमित यात्रा, बिना बुक किए/अवैध सामान ले जाने में संलिप्त और सहयोग करने वाले कोच अटेंडेंट एवं ओबीएचएस कर्मचारियों की सघनता से जांच की जाती है। वरिष्ठ मण्डल व्यजिय प्रबंधक कोचिंग हिमांशु शुक्ला के निर्देशानुसार उपमुख्य यातायात प्रबंधक टूंडला के सुपरविजन में बीते १७ मई से २६ मई तक नई दिल्ली-टूंडला के मध्य अनाधिकृत/अनियमित यात्रियों को ले जाने एवं बिना बुक किए/अवैध सामान/वस्तुओं को ले जाने वाले परिचारकों/ओबीएचएस कर्मचारियों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया गया। १० दिन तक चलाए गए इस जांच अभियान में १७०५ यात्रियों को बिना टिकट, अनियमित यात्रा के लिए प्रभारित कर १५,२०,८४० रुपये वसूल किए गये। इस अभियान में नियम विरुद्ध कार्य करने के लिए २३ कोच अटेंडेंट के विरुद्ध कार्रवाई की गयी। यह कोच अटेंडेंट बिना बुक किए गए समान को ले जाने और लोगों से रुपये लेकर उन्हें यात्रा करने में संलिप्त थे। इसके अतिरिक्त ४० से अधिक कोच अटेंडेंट को अनधिकृत यात्रा के लिए प्रभारित कर जुर्माना लगाया गया। खानपान सामग्री बेचने वाले १० से अधिक अनधिकृत वेंडरों को पकड़कर अग्रिम कारवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया गया। ६ से अधिक ओबीएचएस कर्मचारियों को नियम विरुद्ध कार्यों में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध भी कारवाई की गयी। जांच अभियान में ट्रेन नंबर १२३०४ में चेकिंग के दौरान कोच ए १ के अटेंडेंट, दमन कुमार को अवैध रूप से ले जा रहे १७ बोतल विदेशी मदिरा के साथ पकड़ गया और टूंडला स्टेशन पर उतार कर अग्रिम कारवाई के लिए राजकीय रेलवे पुलिस/टुंडला के सुपुर्द कर दिया गया। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग हिमांशु शुक्ला ने बताया कि इस तरह के सघन जांच अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे और नियमविरुद्ध कार्य करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम कारवाई की जाएगी। बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट के साथ यात्रा एवं बिना बुक किए गए समान को ले जाना दंडनीय अपराध है। भारतीय रेलवे के नियम के अनुसार बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जा सकता है या जेल हो सकती है या फिर दोनों हो सकते हैं। प्रयागराज मण्डल, उत्तर मध्य रेलवे अपने सभी सम्मानित रेल यात्रियों से अपील करता है कि असुविधा से बचने और सम्मान के साथ यात्रा करने के लिए उचित और वैध रेल्वे टिकट के साथ यात्रा करें।

हीटवेवसे सुरक्षा, पेयजल एवं शौचालयकी मांगको लेकर सौंपा ज्ञापन

आजाद स्ट्रीट वेन्डर वेलफेयर यूनियन सम्बद्ध हाकर्स ज्वाइन्ट एक्शन कमेटी का प्रतिनिधि मण्डल रवि शंकर द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को उप श्रम आयुक्त राजेश मिश्रा से मिलकर वर्तमान समय में भीषण गर्मी (हीट वेव) के दौरान स्ट्रीट वेन्डरों, गिग वर्कर ओला उबर रेपिडो टैक्सी चालको श्रमिकों को उनके काम के दौरान उनके बचाव की सुरक्षा पीने के पानी शौचालय सहित मुख्य मांगों को लेकर ७ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। रविशंकर द्विवेदी ने बताया कि मांगों में स्ट्रीट वेन्डरों, गिग वर्कर ओला उबर रेपिडो टैक्सी चालको श्रमिकों को पीने के लिए स्वच्छ एवं ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। शौचालयों की समुचित और साफ-सुथरी व्यवस्था की जाए। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए दोपहर १२ बजे से ३ बजे तक श्रमिकों को विश्राम का समय प्रदान किया जाए। सभी मजदूरों के श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सरकारी दस्तावेज शीघ्र बनवाए जाएं। दुर्घटना या आपदा की स्थिति में पीड़ित मजदूरों को त्वरित सरकारी मुआवजा दिया जाए। गठित कमेटी में ५ सदस्य स्ट्रीट वेंडरो गिग वर्कर श्रमिक संगठन से समलित किए जाये और सभी खराब शीतल पेयजल यंत्रों एवं हैंडपंपों की मरम्मत कराई जाए। इसके अलावा प्रशासन से भी अपील की गयी है कि बढ़ते तापमान और मौसम विभाग द्वारा जारी हीट वेव चेतावनी को देखते हुए निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों व अन्य श्रम-आधारित क्षेत्रों में काम कर रहे मजदूरों की सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश ठेकेदारों एवं संस्थानों को तत्काल प्रभाव से जारी किए जाएं। ज्ञापन सौंपने में रवि शंकर द्विवेदी, मुकेश सोनकर, डा.प्रमोद शुक्ला, लव सोनकर, मो.नसीम, मो.अनस आदि मौजूद रहे।

मेडिकल कालेजमें कोरोनाकी जांचके लिए मांगी आर-पीसीआर किट

प्रदेश में बढ़ते कोरोना के मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य महकमा अलर्ट मोड में आ गया है। लगभग ढ़ाई साल के अंतराल के उपरांत मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में कोरोना की जांच जल्द शुरू की जायेगी। जिले में कोरोना के संदिग्ध मरीजों के सैम्पल की जांच मेडिकल कालेज के माइक्रोबायोलाजी विभाग में की जायेगी। विभागाध्यक्ष डाक्टर मोनिका के अनुसार कोरोना की जांच के लिए आवश्यक किट की मांग की गयी है। अभी अस्पताल में आरटी-पीसीआर जांच किट का उपलब्धता नहीं है। विभाग में कोरोना की जांच के लिए सेटअप को तैयार किया जा रहा है। पूर्व में दिसम्बर २२ के पश्चात अब कोरोना के संदिग्ध मरीजों के सैम्पलों की जांच की जायेगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.एके तिवारी का कहना है कि अभी कोविड को लेकर शासन से कोई गाइड लाइन जारी नहीं हुयी है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं चिकित्सकों की एक बैठक भी ली गयी है। जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में कोविड के लिए वार्ड रिजर्व किया जायेगा। गौरतलब है कि स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल को कोविड लेवल ३ का अस्पताल बनाया जा सकता है। यहां के वार्ड नम्बर सात को कोविड मरीजों के लिए रिजर्व किया जा सकता है। यहां केवल गंभीर कोविड मरीजों का ही इलाज हो सकेगा। दूसरी ओर पूर्व की तरह ही तेज बहादुर सप्रू अस्पताल यानी बेली को कोविड लेवल टू का हास्पिटल बनाया जा सकता है। इस अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होती है। लिहाजा तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

राज्य विश्वविद्यालयके वैल्यू एडेड पाठ्यक्रमोंमें प्रवेश ३१ जून तक

प्रो.राजेन्द्र सिंह रज्जू भय्या राज्य विश्वविद्यालय एवं जुड़े हुए कालेजों में संचालित एकीकृत पाठ्यक्रमों में प्राथमिक चिकित्सा एवं भोजन पोषण जैसे सह विषय को अनिवार्य रूप से पढ़ाया जायेगा। राज्य विश्वविद्यालय की ओर से एकीकृत पाठ्यक्रमों में यह बदलाव राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत किया गया है। जिससे छात्रों के समग्र विकास में मदद मिल सकेगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छह प्रकार के वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम को तैयार किया है। आवेदन की अन्तिम तिथि ३१ जून निर्धारित की गयी है। इसमे बीए एलएलबी, बीबीए-एमबीए में प्रवेश परीक्षा के द्वारा छात्रों को कोर्स में प्रवेश मिल सकेगा वहीं बीए-एमए, बीएससी-एमएससी एवं बीकाम-एमकाम इंटीग्रेटेड कोर्स में मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा। इस क्रम में बीएएलएलबी (विधि पांचवर्षीय), इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन आर्ट बीए (आईपीए बीए एम), इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन साइंस बीएससी (आईपीएस- बीएससी-एमएससी), इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन कामर्स बीकाम (आईपीसी बीकाम-एमकाम), इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट बीबीए-एमबीए कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन किये जा रहे है। छह सेमेस्टर तक एक-एक पाठ्यक्रम को अनिवार्य रुप से पढ़ना होगा। मानवीय मूल्यों सहित पर्यावरण संरक्षणके बारेमें पढ़ाया जायेगा। जिससे छात्रोंको प्राथमिक चिकित्साके बारेमें जानकारी मिल सके। वह आपातकालीन परिस्थियों में मदद कर सके। छह सेमेस्टरका एक एक पाठ्यक्रम में कौन सा पाठ्यक्रम को अनिवार्य रुप से पढ़ता है, इस बाबत विश्वविद्यालय द्वारा दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है।

गोमाताकी हत्या रोकनेके लिए तैनात होंगे गोरक्षक सचल दल-लालमणि

कीडगंजमें हुई विश्व हिन्दू परिषद गोरक्षाके कार्यकर्ताओंकी बैठक

विश्व हिंदू परिषद, गोरक्षा, प्रयाग विभाग के प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक कीडगंज में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय हुआ कि बकरीद के मौके पर गौमाता की हत्या रोकने के लिए पूरे प्रांत में गौरक्षक सचल दस्ते के कार्यकर्ता टोली बनाकर क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। गौहत्या रोकने का प्रयास करेंगे साथ ही केंद्रीय निर्णय के अनुसार महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन २ जून को जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा के प्रांत मंत्री लाल मणि तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'गाय कोई साधारण पशु नहीं बल्कि मां है। गौमाता की रक्षा के लिए स्वयं भगवान को पृथ्वी पर मानव अवतार लेकर आना पड़ा आज वही गौमाता बेसहारा बनकर दर-दर की ठोकरें खा रही हैं। उन्होंने कहाकि भारत में गाय चिंता का विषय है। जबकि विदेशों में गौमाता चिंतन का विषय बन चुकी हैं। साथ ही उन्होंने रोजगारयुक्त नौजवान, कर्ज मुक्त किसान, स्वस्थ भारत व समर्थ भारत की परिकल्पना के साथ गौरक्षा अभियान को तेज करने का आह्वान किया। बैठक में गौशालाओं के निर्माण, जैविक कृषि, किसान सम्मेलन आदि पर जोर दिया गया। बैठक में नवीन, वीरेंद्र जायसवाल, सुशील चतुर्वेदी, विष्णु कांत, अशोक मिश्रा, लवलेश बजरंगी, विनय, विष्णु दुबे आदि उपस्थित रहे।

जटिल आपरेशनसे मरीजका १०.३ किलोग्रामका फाइलेरियल स्क्रोटम निकाला

स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय में एक जटिल सर्जरी की गयी। वर्षोंसे फाइलेरिया से पीड़ित एक मरीज के अत्यधिक बढ़े हुए अंडकोषीय क्षेत्र (फाइलेरियल स्क्रोटम) की शल्य क्रिया करते हुए हटाया गया। मरीज से निकाले गए लसीकाजन्य ऊतक का वजन लगभग १०.३ किलोग्राम था। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के उप प्राचार्य डा.मोहित जैन ने आपरेशन किया तो पता चला कि मरीज के जननांग की आकृति रामसे हॉर्न' जैसी दुर्लभ स्थिति में परिवर्तित हो चुकी थी, जिसे सफलतापूर्वक पुनर्निर्मित किया गया। यह चिकित्सा विज्ञान की दृष्टि से एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण सर्जरी थी। मरीज की शारीरिक स्थिति के साथ-साथ मानसिक पीड़ा को देखते हुए हमारी टीम ने संवेदनशीलता और तकनीकी दक्षता से केस को संभाला। अब मरीज एक सामान्य और सम्मानजनक जीवन की ओर लौट सकेगा। इस आपरेशन में डा.विनायक सिद्धार्थ, डा.यशार्थ शर्मा, डा.शिवम मित्तल शामिल रहे।

एनेस्थीसिया टीम में सहायक आचार्य डा.अनामिका पांडे ने किया। चिकित्सकों के अनुसार इस प्रकार का फाइलेरियल स्क्रोटल एलीफैन्टायसिस एक दुर्लभ लेकिन गंभीर अवस्था है, जो आमतौर पर उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में लंबे समय तक अनुपचारित फाइलेरिया के कारण उत्पन्न होती है।

भाषादोषके लिए केवल समाचारपत्र ही नहीं अपितु अनेक पत्रिकाएं और सोशल मीडिया भी उत्तरदायी -जया केतकी

'सर्जनपीठ' के तत्त्वावधान मे हिन्दीपत्रकारिता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राष्ट्रीय आन्तर्जालिक बौद्धिक परिसंवाद का आयोजन किया गया। जिसमे देश के अनेक वर्ग के प्रबुद्धजन ने सहभागिता की।

इस मौके पर मप्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की मासिक पत्रिका 'अक्षरा' की सम्पादिका जया केतकी ने कहा कि भाषादोष के लिए केवल समाचारपत्र ही नहीं अपितु अनेक पत्रिकाएं और सोशल मीडिया उत्तरदायी हैं। आयोजक, भाषाविज्ञानी आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पाण्डेय ने कहा हिन्दी-पत्रकारिता देश की विविधता और संस्कृति को प्रतिबिम्बित करती है। उन्होंने आगे कहा कि अभाव तो हर क्षेत्र मे है, पर जो जनमत बनाने का जरिया है, आज उसे ठोस करने की जरुरत है। यदि देश के समस्त पत्रकारीय प्रतिष्ठान एक सकारात्मक उद्देश्य-विशेष को ध्यान मे रखते हुए ३० मई को पत्रकारीय कर्मशाला दिवस को आयोजित करते तो एक स्वस्थ परम्परा का प्रारम्भ माना जा सकता है। आकाशवाणी इलाहाबाद की कलाकार वन्दना राठौर, लखनऊ के विनायक राजहंस एवं हरदोई के डा. राघवेन्द्रकुमार त्रिपाठी ने भी अपने विचार साझा किया।

१६९ केन्द्रोंपर मुक्त विश्वविद्यालयकी परीक्षाएं आजसे

उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की सत्र जून २५ की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो रही है। यह परीक्षा प्रदेश के कुल १६९ केंद्रों पर प्रारंभ हो रही हैं। इन परीक्षा केन्द्रों में ६ जिला एवं केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। परीक्षा में लगभग ७२ हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षाएं २५ जून तक संचालित की जाएंगी। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए वेबसाइट पर समय सारणी अपलोड की गई है। प्रमाण पत्र तथा डिप्लोमा की परीक्षाएं ३१ मई से २४ जून तक, स्नातक की परीक्षाएं ३१ मई से २५ जून तक तथा परास्नातक की परीक्षाएं ६ जून से २५ जून तक २ पालियों में प्रात दस बजे से अपरान्ह एक बजे तक दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित की जाएंगी। सभी विषयों के परीक्षार्थियोंके प्रवेश पत्र आनलाइन कर दिए गए हैं। परीक्षा केंद्र निर्धारण समिति ने मानकों के अनुपालन में विचारोपरांत संपूर्ण उत्तर प्रदेश में १६९ परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया है। सबसे अधिक २७ परीक्षा केंद्र प्रयागराज क्षेत्र में बनाए गए हैं। गोरखपुर रीजन में २६, वाराणसी में २५, अयोध्या में २०, लखनऊ में १६, आजमगढ़ में १३, कानपुर में ११, आगरा में १०, झांसी में ८, मेरठ में ६, गाजियाबाद में ४ तथा बरेली में ३ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश में ६ जिला एवं केंद्रीय कारागारों नैनी मेंन्द्र बने है। जनसंपर्क अधिकारी डा.प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में क्षेत्रीय केंद्र वार सहायता पटल स्थापित किया गया है।

दो जूनको जमीनका दिया जायेगा एडवांस-मुरारी लाल अग्रवाल

मुरारी लाल अग्रवाल एवं डा.नीरज अग्रवाल की ओर से स्टेनली रोड स्थित इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार को पारिवारिक मिलन और मतदान ट्रेनिंग का आयोजन किया गया।

टीम मुरारी लाल अग्रवाल की ओर से अध्यक्ष पद के लिए लड़ रहे मुरारी लाल अग्रवाल ने सभागार में मौजूद सदस्यों के सामने घोषणा की प्रयागराज शहर के मध्य १००० गज भूमि का चयन कर लिया गया है। चुनाव के पश्चात जो भी पदाधिकारी चुनाव जीत कर आते हैं उनको २ जून को वह जमीन दिखा दी जाएगी और सभी की सहमति होने पर अग्रवाल बंधुओं के सहयोग से तुरंत उसका एडवांस कर दिया जाएगा साथ ही पहले शुभ मुहूर्त में शिलान्यास और भूमि पूजन का कार्यक्रम भी किया जायेगा।

बस स्टेशनके सामनेसे डग्गामार वाहनोंको खदेड़ा

रोक न लगनेपर कर्मचारियोंने जतायी नाराजगी

शुक्रवार की सुबह सिविल लाइंस बस अड्डेके सामनेसे डग्गामार बसों और टैक्सियोंमें सवारी बैठाने को लेकर उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम कर्मियोंकी जमकर झड़प हुई। डग्गामार बस संचालकसे परिवहन निगमके कर्मियोंने बसोंको हटाते हुए खदेड़ना शुरू किया। परिवहन निगम कर्मियोंके मुताबिक सिविल लाइन बस स्टेशनके सामने कई प्राइवेट डग्गामार वाहन एंव कार- टैक्सी लगाकर वाराणसी, जौनपुर, शाहगंज, बदलापुर, टांडा प्रतापगढ, सुल्तानपुर, लालगोपालगंज एवं कुण्डा के लिए प्राइवेट हांकर खड़ी वाहनो मे चिल्ला चिल्लाकर सवारी बैठा रही थे। जिसे सिविल लाइंस टीम द्वारा बलपूर्वक भगाया गया। कर्मचारियों ने आये दिन अभियान चलाकर कारवाई करने के बावजूद रोक न न लगने पर नाराजगी जतायी। कहा कि डगगामार के खिलाफ निगम के कर्मचारियों मे कोई रूचि नही दिखाई देती है। जिस दिन सिर्फ १०० कर्मचारी एकत्र होकर रूचि लेकर थाना सिविल एंव आरटीओ दफ्तर पर धरना-प्रदर्शन कर देंगे। उसी दिन से सिविल लाइन बस स्टेशन के सामने व अगल-बगल से डगगामार वाहनो एंव कार टैक्सीका सम्पूर्ण संचालन बन्द हो जायेगा। कर्मचारियों अधिकारियोंका सम्पूर्ण सहयोग न मिलनेके कारण मुठ्ठी भर डगगामार मोटर माफिया परिवहन निगम पर हावी है, जो चिन्ता का विषय है।

पूर्व महापौरने सराफा कारोबारीके परिवार को सौंपा २.४० लाखका चेक

वर्ष २०२१ में हुई थी सराफा कारोबारी अशोक अग्रवालकी हत्या

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के वादे के पूरा करते हुए प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने गुरूवार की देर शाम अपने पुत्र नमन गुप्ता के साथ मऊरानीपुर के सर्राफा कारोबारी स्व. अशोक अग्रवाल के घर जाकर उनकी पत्नी नीलम अग्रवाल को नन्दी सेवा संस्थान की ओर से दस-दस हजार रूपए के २४ चेक दिए। परिवारजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना। साथ ही हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया। १३ जून २०२१ को मामूली विवाद में मऊरानीपुर के सर्राफा कारोबारी अशोक अग्रवाल की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सर्राफा कारोबारी की पत्नी को आजीवन १० हजार रूपए आर्थिक सहायता दिए जाने एवं बिटिया की शादी में एक लाख रूपए दिए जाने का वादा किया था। इस अवसर पर प्रो. मनोज कुमार गुप्ता, डा. अनूप गुप्ता, सीताराम बिलैया, नरेंद्र दमेले, गोपालदास दमेले, भगवानदास सेठ, राधारमण कथिल, मनीष बिलैया, अमित अग्रवाल, नमन अग्रवाल, गीता अग्रवाल, साधना अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, अनुपम चौबे, संजू सोनी, कुलदीप पटौरिया आदि उपस्थित रहे।

जोन छहमें अवैध निर्माण किया सील

पीडीए के संयुक्त सचिव एवं जोनल अधिकारी अजय कुमार के नेतृत्व में शुक्रवारको जोन छह के उपजोन ६ ए में अवैध निर्माण के खिलाफ सीलबंदी की कारवाईकी गयी। जोनल अधिकारी के अनुसार नवजीवन हास्पिटल के सामने पश्चिम की ओर लखनऊ रोड फाफामऊमें संजय तिवारी एवं अन्यके द्वारा किये गये अवैध निर्माणको सील किया गया। कारवाई में अवर अभियंता महेश कुमार शुक्ला एवं पीडीए प्रवर्तन टीम आदि मौजूद रहे।

मोक्षदायिनीके तटपर खूब लगे जयकारे

गंगा महोत्सवमें नितेशके भजनोंपर झूमे श्रोता

गंगा अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर्व पर १० दिवसीय महोत्सव के चौथे दिन हरिहर गंगा आरती समिति के महासचिव अवधेश चन्द्र गुप्त की अगुवाई में रामघाट पर गंगा मैया के जयकारों एवं शंखनाद के बीच विधि-विधान से महंत यमुनापुरी महाराज ने गंगा पूजन और आरती उतारी गयी। इस मौके पर महंत श्रीमहानिर्वाणी अखाड़ा एवं प्रबंधक मां अलोप शंकरी मंदिर के महंत यमुनापुरी महाराज ने मां गंगा की महिमा का बखान किया। साथ ही स्वच्छता संकल्प अभियान के अंतर्गत किए जा रहे हरिहर आरती समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। महाराज जी ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति सभी संस्कृतियों से महान है। वहीं जय त्रिवेणी जय प्रयाग आरती समिति के अध्यक्ष की देखदेख में बटुक ब्राह्मणों ने मां गंगा की महाआरती की। मुख्य यजमान पूर्व महापौर अभिलाषा नंदी, प्रमोद बंसल, प्रीती मालवीया, सीमा मिश्रा, विनीता पटेल के मां गंगा की पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। हरिहर गंगा आरती के बाद भजन संध्या में नितेश गौतम एंड पार्टी की ओर से मेरी मां बताती है गंगा मेरी माता है, गंगा तेरा पानी अमृत, हे गंगे मेरी रक्षा करों आदि भजनों से सबकों मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने गंगा महोत्सव में लोगों के साथ मानव श्रृंखला बनाकर गंगा को निर्मल बनाने का संकल्प लिया। संयोजक अवधेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि रविवार ३१ मई शाम ६ बजे महोत्सव में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की गरिमामई उपस्थित होगी। उप मुख्यमंत्री समाज के अनेक क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए उन लोगों को सम्मानित करेंगे। इस मौके पर प्रमुख रूप से संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चंद्रा, उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, लाल जी यादव, नीरज,गोलू, पंकज बिंद, आशीष, विनोद पांडे, विशाल ढोलकिया, मनोज पांडे, पंडित रेनू मिश्रा, शैलेंद्र शुक्ला ,अजय अज्जू, कोषाध्यक्ष संजय कुमार,दिव्यांश श्रीवास्तव, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन डा. आभा मधुर श्रीवास्तव ने किया।

बसपा की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक चार जूनको

बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में संघटन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने और रीति नीति पर विशेष विमर्श हेतु प्रयागराज मण्डल की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक आगामी चार जून, बुधवार को पूर्वान्ह ११ बजे से टी आर रिजार्ट गेस्ट हाउस अन्दावां में होगी। बैठक में मुख्य अतिथि घनश्याम चंद्र खरवार पूर्व सांसद, मुख्य मण्डल प्रभारी प्रयागराज मण्डल, शमसुद्दीन राईन मुख्य मण्डल प्रभारी प्रयागराज मण्डल एवं राजू गौतम मुख्य मण्डल प्रभारी प्रयागराज मण्डल होंगे। बसपा जिलाध्यक्ष पंकज गौतम ने बताया है कि इस बैठक में सभी जिला प्रभारीगण, जिला कमेटी, भाईचारा जिला संयोजकगण, बी.वी.एफ. संयोजक जिला एवं विधानसभा, बामसेफ संयोजक जिला एवं विधानसभा, सभी विधानसभा प्रभारीगण, सभी विधानसभा अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पूर्व पदाधिकारी, जिम्मेदार कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल होंगे।

एमडीआई में नेत्रहीनोंको मिली नेत्र ज्योति

मनोहर दास क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में दो नेत्रहीनों की आंख का आपरेशन कर कार्निया प्रत्यारोपित किया गया। सुलेमसराय जयंतीपुर निवासी श्याम मोहन गुप्ता द्वारा एमडीआई अस्पताल को सूचना दी गयी कि उनके पिता मंगल सेन गुप्ता(९१) का निधन हो गया है। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही मृत्यु के पश्चात नेत्रदान का संकल्प लिया था। सूचना के उपरांत अस्पताल की चिकित्सीय टीम निधन स्थल पर पहुंची। कार्निया प्राप्त कर जरूरतमंद नेत्रहीनों को बुलाया गया। उनका वैज्ञानिक परीक्षण करके शुक्रवार को आपरेशन कर नेत्र ज्योति प्रदान की गयी। ये नेत्रहीन अब इस संसार को देख रहे है। यह आपरेशन डा.एसपी सिंह, डा.आरती सिंह, डा.जितेन्द्र सिंह ने किया।

अग्रसेन भवनका निर्माण प्राथमिकता-पीयूष रंजन अग्रवाल

अग्रवाल समाजके लिए १.०१ करोड़की घोषणा, नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा और सदस्यता अभियान सहित दस सूत्रीय संकल्प किया जारी

प्रयागराज में अग्रवाल समाज का चुनाव १ जून को होगा। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पीयूष रंजन अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में समाजके विकास और एकजुटताक को केन्द्र में रखते हुए अपना दस सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया। उन्होंने समाज भवन निर्माण के लिए एक करोड़ एक लाख रूपयें की अग्रिम धनराशि देने की घोषणा की। पीयूष रंजन ने कहा कि समाज को एकजुट और सशक्त बनाने के लिए स्थायी अग्रसेन भवन का निर्माण प्राथमिकता है। भवन निर्माण के लिए भूमि खरीदने के लिए टीम ने आर्थिक सहयोग शुरू कर दिया है।पीयूष रंजन ने कहा कि समाज को एकजुट और सशक्त बनाने के लिए स्थायी अग्रसेन भवन का निर्माण प्राथमिकता है। संकल्प पत्र में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह, सामुदायिक भवन निर्माण और मेधावी छात्र सम्मान शामिल है। अग्रोहा धाम यात्रा, नि:शुल्क एंबुलेंस सेवा और सदस्यता अभियान भी प्रमुख कार्यक्रम हैं। डिजिटल समाज पहल, समाज स्मारिका प्रकाशन, युवा शक्ति पुरस्कार और सामूहिक विवाह की योजना भी बनाई गयी है। महामंत्री पद के प्रत्याशी अभिषेक मित्तल ने स्पष्ट किया कि मतदान का अधिकार आजीवन सदस्यों और संरक्षकों का होगा। कोषाध्यक्ष प्रत्याशी मनीष गोयल ने बताया कि सीए डा. एनसी अग्रवाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रत्याशी मनोज अग्रवाल ने समाज की एकता पर जोर दिया। निवर्तमान महामंत्री विपुल मित्तल ने विपक्षपर निजी स्वार्थकी राजनीति का आरोप लगाया। अग्रवाल महिला मंडल की ओर से सलोनी अग्रवाल और युवा मंडल अध्यक्ष अनुज अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा किया और टीम पियूष के विजन का समर्थन किया।

रेलवे चलायेगा एक जोड़ी ग्रीष्मकालीन ट्रेन

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर ०९४५७/०९४५८ साबरमती-पटना-साबरमती ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशीकांत त्रिपाठी के अनुसार ट्रेन नंबर ०९४५७/०९४५८ साबरमती-पटना-साबरमती (साप्ताहिक) स्पेशल ट्रेन साप्ताहिक साबरमती से बुधवार एवं पटना से शुक्रवार को चलेगी। इस ट्रेन में स्लीपर-१८, सामान्य-२, एसएलआरडी-२ कोच होंगे। साबरमती से यह ट्रेन जून की ०४, ११, १८, २५(०४) तारीख एवं पटना से ०६, १३, २०, २७(०४) तारीख को चलेगी।

एक जोड़ी स्पेशल ट्रेनके संचालन अवधिमें विस्तार

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशीकांत त्रिपाठी के अनुसार ट्रेन नंबर ०९६२३ उदयपुर सिटी फारबिसगंज साप्ताहिक मंगलवार २७ मई, ०३ जून से २४ जून(०४ फेरे) एवं ट्रेन नंबर ०९६२४ फारबिसगंज उदयपुर सिटा साप्ताहिक गुरुवार २९ मई, ०५ जून से २६ जून(०४ फेरे) तक चलेगी।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।
सम्पादक:शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर: कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-१३ पू.सं. (१०८५५)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५
दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४
E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।

कार, ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

अचानक कार का दरवाजा खुलने से बाइक सवार हुआ था घायल

बारा (प्रयागराज)। बारा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत उमापुर टोल प्लाजा के पास एक वैगन-आर कार, ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में हो गयी। जिसमें कई लोग घायल हो गये। सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची बारा पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा ले गयी, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। जबकि गम्भीर रूप से घायल बाइक सवार को तत्काल इलाज के लिए एसआरएन ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गयी। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बारा की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रही वैगन-आर कार के ड्राइवर द्वारा कार का दरवाजा खोल देने से पीछे से आ रही एक बाइक कार से टकरा गयी जिससे बाइक सवार इन्द्र बहादुर सिंह ६५वर्ष को गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक की टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर जसरा बाजार से बारा की ओर जा ई-रिक्शा में टक्कर हो गयी।

जिसमें ई-रिक्शा चालक राकेश कुमार पुत्र रामाश्रय निवासी गाढ़ा कटरा, थाना शंकरगढ़, अंकुश पुत्र अशोक साहू निवासी मानिकपुर, चित्रकूट, भास्कर कुमार पाल पुत्र रमेश कुमार पाल निवासी इच्छौरा, थाना लालापुर, महेश साहू पुत्र सुरेश साहू निवासी मानिकपुर चित्रकूट के रहने वाले हैं। ये सभी लोग चोटहिल हुए हैं। अन्य लोगों को हल्की फुल्की चोटें लगी हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची बारा पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा ले गयी, जहां इन्द्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम बकुलिहा, रानीगंज, शंकरगढ़ की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रिफर कर दिया। जहां इन्द्र बहादुर की मौत हो गयी मौत के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शटर तोड़कर साठ बोरी धान चोरी कर ले गये चोर

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकफात्मा माधवपुर नयी बाजार निवासी मोहम्मद रफीक पुत्र हफीज उल्ला ग्राम किरांव में भाड़े का कमरा लेकर गेहूं, धान, चावलों को खरीदते और बेचने की दुकान किए हुए हैं। मोहम्मद रफीक के अनुसार शुक्रवार को सुबह वह दुकान गये तो देखा कि दुकान का शटर टूटा था और दुकान के दो कमरों में रखा डेढ सौ बोरी धानों में से साठ बोरी धान जिसकी कीमत लगभग एक लाख होगी चोरी हो गयी है दिनभर पता करने पर मालूम हुआ कि गांव का एक युवक रात में कई दिनों से उनके दुकान का चक्कर लगा रहा था। मोहम्मद रफीक को शंका है कि उक्त युवक ने उनके दुकान में अन्य लोगों से मिलकर चोरी की है। मोहम्मद रफीक ने मऊआइमा थाने में नामजद चोरी की तहरीर दी है।

महिला सशक्तिकरण सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष।

सनातन धर्म की संरक्षिका थी राजमाता अहिल्याबाई होल्कर-राजेश शुक्ला

नगर पंचायत कोरांव में आयोजित हुआ महिला सशक्तिकरण सम्मेलन

कोरांव (प्रयागराज)। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर सच्चे अर्थों में सनातन धर्म की संरक्षिका थी। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए तमाम हिंदू मंदिरों का पुनरुद्धार कराया। आज समूचा देश उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उक्त बातें जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेश शुक्ल ने नगर पंचायत कोरांव में आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही।

मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि अर्पित करने में गौरव की अनुभूत कर रही है। आज पूरे देश में उनकी ३०० वीं जयंती समारोह पूरे भव्यता के साथ मनाया जा रहा है।उनका व्यक्तित्व महिला सशक्तिकरण के क्रम में एक प्रेरक का काम करेगा। इसी क्रम में स्थानीय भाजपा विधायक राजमणि कोल आये हुये सभी महानुभावों का अपने विधानसभा क्षेत्र में अभिनंदन करते हुए कहा की राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व भारतीय समाज को हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए जो कदम उठाए उनका कोई जोड़ नहीं है। मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत कर रही काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय मंत्री वंदना सिंह ने कहा की रानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व से समूचे नारी समाज को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में अपने अदम्य साहस और दृढ़ इच्छा शक्ति से जो कीर्तिमान स्थापित किया उसका कोई सानी नहीं है। **नगर की महिला कर्मियों को किया गया सम्मानित**-महिला सशक्तिकरण सम्मेलन के दौरान नगर पंचायत में कार्य कर रही दर्जनों की संख्या में महिलाओं को सम्मानित किया गया। उनका सम्मान करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्, विधायक राजमणि कोल, मुख्य वक्ता वंदना सिंह तथा नगर अध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी ने कहा कि आज महिलायें किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं है। देश के प्रत्येक क्षेत्र में वे अपनी सेवा प्रदान कर रही है।

हमें देश की बेटियों पर गर्व है। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष नरसिंह कुमार केसरी, वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसीदास राणा, जिला मंत्री पुष्पराज सिंह पटेल, संतरा देवी निषाद, रामकृष्ण केसरी, सविता मिश्रा, हरिकृष्ण पांडेय, देवी सिंह पटेल तथा विष्णु शुक्ल सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सिरसा पंप कैनाल माइनर के पक्कीकरण में हो रही मनमानी

हंडिया (प्रयागराज)। मेजा के पकरी सेवार में स्थित सिरसा पंप कैनाल के सभी मिनारो का पक्कीकरण हो रहा है। जिसमें जिम्मेदार इंजीनियर की अनदेखी की वजह से कैनाल की माइनर पक्का कर रहा ठेकेदार मनमानी कर रहा है। बता दे की नहर की गहराई अधिक हो जाने से नहर में सिंचाई का पानी छोड़े जाने पर किसानों के खेत तक नहीं पहुंच सकेगा। वहीं दूसरी ओर ठिकेदार अपनी जेब भरने के लिए पक्कीकरण में सीमेंट, बालू, गिट्टी भी मानक के विपरित उपयोग कर रहा है, जिससे किसान चिंतित है की यह पक्कीकरण भी ज्यादा दिन तक किसानों का साथ नही देगी। वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों ने पक्कीकरण निर्माण कार्य में प्रयुक्त हो रहे बालू, गिट्टी और पत्थर नहर से सटे सड़क पर रख दिया हैं।

किसानों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

फूलपुर (प्रयागराज)। चार दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसान क्लब करनाल, हरियाणा के ४५ प्रगतिशील कृषकों के साथ किसान क्लब करनाल के प्रधान इलम सिंह ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के विषय कृषि उन्नत तकनीक एवं इफको नैनो उर्वरकों की उपयोगिता के अनुरूप किसानों को नैनो उर्वरकों के प्रयोग एवं महत्त्व संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ डी. के. सिंह प्रधानाचार्य, कोरडेट फूलपुर प्रयागराज ने किसानों को दानेदार यूरिया और डीएपी होने वाले हानिकारक दुष्प्रभाव के बारे में किसानों को अवगत कराया और साथ ही इफको नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के प्रयोग संबंधी पूरी जानकारी दी, जिसमें किसानों को नैनो डीएपी द्वारा ख़रीफ फसलों में बीज शोधन और जड़ शोधन (५ एमएल प्रति किलो बीज या ५ एमएल प्रति लीटर पानी) और खड़ी फ़सल में नैनो यूरिया/डीएपी के साथ सागरिका का २-४ एमएल/प्रति लीटर पानी की दर से छिड़काव करने की बात कही जिससे उत्पादन में काफ़ी अच्छी वृद्धि होती है। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु इफको जैव उर्वरक एवं जैव अपघटक की उपयोगिता एवं प्रयोग के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसान भाइयों से मिट्टी जांच कराने हेतु विशेष आग्रह किया गया कि खरीफ सीजन की बुवाई से पहले मिट्टी जांच अवश्य कराएं और साथ ही पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोरडेट संस्थान से डॉ हरिश्चंद्र, संविता शुक्ला, कमरूजमा, सुमित तेवितया, राजेश सिंह सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

डीआईजी रेलवे ने किया नैनी स्टेशन का निरीक्षण, दिया निर्देश

नैनी (प्रयागराज)। डीआईजी रेलवे एम. सुरेश ने शुक्रवार की दोपहर नैनी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्लेटफार्म पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

इसके बाद प्लेटफार्मो की निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों को देखकर लंबित मुकदमों का तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा पर भी कड़ी नजर रखने को कहा तथा साथ ही प्लेटफार्म पर घूमने वाले संदिग्ध लोगों की जांच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों से रात में भी गस्त करने को कहा।

निरीक्षण के बाद उन्होंने मातहतों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उनके साथ आर.पी.एफ छिवकी इंस्पेक्टर आर.एस कुजूर समेत रेलवे विभाग के कई अधिकारी मौजूद रहे।

सीएचसी नगर पंचायत के सफाई कर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, वितरित किया दवा

बरौत (प्रयागराज)। हंडिया तहसील क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊपरदहा के चिकित्सकों द्वारा नगर पंचायत हंडिया के सफाई कर्मचारी का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरित के साथ साफ सफाई के विषय में जागरूक किया गया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर आशीष शक्ला ने स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान उपस्थित दर्जनों सफाई कर्मियों के परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गयी। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने सफाई कर्मियों को डेंगू, मलेरिया, शुगर, सर्दी, बुखार आदि बीमारियों से बचने के लिए जागरूक भी किया। बचाव के उपाय बताने के साथ बीमार पड़ने पर तत्काल चिकित्सक से मिलने की सलाह दी गयी। उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जहां स्वास्थ्य परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने दवा भी वितरित किया। वहीं स्वास्थ्य जांच के अतिरिक्त डॉक्टर नसीम फातिमा ने आयुष्मान कार्ड एवं सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जन कल्याणकारी योजनाओं जानकारी दिया गया। जहां स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान नगर पंचायत हंडिया के तरफ से सफाई कर्मियों को सेफ्टी किट भी वितरण किया। इस मौके पर डाक्टर आशीष कुमार शुक्ला, डॉक्टर नसीम फातिमा, सुधा सिंह स्टाफ नर्स रामानुज राय सहित तमाम स्वास्थ्य कर्मी सहित तमाम लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

भूदान समिति की कुर्क शुदा जमीन पर दबंगों ने बोला धावा

कोरांव (प्रयागराज)। तहसील क्षेत्र कोरांव अंतर्गत बरनपुर गांव में शुक्रवार सुबह भूदान समिति की कुर्क शुदा जमीन पर गांव के ही कुछ दबंग कब्जा करने की नीयत से नौ ट्रैक्टर लेकर धावा बोल दिया। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी भनक लगी बजरिए ग्राम प्रधान इलाकाई पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के पहुंचते ही जहां कुछ दबंग ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहे, वहीं दो को हिरासत में ले लिया गया। तहसील क्षेत्र कोरांव के बरनपुर गांव की कुल ६३२ बीघा जमीन ४ जनवरी १९५८ को संत विनोबा भावे को दान दी गई थी। दान दिये जाने के बाद गांव के ही १८ गरीबों को भूदान समिति द्वारा ५ बीघे प्रत्येक के हिसाब से परिवारों का गुजर-बसर होता था, वहीं शेष भूखंड का सर्वोदय मंडल द्वारा सामूहिक जुताई बुवाई होती थी। सन २००० में जब उक्त भूखंड पर कुछ दबंगों की दृष्टि पड़ी तब से वह जमीन विवादित हो गई। १७ जून २०१५ को न्यायालय द्वारा उसे कुर्क कर दिया गया था। जमीन के कुर्क होने के बावजूद शुक्रवार सुबह गांव के ही रहने वाले बलराम, विवेकानंद, दयानंद, कपिल तथा राकेश आदि दबंग ट्रैक्टर लेकर उक्त भूखंड पर पहुंच गए और जुताई करने लगे। प्रातः १० बजे के करीब पुलिस पहुंचने तक वे लगभग ५० बीघे जमीन की जुताई कर चुके थे। पुलिस को आता देख जहां और दबंग भागने में कामयाब रहे वहीं पुलिस ने कपिल सहित एक और दबंग को हिरासत में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक कोरांव राकेश वर्मा का कहना है कि कानून और व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जायेगा।

टीसीआई से मोहब्बतगंज की सड़क जर्जर, राहगीर परेशान

नैनी (प्रयागराज) । क्षेत्र के टीसीआई से मोहब्बत गंज की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी जर्जर हो गयी है। जिस पर राहगीरों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। बताया जाता है, कि टी.सी.आई तिराहे से मोहब्बत गंज की तरफ जाने वाली सड़क की दशा काफी खराब हो गयी है। इस पर जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे हो गये हैं । डामर का तो कहीं अता-पता नहीं रह गया है। सड़क के किनारे निकासी की व्यवस्था न होने से लोगों के घरों का पानी सड़कों पर बहता रहता है । सड़क पर के यह गड्ढे धीरे-धीरे खाई के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं।

रानी अहिल्याबाई होल्कर की ३०० वीं जयंती पर नगर पंचायत मऊआइमा में कार्यक्रम आयोजित

नगर पंचायत अध्यक्ष ने रानी अहिल्याबाई होल्कर को महान समाज सेविका बताया

मऊआइमा (प्रयागराज)। नगर पंचायत मऊआइमा में शुक्रवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर के तीन सौ वीं जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी ने रानी अहिल्याबाई होल्कर को महान समाज सेविका एंव मराठा साम्राज्य की प्रेरणादायी शासिका बताये। चेयरमैन शोएब अंसारी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज सेवा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चेयरमैन शोएब अंसारी द्वारा महिला सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया ।

जिसमें रंजना देवी, आशा देवी, गीता देवी, पुष्पा देवी आदि को सेफ्टी किट का भी वितरण किया गया एवं उनके अथक परिश्रम और सेवा भावना को सराहा गया। इस मौके पर नगर पंचायत सदस्य, स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समिति के सदस्य, स्थानीय नागरिक एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

नगर पंचायत कार्यालय में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गयी एवं नगर क्षेत्र में स्थित स्कूलों, धार्मिक स्थानों, चौराहों, नालों, पार्कों आदि में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

आज का मुहूर्त

दिनांक-३१ मई २०२५
सम्वत् - २०८२
ऋतु-ग्रीष्म
माह-ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष
वार -शनिवार
सूर्य उदय-५.१६
अस्त -६.४४
तिथि- पंचमी रात्रि १२.२० तक
राशि- कर्क
योग- वृद्धि दिन में ३.३ तक
नक्षत्र- पुण्य रात्रि १.२० तक
राहुकाल-९ से १०.३० तक
मुहूर्त-पुण्य नक्षत्र भौम एवं चन्द्र से भुक्त होने से कोई मुहूर्त नही है।

झूंसी पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

झूंसी (प्रयागराज) झूसी पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमे में वांछित एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उक्त संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न मुकदमें में वांछित वारंटी अभियुक्त सोनू मिश्रा पुत्र राजदेव मिश्रा निवासी बजहा राजुपुर चक चुरावन थाना झूंसी थाना को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।उक्त गिरफ्तारी चौकी इंचार्ज चमन गंज उपनिरीक्षक कमलेश पटेल एवं उपनिरीक्षक आदित्य भाटी झूंसी थाना द्वारा की गई।

विधायक ने भूमिपूजन कर २० किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की

मऊ (चित्रकूट)। मऊ से परदवां तक बनने वाली २० किलोमीटर सड़क का मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी दिन गुरुवार को भूमिपूजन कर सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की। लगभग तीन दशक पहले कांग्रेस की विधायक सिलादुलारी के जमाने मे बनी सड़क का कहीं अता पता नही था। रोड बिल्कुल से विलुप्त हो चुकी थी। लोगों को गमनागमन मे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लगभग दर्जनों ग्राम पंचायतों का गमनागमन बाधित रहता था। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि यमुना के किनारे स्थित गांव के लोग इलाज कराने के लिए मऊ आते थे। जिसमे उनको काफी दिक्कतों का सामना करना

पड़ता था। अब उनकी परेशानी दूर होगी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता हरकेष बहादुर सिंह, नगर पंचायत मऊ चेयरमैन अमित द्विवेदी, जय भारत द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, अमन सिंह, विष्णु देव त्रिपाठी, वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू बरहा, युवा भाजपा नेता अर्चित शुक्ला सहित सैकड़ों की तादाद में लोग रहे। परदंवा, घुरेहटा, मेड़े लाला का पुरवा, बेनीपुर, पाली, कनभैय, बरियारी कला, पूरब पताई, पश्चिम पताई, पाठक का पुरवा, टिटीहीरिया, बेलहा, डेंगरन का पुरवा, चौगिरिया, गढ़वा, गंजरी, बरहा कोटरा, बरियारी खुर्द, बेलहा, गोली का डेरा, लूसन का पुरवा, कोटरा खांभा, चंदई, मनकुंवार, कुर्मीन का टिकरा, तिलौली, सेसा सुबकरा, सहित दर्जन भर गांव और मजरों को लाभ मिलेगा है। इससे लगभग एक लाख से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा।

इसी रास्ते पर ऐतिहासिक महत्व के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बरियारी कला के हनुमान जी का मंदिर तो ऋषियन स्थित महादेव का पौराणिक स्थल भी है। जहां काफी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु यहां दर्शन करने के लिए आते रहते हैं।

प्रयागराज **आज** शनिवार ३१ मई, २०२५ सौर १८ जेष्ठ सं. २०८२ वि.

सुभाषित अपनी बातोंको हमेशा ध्यानपूर्वक कहें, क्योंकि हम तो कहकर भूल जाते हैं, लेकिन लोग उसे याद रखते हैं। ❐ भर्तृहरि शतक

संकटमें ट्रम्प

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इन दिनों संकटमें फंस गये हैं और उनका यह संकट कम होनेकी बजाय गहराता ही जा रहा है। देश और दुनियामें उनकी लोकप्रियता और विश्वसनीयतामें भी कमी आ गयी है। न्यूयार्क की एक अदालत ने दूसरे देशोंपर लगाये गये टैरिफको गैर कानूनी बताते हुए जहां उसपर रोक लगा दी है वहीं ट्रम्प प्रशासनके शीर्ष सलाहकार पदपर आसीन और ट्रम्पके भरोसेमंद अरबपति उद्यमी एलन मस्कने भी ट्रम्पसे किनारा करते हुए अपना त्यागपत्र दे दिया। ट्रम्प और मस्ककी जोड़ी विश्वमें काफी चर्चित रही और हितोंके टकरावके कारण मस्कको पद त्याग करना पड़ा। राष्ट्रपति चुनावके दौरान ट्रम्प और मस्कमें काफी निकटता थी और २० जनवरीको राष्ट्रपति ट्रम्पने शपथ ग्रहणके बाद मस्कको अपने प्रशासनमें बड़ी जिम्मेदारी सौंपी। इन्हीं जिम्मेदारियोंमें सरकारी खर्चोंमें कटौतीके तहत बड़ी संख्यामें लोगोंको नौकरीसे निकाल दिया गया। मात्र पांच माहके अंदर ही दोनोंके बीच मतभेद काफी बढ़ गया और मस्कने ट्रम्पके बिलोंकी जमकर आलोचना शुरू कर दी। टैरिफका विरोध करनेपर मस्कको ट्रम्प प्रशासनके अन्दर काफी विरोधका भी सामना करना पड़ा। मस्कने त्यागपत्र देकर उचित कदम उठाया है क्योंकि ट्रम्पके टैरिफका पूरी दुनियामें काफी विरोध हो रहा है। प्रकारान्तरसे यह ट्रम्पका 'टैरिफ वार' माना जायगा। अदालतके आदेश से भारत सहित अनेक देशोंको बड़ी राहत मिली है। अदालतका कहना है कि राष्ट्रपति ट्रम्पने आपातकालीन कानूनका गलत इस्तेमाल कर अन्य देशोंपर जवाबी शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाया है। अदालतके फैसलेसे ट्रम्पकी आर्थिक नीतियोंपर बड़ा झटका पहुंचा है। वैसे ट्रम्प प्रशासन ने इस फैसलेके खिलाफ संघीय अदालतमें अपील दाखिल की है। यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक जा सकता है और फैसला आनेके बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। अमेरिका की जनता ट्रम्प प्रशासनके निर्णयोंसे परेशान है और इसके लिए ५०:५०:१ आन्दोलन भी शुरू हो गया है। ट्रम्पके संकटका एक बड़ा कारण उनका बड़बोलापन और अनावश्यक रूपसे दो देशोंके बीच चौधरी बननेकी विकृत मानसिकता भी है। भारत-पाकिस्तानमें टकरावके दौरान ट्रम्पकी भूमिका अनुचित रही और भारतने इसे खारिज भी कर दिया। पिछले दिनों ट्रम्पने रूसके विरुद्ध ऐसा बयान दिया कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने विश्व युद्ध की धमकी भी दे डाली। ट्रम्प यदि अपनी मानसिकता और रवैयेमें बदलाव नहीं करते हैं तो उनका संकट और बढ़ जायगा।

त्वरित न्यायकी मिसाल

आजके मौजूदा दौरमें जहां न्यायालयोंमें मुकदमोंको लम्बे समयतक लटकाये जानेकी प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, वहीं उत्तर प्रदेशमें जौनपुरकी एक अदालतका दुष्कर्मके एक मामले में एक माह दो दिनमें फैसला देना त्वरित न्यायकी मिसाल है। अदालतने साढ़े पांच सालकी बच्चीके साथ दुष्कर्मके आरोपमें पाक्सोकी धाराओंमें गिरफ्तार अभियुक्तको गुरुवारको २५ वर्ष कारावास और ५० हजार रुपये अर्थदंडकी सजा सुनायी और अर्थदंडकी राशि पीड़िताको देनेका आदेश दिया। घृणित कार्यकी यह घटना २७ अप्रैल २०२५ की है जिसकी प्राथमिकी उसी दिन पीड़िता की मां ने थानेमें दर्ज करायी थी। ग्रामीणोंने मौकेसे आरोपीको पकड़कर पुलिसको सौंप दिया और अगले ही दिन २८ अप्रैलको पुलिसने अदालतमें आरोप पत्र दाखिल कर दिया। अपर न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट) उमेश कुमार द्वितीय की अदालतने हर दिन मामलेकी सुनवाई करके मात्र एक माह दो दिनमें आरोपीको दोषी करार देते हुए २९ मई को सजा सुनायी जो त्वरित न्यायका प्रशंसनीय उदाहरण है। यह गम्भीर चिन्ताकी बात है कि जिला अदालतोंमें चार करोड़ से अधिक मुकदमे लम्बित हैं जो त्वरित न्यायकी दिशामें सबसे बड़ी चुनौती है। लोकतंत्रमें न्यायपालिका संविधान की संरक्षक होती है और जिला अदालतें न्यायपालिकाकी रीढ़ है। ऐसी स्थितिमें न्यायपालिकाकी वर्तमान कार्यप्रणालीपर सवाल उठना स्वाभाविक है। मुकदमोंको लम्बे समय तक लटकाये रखनेके पीछे कुछ स्वार्थकी बातें भी शामिल हैं। तारीखपर तारीख लेनेकी संस्कृतिको बढ़ावा देनेमें अधिवक्ताओंकी भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। इस बातपर विशेष ध्यान केन्द्रित करनेकी जरूरत है कि त्वरित न्यायके मार्गमें कौन सी बाधाएं हैं और उनका निराकरण कैसे किया जाय। त्वरित न्यायके महत्वको समझनेकी जरूरत है और इस दिशामें सभी स्तरोंपर प्रयास होना चाहिए।

लोक संवाद

बिहारकी राजनीतिमें भूचाल

महोदय,- तेज प्रतापकी बर्खास्तगीसे लालू प्रसाद यादवके परिवारमें सभी चिन्ताग्रस्त है। तेजस्वीको आरजेडीकी कमान मिल गयी, तभीसे अंतर्कलह चल रहा है। विधानसभा चुनावके पहले तेजप्रतापके पारिवारिक ड्रामा सियासी माहौलको गरमा दिया है। तेजप्रताप और तेजस्वी यादव एक दूसरेसे कटे-कटे रहनेकी खबरे अखबारोंकी सुर्खियोंमें रहती है। तेजप्रतापकी लव स्टोरीका रिमेक्ष अभी बाकी है। यह लालूके परिवारका आंतरिक मामला है, यदि लालूका परिवार राजनीतिसे जुड़ा हुआ नहीं होता तो कोई गिले-शिकवे नहीं थे। लेकिन बिहारमें १९ वर्षतक शासन करनेवाली पार्टी और सीएमके घर एक महिला न्यायके लिए अदालतका दरवाजा खटखटाती है तो अंगुली उठनी स्वाभाविक है। तेज प्रतापने अनुष्का यादवके साथ पुराने प्रेमका खुलासा किया है। लालूने अपने बेटे तेजप्रतापके निष्कासनके बाद बिहारकी राजनीतिमें चर्चा जोरोंपर है। लालूके लिए एक तरफ कुआ तो दूसरी तरफ खाईं परिलक्षित हो रही है। सत्तामें बैठी भाजपा लालूको विधानसभामें घेरती नजर आयगी, क्योंकि नारी अत्याचारके खिलाफ बोलनेवाली पार्टीके मुखियाके घरमें एक महिलाको न्याय नहीं मिल रहा है। पत्नी रहते अन्य युवतीके साथ परिणय सूत्र बंधनकी बात न्यायसंगत नहीं है। लालूको कोर्टमें जवाब भी देना पड़ सकता है। तेजस्वी और तेजप्रतापकी लड़ाई पद और प्रतिष्ठाकी हो सकती है, लेकिन एक महिलाको न्यायके लिए कानूनके खिलाफ है। तेजप्रताप यादव हमेशा अप्रत्याशित विवादोंमें नजर आते हैं। लालू प्रसाद यादव भले ही घृणा और सम्पतिसे बेदखल करनेकी बात दोहराते नजर आ रहे हैं, लेकिन तेजप्रताप विवाहित है और उनका मुकदमा कोर्टमें चल रहा है। तब सवाल उठता है कि एक नारीको कब न्याय मिलेगा। अचानक परिवारसे तेजप्रतापको बाहर निकालनेके पीछे बिहारका विधानसभा चुनावका कारण हो सकता है। लालू घुटे हुए राजनीतिक है। उनको पता है कि चुनावमें भाजपा हथौड़ा मारना नहीं भूलेगी। इसलिए उसके पूर्व तेजप्रतापको घरसे बेदखल करनेकी सोची-समझी चाल है। तेजप्रतापकी गतिविधियां नैतिकतापर चोट करती है। छह वर्षतक पार्टीसे बाहर करनेकी इस घटनाको अहम माना जा रहा है। पार्टियां तेजप्रतापको घेरती नजर आ रही है।**-कांतिलाल मांडोत, वाया ईमेल।**

भारतके प्रति विश्वकी बढ़ती रुचि

हालमें राष्ट्रपति ट्रंपने एप्पलके सीईओको धमकी दी कि कंपनी भारतमें एप्पल फोनका उत्पादन बंद कर दे। इसके बदले एप्पलकी फैक्टरी अमेरिकामें स्थानांतरित करे। इसके बावजूद एप्पलकी सहयोगी कंपनी फॉक्सकॉनने एप्पल आईफोनके उत्पादनके लिए भारतमें १.५ अरब डॉलरके निवेशकी घोषणा की।

❐ **प्रोफेसर अश्वनी महाजन**

राष्ट्रपति ट्रंपने अमेरिकामें आयातित एप्पल फोनपर २५ प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका के बाहर उत्पादित एप्पल फोन पर २५ प्रतिशत टैरिफलगेगा। ऐसा अमेरिकाके बाहर एप्पल फोनके उत्पादनको हतोत्साहित करने के लिए किया गया है। ऐसा लगता है कि कंपनी इस संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपतिकी बात माननेको तैयार नहीं है। इसी तरह अमेरिकाकी टैरिफ घोषणा के बाद यूरोपीय आयोगने भी रक्षा वस्तुओं के उत्पादन में भारत के साथ साझेदारी करने की इच्छा व्यक्त की थीय और स्पष्ट रूप से कहा था कि वे रक्षा वस्तुओं के उत्पादनमें वैश्विक मूल्य श्रृंखलामें भारत को एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखते हैं। ग़ौरतलब है कि दो अप्रैल, २०२५ को अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यालय ने विभिन्न देशों से आने वाले सामानोंपर उच्च टैरिफलगाने की घोषणा की, जिसे वे पारस्परिक टैरिफ कहते हैं। चूंकि विभिन्न देश अमेरिका से आने वाले सामानोंपर अलग-अलग टैरिफलगाते हैं, इसलिए राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी विभिन्न देशोंपर अलग-अलग टैरिफलगाने का विकल्प चुना है। इस संदर्भ मेंए राष्ट्रपति ट्रम्पने भारत पर २७ प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिसका अर्थ है कि भारत से अमेरिकाको निर्यात किए जाने वाले सामानोंपर २७ प्रतिशत टैरिफलगेगा। यह महत्वपूर्ण है कि ट्रम्प ने चीनपर पहले ५४ प्रतिशत टैरिफलगाया था, जबकि वियतनाम पर ४६ प्रतिशत, श्रीलंका पर ४४ प्रतिशत, थाईलैंड पर ३६ प्रतिशत, ताइवान पर ३२ प्रतिशत, दक्षिण अफ्रीका पर ३० प्रतिशत और जापानपर २४ प्रतिशत पारस्परिक टैरिफ लगाया गया। इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन ने धमकी दी कि अगर कोई देश भी अमेरिकासे आयातपर जवाबी कार्यवाही कर टैरिफ बढ़ाता है तो वे भी टैरिफऔर भी बढ़ा देंगे। इस संदर्भमें, चीन की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका से आयात पर टैरिफ बढ़ाने के फैसलेके बाद ट्रम्प प्रशासन ने चीनसे आयातपर उसके बाद १०४ प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया। हालांकि, एक हफ्ते से भी कम समय में, आठ फरवरी को ही राष्ट्रपति ट्रम्प ने अपने कदम वापस ले लिए और पारस्परिक टैरिफको ९० दिनों के लिए रोक दिया और कहा कि अब ७५ देशोंपर मात्र १० प्रतिशत पारस्परिक शुल्क ही लगेगा, लेकिन चूंकि चीन ने जवाबी कार्रवाई की है, ट्रम्प ने उसपर पहले १०४ प्रतिशत और फिर १४५ प्रतिशत और उसके बाद में तो २४५ प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफलगा दिया है। हाल ही में चीन और अमरीका में कुछ सहमति बनने के बाद अमरीका ने चीन पर टैरिफघटाकर ३० प्रतिशत और १० प्रतिशत कर दिया है।

हालांकि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यह तर्क देते हैं कि दूसरे देश अमरीकी सामानों पर ज्यादा टैरिफ लगाते हैं, जबकि अमरीका विदेशों से आने वाले सामानपर कम टैरिफलगाता है। इससे अमरीका को नुकसान होता है, क्योंकि अमरीकी सामान दूसरे देशों में जाकर महंगा हो जाता है, जिससे अमरीकी सामान कम प्रतिस्पर्द्धी हो जाता है। उनका कहना है कि उन्हें अमरीका में उद्योगों को पुन: स्थापित कर अमरीका को पुन: महान बनाना है। लेकिन उनका यह तर्क इसलिए गलत है क्योंकि भारत समेत दूसरे देश अमरीकी सामान पर अधिक टैरिफडब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों के अनुरूप लगाते हैं। उदाहरण के लिए भारत अपने देश आने वाले सामानोंपर ५०.८ प्रतिशत भारित टैरिफ लगाने का अधिकारी है। हालांकि भारत वास्तव में मात्र छह प्रतिशत भारित टैरिफही लगाता है।

भारत समेत अन्य विकासशील देशों को ज्यादा टैरिफ लगाने की अनुमति इसलिए दी गई थी क्योंकि डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों में भारत समेत अन्य विकासशील देशों को मात्रात्मक नियंत्रण लगाने, अपने लघु उद्योगों के संरक्षण करने, कृषि को अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों से अलग रखने, अपना बौद्धिक संपदा एवं विदेशी निवेश को नियमित करने हेतु कानून बनाने की स्वतंत्रता समेत कई अधिकारों से वंचित होना पड़ा था। इसके बदले में उन्हें अमरीका और अन्य विकसित देशों की तुलना में ज्यादा टैरिफलगाने का अधिकार मिला था। ट्रंप द्वारा टैरिफयुद्ध के बाद वह अधिकार भी छिन रहा है। यह भी कहा जा सकता है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा पारस्परिक टैरिफलगाने से डब्ल्यूटीओ में हुए समझौतों को ही नकारा जा रहा है। यह साबित हो चुका है कि बहुपक्षीय समझौते भारत जैसे विकासशील देशों के लिए शुभ नहीं हैं। अब समय आ गया है कि जब अमेरिका जैसे विकसित देश डब्ल्यूटीओ की अवहेलना कर रहे हैं, तो हमें भी डब्ल्यूटीओ में ट्रिप्स समेत अन्य शोषणकारी समझौतों से बाहर आने की रणनीति के बारे में सोचना चाहिए।

ध्यातव्य है कि डब्ल्यूटीओ से पहलेए भारत लगभग १०००० वस्तुओं के आयातों पर मात्रात्मक नियंत्रण (क्यूआर) लगात था, लेकिन डब्ल्यूटीओ समझौतों के कारण वह संभव नहीं रहा। डब्ल्यूटीओ के विघटन के बाद अब मात्रात्मक नियंत्रण लगाना संभव हो सकेगाए जिससे हमें अपने उद्योगों को संरक्षित एवं संवर्धित करना संभव हो सकेगा। पूर्व में रोजगार सृजन के उद्देश्यसे हैं लगभग एक हजार वस्तुओं के उत्पादन को लघु उद्योगोंके लिए आरक्षित रखा गया था लेकिन डब्ल्यूटीओ के अंतर्गत विदेशों से हर प्रकार वस्तु के आयातको अनुमति अनिवार्य हैए लघु उद्योगों के आरक्षण की नीति अप्रभावी हो गई, और यह आरक्षण धीरे धीरे कर समाप्त कर दिया गया। अमरीका की हठधर्मिता के चलते, यदि डब्ल्यूटीओ समाप्त होता है तो ऐसी स्थिति में, हम आरक्षणकी नीतिको फिर से लागू करके अपने छोटे उद्योगोंकी रक्षा और संवर्धन के लिए कुछ ऐसे उत्पादोंको छोटे उद्योगोंके लिए आरक्षित कर, विकेंद्रीकरण और रोजगार सृजनके लिए एक बढ़ा प्रयास कर सकते हैं। अब जबकि राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनिया भरसे आयात पर टैरिफलगा दिया है, तो हमें इस स्थिति का लाभ उठाने के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की रणनीति बनानी होगी। ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्हें लाभ हो सकता हैए क्योंकि हमारे निर्यात को अमेरिका में नए बाजार मिल सकते हैंए जबकि चीनके निर्यात को ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए उच्च पारस्परिक टैरिफ (अब ३० १० प्रतिशत) के कारण नुकसान हो सकता है। साथ ही, चूंकि यूरोपीय संघ और अन्य देश वैश्विक मूल्य श्रृंखला में नई साझेदारी के लिए आगे आ रहे हैं, रक्षा जैसे क्षेत्रों में, हमें बहुत लाभ हो सकता है।

नए परिदृश्य में, भारतको बहुपक्षीय व्यापार समझौतोंके बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौतों के साथ अपने विदेशी व्यापारको बढ़ाना चाहिए। हालांकि, अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समयए राष्ट्रीय हितोंकी रक्षाकी जानी चाहिए, खासकर हमारे किसानों और छोटे उद्यमियोंकी। पिछले दस वर्षों में, सरकार व्यापार समझौतोंपर बातचीत करते समय किसानोंके हितों और उनकी आजीविका की रक्षा कर रही है, चाहे वह ऑस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से कृषिको बाहर करना हो, या डेयरी और कृषिपर इसके प्रतिकूल प्रभाव की चिंताओं के कारण क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से बाहर आना हो। जहां तक कृषि और लघु उद्योग का सवाल है, इस नीति को जारी रखने की जरूरत है, खासकर जहां किसानों और श्रमिकोंकी आजीविका प्रभावित हो रही हो। इसके अलावाए भारतीय रुपये में विदेशी व्यापार को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयास सराहनीय है। हालांकि, यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाना चाहिए कि स्विफ्ट जैसी पश्चिमी प्रणाली को हमारे देशपर दबाव बनाने के लिए हथियारके रूपमें इस्तेमाल न करने दिया जाए। पूरी दुनिया भू-आर्थिक विखंडन के दौर से गुजर रही है और इस परिदृश्य में सफलता की कुंजी प्राष्ट्र प्रथमकी नीति है।

फोक्सकॉन, जो एप्पल कंपनीके आईफोन उत्पादनमें मुख्य भूमिका रखती है, १.५ अरब डालरके निवेशकी घोषणा इस बातका संकेत करती है कि वैश्विक कंपनियां अब भारतको एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य मान रही हैं। ऑपरेशन सिंदूरमें भारतके घरेलू प्रयाससे बनी युद्ध सामग्रीकी मांग भी शेष दुनियामें बढ़ने की संभावना है। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखताएं भारत के वैज्ञानिकों और उद्यमियों के प्रयासों और दुनियाकी भारतके प्रति बढ़ती रूचि, सभी भारतीय अर्थव्यवस्थामें नये स्पंदनका कारण बन रही हैं।

एक तरफजहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और दूसरे देशोंपर शुल्क बढ़ाए जा रहे हैं और डब्ल्यूटीओ नियमों को दरकिनार किया जा रहा है, नए परिप्रेक्ष्य में नई संभावनाएं भी जन्म ले रही हैं। चूंकि राष्ट्रपति ट्रंप ने विभिन्न देशोंपर अलग-अलग शुल्क लगानेका निर्णय किया है, चीन पर अधिक शुल्क लगाने और चीनी सामान अमरीका और यहां तक कि यूरोपीय देशों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के रूकावटें लगाने से भारत के लिए इन देशोंमें संभावनाएं बेहतर हुई हैं। यूरोपीय देश जो भारत से सामान्यत: प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अन्य प्रकार के सहयोग से बचते थे, अब भारत को प्रतिरक्षा के क्षेत्र में भी वैश्विक मूल्य श्रृंखला में भी शामिल करने के लिए आतुर हो रहे हैं।

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एपल कंपनीको भारत में निवेश करने हेतु बारंबार मना करने के बावजूद फोक्सकॉन जो एपल कंपनीके आईफोन उत्पादन में मुख्य भूमिका रखती है, १.५ अरब डालर के निवेश की घोषणा इस बात का संकेत करती है कि वैश्विक कंपनियां अब भारतको एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य मान रही हैं। यही नहीं हाल ही में पाकिस्तान की आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदुर में भारतके घरेलू प्रयास से बनी युद्ध सामग्रीकी मांग भी शेष दुनिया में बढ़ने की पूरी संभावना है। आने वाले वर्षों में लड़ाकू विमानों समेत विभिन्न प्रकारके प्रतिरक्षा सामानों के उत्पादन में निवेश बढ़ने की पूरी संभावनाएं हैं। यही नहीं भारत सरकार द्वारा आत्मनिर्भर भारत की नीति भी देश में निवेश बढ़ाने में खासी सहयोगी सिद्ध हो रही है। समझा जा सकता है कि चाहे अमरीका द्वारा थोपा गया व्यापार और टैरिफ युद्ध हो, अथवा पाकिस्तान द्वारा आतंकी गतिविधियों को प्रश्रय देने के खिलाफभारत की ऑपरेशन सिंदुर के नाते की गई कार्यवाही हो, सभी देश में उत्पादन और निवेश के नए अवसर के रास्ते खोल रहे हैं। चीन के प्रति शेष दुनिया की विमुखता, भारत के वैज्ञानिकों और उद्यमियों के प्रयासों और दुनिया की भारत के प्रति बढ़ती रूचि, सभी भारतीय अर्थव्यवस्था में नए स्पंदन का कारण बन रही हैं।

कोरोनाकी पुनः वापसी

कोरोना महामारीने दुनियाको यह स्पष्ट रूपसे सिखा दिया है कि वैश्विक स्वास्थ्य संकट किसी भी क्षण दस्तक दे सकता है। उसकी चपेटमें पूरी मानवता आ सकती है। पुनः कोरोनाकी वापसी गम्भीर चिन्ताका विषय बन गया है।

❐ **मुनीष भाटिया**

रिपोर्ट्स के अनुसार यह नया वायरस इनसानोंको संक्रमित करनेकी क्षमता रखता है और इसकी संक्रामकता इसे अत्यंत खतरनाक बना सकती है। ऐसेमें समय रहते सतर्कता और वैज्ञानिक दृष्टिकोणसे की गयी तैयारी ही इस संभावित वैश्विक संकटसे बचनेका एकमात्र उपाय है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शोधकर्ताओंने इस नये वायरसको लेकर गहरी चिन्ता जाहिर की है। इसकी रचना और व्यवहारमें ऐसे तत्व मौजूद हैं जो इसे मनुष्योंके लिए संभावित खतरा बना सकते हैं। इस समय जब वैज्ञानिक समुदाय इस वायरसकी प्रकृतिको समझनेमें जुटा है, पारदर्शिता और अंतरराष्ट्रीय सहयोगकी आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गयी है। कोविड-१९ के शुरुआती दिनोंमें चीन द्वारा आवश्यक जानकारी साझा न करनेके कारण वैश्विक स्तरपर समय गंवाया गया था और परिणामस्वरूप लाखों जानें गयीं। ऐसेमें यह आवश्यक है कि इस बार कोई भी देश या संघटन जानकारी छिपानेकी भूल न करे।कोविड महामारीके दौरान हम सभीने देखा कि जबतक जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई और काररवाई शुरू नहीं हुई, तबतक संक्रमण बहुत दूरतक फैल चुका था। इसी अनुभवसे हमें यह सीख लेनी चाहिए कि किसी भी नये संक्रमणके शुरुआती चरणोंमें पारदर्शिता, वैज्ञानिक विश्लेषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायोंका समन्वय अत्यंत आवश्यक है। प्रारंभिक चरणोंमें की गयी चूक बादमें बड़ी त्रासदीका रूप ले सकती है। इसलिए अभीसे इस वायरसपर नजर रखना और उसके व्यवहारको समझना अनिवार्य हो गया है।

भारत जैसे विशाल जनसंख्यावाले देशके लिए यह संभावित संकट विशेष चुनौती लेकर आता है। घनी आबादी, सीमित स्वास्थ्य संसाधन और व्यापक सामाजिक गतिशीलता इस वायरसके प्रसारकी संभावनाको और अधिक गम्भीर बना सकते हैं। ऐसेमें भारत सरकारको तुरन्त वैज्ञानिक समुदाय, स्वास्थ्य संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय संघटनोंके साथ मिलकर एक कार्य योजना तैयार करनी चाहिए। सबसे पहले, अंतरराष्ट्रीय यात्रियोंकी सघन स्क्रीनिंगकी व्यवस्था आवश्यक है, खासकर हवाई अड्डों, बंदरगाहों और सीमावर्ती क्षेत्रोंपर, ताकि संक्रमणकी शुरुआतमें ही उसे पहचाना और रोका जा सके। सभी प्रमुख चिकित्सा संस्थानोंमें आइसोलेशन वार्डकी उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेंडर, वेंटिलेटर, आवश्यक दवाइयोंका भंडार और प्रशिक्षित चिकित्सा स्टाफकी पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा सरकारको जन- जागरूकता अभियान तेजीसे चलाने होंगे, ताकि आम जनताको इस नये संक्रमणके लक्षणों, रोकथामके उपायों और सावधानियोंके बारेमें सही जानकारी मिल सके। भ्रम फैलानेवाली अफवाहोंपर रोक लगाते हुए, वैज्ञानिक तथ्योंपर आधारित जानकारीका प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि समाज भय और लापरवाहीके बजाय जिम्मेदारी और सतर्कतासे आगे बढ़े।भले ही यह नया वायरस कोविड-१९ जैसा ही क्यों न हो, लेकिन टीकाकरण अब भी एक महत्वपूर्ण हथियार है।

महामारीके खिलाफ लड़ाई केवल सरकारी प्रयासोंतक सीमित नहीं हो सकतीय इसमें हर नागरिककी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कोविड-१९ ने यह स्पष्ट कर दिया कि आम जनताकी सतर्कता और जागरूकता संक्रमणकी श्रृंखलाको तोड़नेमें निर्णायक भूमिका निभा सकती है। नागरिकोंको अपनी दिनचर्यामें स्वच्छताको प्राथमिकता देनी होगी, जिसमें हाथोंकी नियमित सफाई, सैनिटाइजरका उपयोग और बार-बार छुई जानेवाली सतहोंको साफ रखना शामिल है। इसके साथ ही भीड़भाड़वाले या बंद स्थानोंपर मास्क पहनना अब एक सामाजिक जिम्मेदारी बन चुका है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। संक्रमणके प्रसारको रोकनेमें सामाजिक दूरी भी एक अत्यंत प्रभावी उपाय है, जिसे सभीको अपनाना चाहिए। यदि किसी व्यक्तिको बुखार, खांसी, थकावट या गंध-सूंघनेमें परेशानी जैसे लक्षण महसूस हों तो उसे तुरन्त स्वास्थ्य जांच करवानी चाहिए और दूसरोंसे दूरी बनाकर जिम्मेदारी दिखानी चाहिए। इसके अतिरिक्त, स्वैच्छिक जांच और आइसोलेशनसे न केवल वह व्यक्ति, बल्कि उसका परिवार और पूरा समाज भी सुरक्षित रह सकता है। ऐसी सजगता ही हमें भविष्यकी संभावित महामारियोंसे बचा सकती है।यह संकट केवल भारत या किसी एक देशतक सीमित नहीं है। यह एक वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल बन सकता है। इसलिए विश्व स्वास्थ्य संघटन और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओंको मिलकर वायरसकी निगरानी, डाटा साझा करना, शोधमें सहयोग और नीति निर्माण करना होगा। भारत जैसे देशोंको भी इस वैश्विक नेटवर्कका हिस्सा बनना चाहिए और आवश्यक जानकारी समयपर उपलब्ध करानी चाहिए।

इस संभावित महामारीसे प्रभावी रूपसे निबटनेके लिए केवल तात्कालिक उपायोंपर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि एक दीर्घकालिक और व्यापक दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है। सबसे पहले, हमें स्वास्थ्य अवसंरचनामें व्यापक निवेश करना होगा, विशेष रूपसे ग्रामीण और कस्बाई इलाकोंमें, जहां आज भी बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओंकी कमी है। इसके साथ ही स्वास्थ्य शिक्षाको प्राथमिकता देते हुए स्कूलों, कालेजों और समुदायोंमें लोगोंको स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सावधानियोंके प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि वे भविष्यमें किसी भी संकटका सामना स्वयं कर सकें। महामारीसे प्रभावी ढंगसे निबटनेके लिए हर राज्य और जिलेके पास एक स्पष्ट डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान होना चाहिए, जिसमें स्थानीय आवश्यकताओं और संसाधनोंके अनुरूप रणनीतियाँ तय हों। इसके अतिरिक्त आधुनिक तकनीकोंका प्रभावी उपयोग भी जरूरी है। दीर्घकालिक पहलोंके माध्यमसे हम न केवल वर्तमान खतरेसे, बल्कि भविष्यमें आनेवाली किसी भी महामारीसे बेहतर तरीकेसे निबटनेमें सक्षम हो सकेंगे। कोविड-१९ के बाद फिरसे मानवता एक नये संकटके द्वारपर खड़ी है। लेकिन इस बार हमारे पास अनुभव है, संसाधन हैं और सबसे बड़ी बात, चेतावनी समयपर मिल चुकी है। यदि हम सभी मिलकर सतर्कता और तैयारीके साथ आगे बढ़ें तो इस संभावित महामारीको समय रहते रोका जा सकता है। यही समय है जब हम अपने अनुभवोंसे सीखकर, आपदा प्रबंधनकी दिशामें ठोस कदम उठाये और यह सुनिश्चित करें कि भविष्यमें कोई भी वायरस मानवतापर फिरसे ऐसा कहर न बरपा सके। सतर्कता, सहयोग, विज्ञान और सार्वजनिक सहभागिता ही हमें आनेवाले संकटोंसे सुरक्षित रख सकते हैं।

आध्यात्मिक प्रक्रिया

❐ **जग्गी वासुदेव**

आध्यात्मिक प्रक्रिया का अर्थ है कि अभी जो कुछ भी हो रहा हैए उसके साथ गहरी भागीदारी के साथ में रहना, लेकिन लक्ष्य के बिना। यदि आप इस तरह से यहां बैठने की हिम्मत रखते हैं कि ष्कल जो कुछ भी होगाए मुझे मंजूर है, लेकिन अभी मैं जो कुछ भी कर रहा हूं, उसे मैं सबसे अच्छे तरीके से करूंगा तो आप स्वाभाविक रूप से आध्यात्मिक होंगे। आध्यात्मिक प्रक्रिया जीवन के लिए एक स्वच्छंद उत्साह होने से अलग नहीं है। समूचे ज्ञान को प्राप्त करने के लिए अपने अंतर्मन की गहराइयों में झांकना होगा और जीवन का सही अर्थ और भावको जानना होगा। जब आप अपनी पहचान एक शरीर के रूप में करते हैं तो जीवन के बारे में सारी समझ सिर्फ जीवित रहने भर के बारे में होगी। अगर अपनी पहचान मन के रूप में करते हैं तो आपकी सारी समझ सिर्फ पारिवारिकए सामाजिक और धार्मिक दृष्टिकोण की गुलाम ही होगी। आप इन सबके परे देख ही नहीं सकते। जब आप अपने ही मन के फेर से मुक्त होंगे, तभी आप परे के आयाम को जान पाएंगे। यह शरीर और यह मन आपके नहीं हैं। ये कुछ ऐसी चीजें हैं जो आपने कुछ समय में इकत्र की हैं। शरीर खाए हुए भोजन का एक ढेर मात्र है। मन केवल बाहर से इकत्र किए हुए प्रभावों का एक ढेर है। आपने जो इकत्र किया है वो आपकी संपत्ति है। जैसे कि आपका घर, बैंक में जमा रकम हैए वैसे ही आपके पास शरीर और मन है। बैंक में अच्छी रकमए एक अच्छा शरीर और एक अच्छा मन एक अच्छा जीवन जीने के लिए जरूरी हैं, पर पर्याप्त नहीं हैं। ये जीवन को सिर्फ आरामदायक बनाएंगे। लेकिन सही गुणों का अनुभव करने के लिए अपने शरीर और मन के परे जाना होगा। योग और ध्यानए इसके लिए वैज्ञानिक साधन हैं। जीवन के लिए स्वच्छंद उत्साह-आमतौर पर दुनिया में हर कोई अपने सपनों को पूरा करने की सोचता है। आप किसी ऐसी चीज का सपना नहीं देख सकते जिसे आप जानते नहीं हैं। आप जो जानते हैंए उसीके आधारपर तय करते हैं कि आपको भविष्य में क्या करना है। आप यह सुनिश्चित कर लेते हैं कि आपके साथ कभी भी कुछ नया नहीं होगा। आप भविष्यमें अतीत की तलाश कर रहे हैं। आप वास्तव में वापस लौट रहे हैंए लेकिन आपको लगता है कि आगे बढ़ रहे हैं। किसी लक्ष्य के बिना बस यहां रहना ही एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इसका मतलब सुस्त और शिथिल होना नहीं है।

भारतीय जीवन पद्धतिका अभिन्न अमृत तुल्य पेय छाछ

❐ **हरीश शिवनानी**

भारतमें शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जिसने कभी छाछ न पिया हो या छाछका नाम न सुना हो। छाछ भारतीय जीवन पद्धतिका एक अभिन्न पेय रहा है। विशेषकर ग्रीष्म ऋतुमें तो इसे अमृत तुल्य माना जाता है। ग्रीष्मकालमें ही एक दौर ऐसा आता है जब सूर्य अपने प्रचंडतम रूपमें तपता है। इसे नौतपा काल कहते हैं। यह नौतपा नौ दिनोंकी वह अवधि होती है जब सूरजकी भीषण गर्मी सबसे ज्यादा चुभती होती है और तापमान कई जगहोंपर रिकार्ड तोड़ देता है। इस साल नौतपा २५ मईसे शुरू हो गया है और ८ जूनतक चलेगा। हालांकि पूरे १५ दिन गर्मी तीव्र होती है, लेकिन शुरुआती नौ दिन विशेष रूपसे अधिक तपनवाले होते हैं।ऐसेमें स्वास्थ्यको लेकर काफी सावधानी बरतनी जरूरी होती है और इस कालखंडमें स्वास्थ्यके लिए अमृत है छाछ। ग्रीष्मकालमें छाछके महत्वको लेकर हमारे आयुर्वेदिक और आध्यात्मिक ग्रंथोंमें बहुत लिखा गया है। 'तक्रं पिवेतस्य विरिचो देवानां यत्र पिवति स:' जो छाछ पीता है, वह देवताओंसे भी श्रेष्ठ) और भोजनांते पिबेत् तक्रं, दिनांते च पिबेत् पय:। निशांते पिबेत् वारि: दोषो जायते कदाचन:। (भोजनके बाद छाछ, दिनके अंतमें दूध और रातके अंतमें पानी पीनेसे शरीरमें कोई दोष नहीं होता।)

छाछमें दूध एवं दहीकी अपेक्षा फैट एवं कैलोरी, दोनों कम होते हैं। नमकीन एवं खट्टी छाछको मट्ठा भी कहा जाता है। इसकी तासीर ठंडी होने और खनिज और विटामिनसे युक्त होनेके कारण यह पाचन तंत्रके लिए बेहद फायदेमंद होता है, इसलिए इसे भोजनके पाद पिया जाता है। छाछमें उच्च मात्रामें पोटेशियम, विटामिन-१२, कैल्शियम, राइबोफ्लेविन मौजूद होता है इसके अलावा फास्फोरसका भी बढ़िया स्रोत है। छाछका उपयोग पीनेके अलावा सब्जी बनानेमें किया जाता है।

छाछमें बायो एक्टिव प्रोटीन होता है, जो ब्लड प्रेशरको घटानेका काम करता है और हृदय संबंधी दिक्कत नहीं होती है। छाछ कोलेस्ट्रॉलको घटानेमें एक प्राकृतिक औषधिका कार्य करता है। इसका नियमित सेवन करनेसे कोलेस्ट्रॉल कंट्रोलमें रहता है। छाछ पीनेसे शरीरमें पानीकी कमी दूर होती है। यह एसिडिटी और पेटकी जलनको दूर करता है। पेशाबमें दर्द हो तो छाछ पीनेसे आराम मिलता है। इससे डायरियाका खतरा टलता है। छाछमें नमक और एक चम्मच पिसी हुई अजवाइन मिलाकर पीनेसे बवासीरमें आराम मिलता है। छाछमें सोंठ, काली मिर्च, पिप्पली और यवक्षारका मिश्रण मिलाकर सेवन करनेसे कफसे होनेवाले रोग दूर होते हैं। यदि छाछमें शहद मिलाकर दिनमें तीन बार पीया जाय दस्त बंद हो जाते हैं। मीठे छाछमें शक्कर मिलाकर पीनेसे पित्त भी दूर होता है। यह अल्सर जैसी बीमारीमें असरकारक है। छाछमें कैल्शियम बहुत मात्रामें होता है इसलिए यह ऑस्टियोपोरोसिसमें मदद करता है।

छाछ त्वचाके लिए भी काफी गुणकारी होती है, मसलन, छाछमें ब्लीचिंग इंग्रेडिएंट्स होते हैं। इससे दाग-धब्बे और टैनिंगको हटाया जा सकता है। छाछमें प्रोबायोटिक लैक्टिक एसिड होता है जो फेशियल मास्कके रूपमें प्रयोग होता है। इसे चेहरेपर लगानेसे झुर्रियां कम होती हैं। गुलाबकी जड़को छाछमें पीसकर चेहरेपर लगानेसे मुंहासे खत्म हो जाते हैं। स्किनको एक्सफोलिएट करनेके लिए आप छाछका इस्तेमाल कर सकते हैं। छाछका उपयोग बालोंकी समस्यासे छुटकारा पानेके लिए भी किया जा सकता है। बाल झड़नेकी समस्या हो तो छाछ लगायें। इसके लिए बासी छाछसे सप्ताहमें दो दिन बालोंको धोना फायदेमंद होता है। छाछमें नींबूका रस मिलाकर सिरमें १५ मिनटतक मालिश करें और फिर गुनगुने पानीसे बालोंको धो लें। इससे सिरकी खुजली और डैंड्रफ दूर होता है। डैंड्रफके लिए आप सिरका और नींबूके रसका भी इस्तेमाल कर सकते हैं। छाछ लगानेसे बाल जड़से काले हो जाते हैं। इसके लिए करी पत्तेको पीस लें और छाछमें मिलाकर बालोंकी जड़ोंमें लगायें। ऐसा हफ्तेमें दो-तीन बार नियमित रूपसे करें। बाल सफेद होना बंद हो जायंगे। छाछ नेचुरल हेयर स्ट्रेटनरका भी काम करती है। इसे नारियलके दूधके साथ मिलाकर लगानेपर बाल नैचुरली सीधे हो जाते हैं। बालोंको मजबूत बनाना हो तो छाछ फायदेमंद होता है।

हर खान-पानके लाभका साथ साथ कुछ हानि भी होती है यदि उसका समुचित और उचित मात्रामें उपयोग न किया जाय। छाछ भी इससे अछूती नहीं है। आयुर्वेद ग्रंथोंमें अनेक स्थितियोंमें छाछसे परहेज करनेकी बात कही गयी है। उदाहरणके लिए बुखार होनेपर ठंडी तासीरवाली और खट्टी चीजें नहीं खानी-पीनी चाहिए। इसलिए बुखार होनेपर छाछ या दहीका सेवन नहीं करना चाहिए। इसी तरह ऐसे लोग जो गठिया, जोड़ोंमें दर्द, मांसपेशियोंमें दर्दकी समस्यासे जूझ रहे हैं उन्हें छाछ भूलकर भी नहीं पीनी चाहिए। यदि आप इन समस्याओंमें छाछ पीते हैं तो आपको जोड़ोंमें अकड़न और दर्दकी समस्या ज्यादा हो सकती है। इनके अलावा सर्दी-खांसीकी समस्या होनेपर छाछका सेवन आपकी परेशानीको और बढ़ा सकता है। आयुर्वेदमें भी सर्दी-खांसी होनेपर गर्म तासीरवाली चीजोंका सेवन करनेकी सलाह दी गयी है। विशेष बात यह कि छाछमें सैचुरेटेड फैटकी मात्रा अधिक होनेकी वजहसे यह दिलके कुछ गम्भीर मरीजोंमें कोलेस्ट्रॉल बढ़ानेका काम कर सकता है। जिन लोगोंका कोलेस्ट्रॉल लेवल पहलेसे ही ज्यादा है उन्हें अधिक मात्रामें छाछका सेवन नहीं करना चाहिए।

अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती समारोह में पूर्व विधायक के गुर्गों ने नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं कर्मचारियों पर किया हमला

दुर्व्यवस्था को लेकर नपं कर्मचारियों पर बिफरे पूर्व विधायक

दिलीपपुर, प्रतापगढ़। नगर पंचायत पृथ्वीगंज कार्यालय में शुक्रवार को अहिल्याबाई होल्कर जयन्ती समारोह में जमकर तांडव हुआ। भाजपा के एक पूर्व विधायक पर दर्जन भर से अधिक गुंडों के साथ पहुंचकर नगर पंचायत कर्मचारियों व अध्यक्ष प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस संबंध में अध्यक्ष प्रतिनिधि ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

बता दें कि नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सरोज के प्रतिनिधि संजय सरोज ने कोतवाली देहात में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती के मौके पर शुक्रवार को नगर पंचायत पृथ्वीगंज में जमकर बवाल हुआ। दोपहर करीब १२ बजे रानीगंज के पूर्व विधायक पर कार्यालय में अपने दर्जन भर से अधिक गुंडों के साथ पहुंचे और लिपिक शिवाकांत कुशवाहा से अभद्रता की। आरोप है कि इस दौरान अध्यक्ष के साथ उनके प्रतिनिधि संजय सरोज पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई और पिस्टल निकालकर जान से मारने की कोशिश की गई। उनकी सोने की चेन छीन ली। कार्यालय के कर्मचारियों को भयभीत किया गया। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। घटना नगर पंचायत कार्यालय परिसर में हुई। घटना की जाँच सीसीटीवी कैमरसे की जा सकती है। इससे सरकारी कार्य भी बाधित हुआ कर्मचारियों में भय का माहौल रहा। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कोतवाली देहात में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। इस बावत सीओ सिटी शिवनारायण वैश्य ने बताया कि दोनों पक्षों में झड़प हुई है। घटना की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है।

नगर पंचायत पृथ्वीगंज में मारपीट की जांच करती पुलिस।

महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर भागने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दिलीपपुर/बनी तेरहमील, प्रतापगढ़।दीवानगंज बाजार में दवा लेने जा रही एक महिला के गले से एक युवक ताला मोड़ के पास से दिन दहाड़े मंगलसूत्र स्नेचिंग कर फरार हो गया था। मामले में दिलीपपुर पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर सक्रियता दिखाते हुए पुलिस टीम गठित कर उसे १२ घंटे के अंदर गिरफ्तार कर उसका चालान कर कोर्ट में पेश किया। दिलीपपुर पुलिस के इस सराहनीय कार्य की चर्चा लोगों की जुबान पर है।

कंधई के रामपुर कुर्मियान गांव निवासी हरीलाल प्रजापति की पत्नी मंजू देवी (३५) बीते गुरूवार सायं लगभग पांच बजे ताला मोड़ पहुंच कर दीवानगंज बाजार से दवा लेने के लिए टेंपो का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान अचानक महिला के पास पहुंचे एक युवक ने महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गया था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से जानकारी लेने के बाद आरोपित युवक की तलाश शुरू कर दी थी। गुरूवार देर शाम दिलीपपुर पुलिस ने महिला की तहरीर पर देवनमऊ गांव निवासी एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर सुराग कसी शुरू कर दी थी, शुक्रवार भोर लगभग पांच बजे दिलीपपुर थाने के उपनिरीक्षक रमिल कुमार ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित युवक को पिपरी नहर के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह कहीं भागने की फिराक में था। पुलिस ने उसके पास से छीना गया लाकेट बरामद कर उसका चालान कर दिया। एसओ दिलीपपुर शत्रुघ्न वर्मा ने बताया कि ताला मोड़ के पास महिला का मंगलसूत्र छीनकर भागने वाले युवक मोहम्मद सोहेल निवासी देवनमऊ गनईडीह को गिरफ्तार कर उसका चालान कर कोर्ट में पेश किया गया है, जहॉ से उसे जेल भेज दिया गया।

महिला सशक्तीकरण के रूप में मना अहिल्याबाई होल्कर का जन्मदिन

सुवंशा,प्रतापगढ़। लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर का जन्म दिन महिला सशक्तिकरण दिवस के रूप में नगर पंचायत सुवंशा कार्यालय के सभा कक्ष में मनाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक राम शिरोमणि शुक्ल ने कहा माता अहिल्याबाई एक कुशल साम्रगी,समाज सुधारक एवं विदुषी महिला मराठा शासिका थी। उन्होंने अपने शासन काल में समाज के लिए मंदिरों, कुओं,तालाबों,धर्मशालाओं,का निर्माण कराया था।हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।आज समाज तेजी से प्रगति कर रहा है। महिलाएं पुरुषों की तरह जीवन के हर क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।समाज के उत्थान में महिलाओं का स्मरणीय योगदान रहा है।इस अवसर पर योगेश सिंह सभासद,राकेश बिंद सभासद, रवींद्र तिवारी सभासद,बृजेश पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष बी जेपी, मीरा गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष रानीगंज,फूला देवी आदि मौजूद रहे।

बीडीओ कालाकांकर ने ग्राम पंचायत ब्रम्हौली में अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

ब्रम्हौली अमृत सरोवर का निरीक्षण करते बीडीओ कालाकांकर।

प्रतापगढ़। खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर सत्य देव यादव ने ग्राम पंचायत ब्रम्हौली में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमृत सरोवर में पानी कम पाया गया, साथ में उपस्थित सचिव व्यास कुमार मौर्य ने बताया कि नहर नहीं चल रही है, इसलिये पानी नहीं आ पा रहा है, जो तालाब में पानी भरा था वह धीरे-धीरे तेज धूप के कारण कम हो रहा है। विद्युत की उपलब्धता होने पर ट्यूबबेल चलाकर पानी भरा जा रहा है। उपस्थित सचिव को साफ-सफाई का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत जनवामऊ में गाटा संख्या-८३७ तालाब पर स्थापित लगभग १०० पेड़ जिसमें से ४० पेड़ सरारती तत्वों द्वारा काट लिये गये थे, जिसमें शिकायत होने पर उपजिलाधिकारी कुण्डा ने सभी पेड़ों को नीलाम कर धनराशि ग्रामसभा के खाते में जमा करने का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में आज नीलामी कराकर रूपये ११५००० की बोली लगाकर धर्मेन्द्र सिंह निवासी जनवामऊ को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्य से ग्रामसभा जनवामऊ को ११५००० रूपये की आय हुई।

बीईओ ने समर कैंप में पहुंचकर बच्चों का बढ़ाया उत्साह

लक्ष्मणपुर, प्रतापगढ़। पूर्व माध्यमिक विद्यालय असैनापुर में आयोजित समर कैंप में खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज सुरेश कुमार सिंह ने पहुंचकर हो रहे समर कैंप की सुचारूता का विद्यालय में निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के साथ योग और व्यायाम में सहभागिता भी दिखाई। उन्होंने बच्चों से कहा कि नित्य करे योग रहे निरोग।

बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए उनके द्वारा कापी पेन देकर बच्चों को प्रोत्साहित भी किया गया। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय समापुर में भी ग्राम प्रधान संताराम के द्वारा लेखन सामग्री बच्चों को वितरित की गई और समर कैंप में आए हुए प्रतिभागी बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष संतोष मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक संघ पूर्व अध्यक्ष नवीन शुक्ल, प्रधानाध्यापक हीरा लाल, प्रधान अध्यापक अशोक मिश्रा, एआरपी ऋषि कुमार द्विवेदी, एआरपी मनीष पांडेय, एआरपी शैलेष गुप्ता, एआरपी अरविंद, संजय, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, अम्बरीष मिश्र, समर कैंप संचालिका नीलम, संध्या, निशा पांडेय, साधना मिश्रा, अमित शुक्ला, संजय पांडे, राजीव नाथ पांडे सहित कई लोग मौजूद रहे।

खेती को केवल जीविका नहीं बल्कि गौरव और नवाचार का साधन बनायें-अशोक

विकसित कृषि संकल्प अभियान २०२५ की शुरुआत

प्रतापगढ़। विकास खण्ड कुण्डा के ग्राम ऐमा अस्थौ में "विकसित कृषि संकल्प अभियान २०२५" के अंतर्गत एक विशेष कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार द्वारा की गई।

जिला कृषि अधिकारी ने उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज हम एक ऐसे विषय पर चर्चा करने हेतु एकत्रित हुए हैं, जो न केवल वर्तमान की आवश्यकता है, बल्कि भविष्य की दिशा भी निर्धारित करेगा और वह है कृषि में नवाचार, अर्थात इनोवेशन इन एग्रीकल्चर। हम सभी जानते हैं कि भारत कृषि प्रधान देश है, परंतु जलवायु परिवर्तन, सीमित भूमि संसाधन, श्रम की कमी और बाजार की अनिश्चितता जैसी चुनौतियाँ आज हमारी कृषि को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे समय में नवाचार ही वह शक्ति है, जो कृषि को फिर से लाभकारी, टिकाऊ और युवा पीढ़ी के लिए आकर्षक बना सकती है, जिनका लाभ उठाकर किसान न केवल अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं, बल्कि कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय में भी बदल सकते हैं। उन्होने कहा कि सभी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें।

आप सभी की सहभागिता ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है। खेती को केवल जीविका नहीं, बल्कि गौरव और नवाचार का साधन बनाएं। कृषि अब केवल हल और बैलों की बात नहीं रही, यह अब डेटा, ड्रोन और डिजिटलाइजेशन की दिशा में बढ़ रही है।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक नवीन कुमार सिंह एवं फार्म मैनेजर प्रदीप कुमार सिंह ने किसानों को खरीफ फसलों के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जल संरक्षण तथा पशुपालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने जैविक खेती, फसल विविधिकरण तथा कृषि में यंत्रीकरण को अपनाने पर बल दिया। बीज गोदाम प्रभारी कुमार गौरव ने किसानों को भूमि एवं बीज शोधन के साथ सरकार द्वारा संचालित योजनाओं जैसे एग्री स्टैक, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना एवं किसान क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी दी और उसका लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान ने भी अपने विचार व्यक्त किए और किसानों से अधिक उत्पादक एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की।

कृषक प्रतिनिधियों कुमार गुप्ता, राम जयसवाल एवं राम खिलावन इत्यादि ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और वैज्ञानिकों, अधिकारियों से संवाद कर अपनी समस्याएं साझा कीं। यह अभियान २९ मई से १२ जून तक जनपद के अन्य ग्रामों में भी आयोजित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र, विश्विद्यालय एवं अन्य संस्थानों द्वारा किए जा रहे शोध, तकनीकी नवाचार का लाभ मिल सके।

अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता के सुदृढ़ ढांचे में सामाजिक सरोकार को मिलती है मजबूती

पत्रकारिता दिवस पर परिचर्चा में निर्भीकता एवं निष्पक्षता पर दिया गया जोर

लालगंज, प्रतापगढ़। पत्रकारिता दिवस पर यहां भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व सामाजिक सरोकार पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पत्रकार उत्पीड़न प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सु.ढ़ ढांचे में राष्ट्रीय एवं सामाजिक सरोकारों से जुडे लक्ष्य को सफलता मिलती है। उन्होनें केंद्र सरकार से भारत रत्न पुरस्कार में मरणोपरान्त स्व० गणेश शंकर विद्यार्थी को यह सम्मान प्रदान किये जाने की पुरजोर मांग उठायी।

महासंघ के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने विषय प्रवर्तन करते हुए लेखन के क्षेत्र में निष्पक्षता व निर्भीकता पर जोद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र व संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। इस मौके पर पं देवानंद मिश्रा, सुरेश मिश्रा मदन, उमेश तिवारी, विनोद सिंह, संजय शुक्ला, अनूप तिवारी, राजीव तिवारी, राजेन्द्र मिश्रा, संतोष तिवारी, राकेश तिवारी, सरवर आलम, आशुतोष मिश्र, मनोज त्रिपाठी, आनंद त्रिपाठी, सुशील सिंह बघेल, अशोकधर दुबे, शत्रुध्न पाण्डेय, अखिलेश मिश्र, शिवकरन चतुर्वेदी, शैलेन्द्र मिश्र, जेके वर्मा, प्रमोद सिंह बाबा, सुनील सिंह, रामू मिश्रा, प्रेम मिश्रा, लवलेश शुक्ला, मुकेश तिवारी, आईपी मिश्र, राजेन्द्र मिश्र, मुकेश सिंह, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, राहुल मिश्र, सुमित त्रिपाठी, जाकिर अली, गौरीशंकर तिवारी, अजय यादव, शुभम श्रीवास्तव, अरविन्द दुबे, दयाशंकर तिवारी, संजीव तिवारी आदि रहे।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर बच्चों ने लिखा पिता को पत्र

प्लीज पापा तंबाकू का सेवन न करें, हम बच्चों को बहुत खराब लगता है!

पट्टी, प्रतापगढ़। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व संध्या पर पट्टी तहसील क्षेत्र के बहुता ग्राम पंचायत मे बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत बच्चों ने अपने पिता के नाम पत्र लिखा और कहा कि प्लीज पापा, चाचा भैया, दादाजी तंबाकू का सेवन मत कीजिये, अपने साथ हम बच्चों का जीवन को बर्बाद मत कीजिये। बच्चों ने इस पत्र के माध्यम से अपने परिजनों को तंबाकू न सेवन करने की अपील की।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के मौके पर बच्चों ने जो पत्र लिखा, उसमें उन्होंने तंबाकू के सेवन के खतरों को उजागर किया और लोगों को तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने अपने पत्र में तंबाकू के सेवन से होने वाले रोगों, स्वास्थ्य समस्याओं और समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को भी बताया और धूम्रपान न करने वालों को भी तंबाकू के धुएं से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।इस अवसर पर तरूण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल १९८७ में तंबाकू दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इसका सबसे बड़ा कारण उस दौरान तंबाकू के सेवन से हो रही मौत थी उन्होंने कहा कि ष्प्यार फैलाओ धूम्रपान नहीं-तंबाकू छोड़ों जीवन नहीं।

इसी क्रम में सह निदेशक हकीम अंसारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि तंबाकू का इस्तेमाल से न केवल हमारे शरीर को खोखला करता है बल्कि यह कैंसर जैसी भयावह बीमारी को भी दावत देता है। इस दौरान बच्चों ने तंबाकू निषेध दिवस के पूर्व संध्या पर तम्बाकू न सेवन करने की शपथ लिया। जिसमें मोहित, मनीष, आराध्या, पल्लवी पाल, गरिमा, साक्षी, सुप्रिया, नैनशी,आर्या पांडेय, आयुषी उपाध्याय, सेजल, त्रिशा सोनी, लक्ष्मी सोनी, श्रृषभ विश्वकर्मा रहे।

बहुता में विश्व तम्बाकू सेवन करने के लिए जागरूक करते बच्चे।

ओवरटेक करने में आपस में भिड़ीं दो बसें, चालकों से पूछताछ कर रही पुलिस

लालगंज, प्रतापगढ़। ओवरटेक करने के दौरान रोडवेज की दो बसें साइड से आपस में टकरा गयी। मामला दोनों बसों के चालको के बीच हाथापाई तक पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस चालक समेत दोनों बसों को कोतवाली लाकर पूछतांछ कर रही है।

उत्तर प्रदेश परिवहन के प्रतापगढ़ डिपो तथा आलमबाग डिपो की दो बसें शुक्रवार सुबह प्रतापगढ़ आ रही थी। वर्मा नगर चौराहे के समीप ओवरटेक करने के दौरान दोनों बसें आपस में साइड से टकरा गयी। इससे अंदर बैठे यात्रियों में चीखपुकार मच गयी। बस की टक्कर को लेकर दोनों चालक एक दूसरे की गलती बताते हुए कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों बस के चालकों को बसों के साथ कोतवाली ले आयी है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट कराकर गंतव्य तक भेजवा दिया गया है। चालक समेत दोनों बसों को कोतवाली लाया गया है। घटना को लेकर चालक से पूछतांछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

आम तोड़ते समय पेड़ से गिरा किशोर, मौत

सुवंशा, प्रतापगढ़। फ्तेहपुर थाना क्षेत्र में नगर पंचायत सुवंशा के नौडेरा गांव में आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े किशोर की पेड़ पर से गिरने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक रेहान पुत्र रियाज १७शुक्रवार को आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था।तभी उसे पेड़ पर ही माटा चींटियों ने काटना शुरू कर दिया।जिसके कारण वह घबरा कर पेड़ पर से नीचे गिर गया।पेड़ के नीचे ईट के टुकड़ों पर गिरने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन जब तक उसे लेकर अस्पताल जाते रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।परिजनों ने शव को दफनाने का निर्णय लिया है।बताते हैं कि मृतक मंद बुद्धि का भी था।मृतक दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

मारपीट में दो पर केस दर्ज

सांगीपुर, प्रतापगढ़। आम तोड़ने के विवाद में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे बडई पेडरिया गांव निवासी राधेश्याम पुत्र स्व० रामबहोर यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस मई को दोपहर करीब ढाई बजे ननिहाल आये परीक्षित पुत्र भरत यादव अपने नाना गांव के त्रियोगी नाथ पुत्र स्व० रामदुलारे यादव के साथ उसके पेड़ से आम तोड़ने लगा। आरोप है कि पीड़ित ने मना किया तो आरोपियों ने गाली देते हुए घर में घुसकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट की घटना में पुलिस पर कारवाई न करने का आरोप, एसपी से शिकायत

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट की घटना में पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के कुम्भापुर गांव की आशा देवी पत्नी अमन कुमार ने एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि रंजिश को लेकर अटठाईस मई को सुबह करीब साढ़े आठ बजे गांव के कुछ लोगों ने पीड़िता के पति व बच्चों को जमकर मारापीटा। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए घरेलू सामानों में तोडफोड किया व जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि सांगीपुर पुलिस ने न तो मेडिकल कराया और न ही कोई कार्रवाई की। इससे पीड़ित परिवार डरा सहमा है। पीड़िता ने एसपी से इंसाफ व सुरक्षा की गुहार की है।

विवाहिता की पिटाई पर केस दर्ज, ससुरालीजन दे रहे धमकी

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना के बदली का पुरवा ऐंधा निवासी उदय सिंह ने पुलिस को बताया कि बेटी सुप्रिया सिंह की शादी १८ अप्रैल २०२५ को विश्वास प्रताप सिंह निवासी करमाही ईशानपुर कंधई के साथ हुई। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। कार की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर तीन मई को मारा पीटा और गला दबाकर मारने का प्रयास किया।

जानकारी पर बेटी को घर ले आए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर आदि पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस पर आरोप है कि गिरफ्तारी नहीं होने से अब धमकी दी जा रही है।

मायके आयी महिला के जेवरात चोरी, नामजद रिपोर्ट

प्रतापगढ़। हथिगवां थाना क्षेत्र के सरांय सैद खां गांव निवासी विमल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि २३ मई को उसके नवनिर्मित भवन का गृह प्रवेश के कार्यक्रम में रिश्तेदारों संग उसकी बहन कामिनी सिंह पत्नी धर्मबीर सिंह निवासी गहरौली सरेनी रायबरेली भी आई थी। उसकी बहन अपने जेवरात बैग में भरकर उसके घर में रखे थे जो गायब हो गए। यह खबर पूरे घर में फैल गई जेवरात की खोज की जाने लगी। इसी बीच घर में टाइल्स का काम कर रहे कारीगर मुकेश उर्फ मतई अपने सामान लेकर गायब हो गया। काफी खोजने के बाद भी वह नहीं मिला, उसका मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा था। मायके उसकी पत्नी से फोन पर बात की गई तो वह भी कुछ नहीं बताया। लाखों रूपये के चोरी गए जेवरात मामले में विमल सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मुकेश उर्फ मतई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दो वांछित पकड़े गये

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान दो वांछितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर वांछित मो० अलताज पुत्र मो० जलील व मो० इकबाल पुत्र अब्दुल रहमान निवासी चौबे का पुरवा लकुरी को उनके घरों से धर दबोचा।

धोखे से घर से बुलाकर जानलेवा हमले में पांच पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। कुंडा कोतवाली के पिंगरी गांव निवासी सुनीता पत्नी भारत लाल ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि २० मई को दोपहर दो बजे उसके बेटे विपिन सरोज को गांव का ही अखिलेश यादव धोखे से घर से बुलाकर करीब डेढ़ किमी दूर मीरपुर नाले के पास ले गया। जब उसने यहां लाने का कारण पूछा तो अखिलेश ने कहा तुम्हारी हत्या करने लाए हैं।

इसी बीच बाइक से कुछ लोग आ गए और जाति सूचक गालियां देते हुए मारने दौड़े तो अखिलेश वहां से भाग निकला जबकि उसके बेटे के चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वह लोग विपिन को रॉड और लाठी से पूरे शरीर पर हमले किए जब वह अचेत होकर गिर गया तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंचे। घायल बेटे को सीएचसी ले गए।

पीड़िता सुनीता की तहरीर पर पुलिस ने अखिलेश यादव निवासी पिंगरी, सौरभ यादव निवासी रैयापुर तथा सिलापुर गांव निवासी अभिषेक यादव, अनुराग यादव, कृष्णा यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

संक्षिप्त समाचार

पिता-पुत्र ने काटी नहर, एई ने दी तहरीर

बाबागंज, प्रतापगढ़। सिचाई खण्ड प्रतापगढ के अधीन हीरागंज रजबहा जो प्रतापगढ़ शाखा के के दायें बाबागंज की ओर निकलती है। उसे दबंगों ने नहर के डौले को काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे राजकीय सम्पत्ति की क्षति हुई है। सिचाई खण्ड प्रतापगढ़ के सहायक अभियन्ता प्रथम आशुतो ा कुमार मल्ल ने संग्रामगढ़ थाने में क्षेत्र के पुरैली मकदूमपुर निवासी घनश्याम सरोज पुत्र रामलाल एवं सोनू सरोज पुत्र घनश्याम के विरूद्ध तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

दंपती एवं बेटी को किया लहूलुहान, केस दर्ज

दिलीपपुर, प्रतापगढ़। कंधई थाना क्षेत्र के कांपाहरि निवासी नजमा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार दोपहर घर के सामने आबादी में पड़ोसी जबरन खड़ंजा बिछा रहे थे, मना किया तो मुझे और मेरी पति-पत्नी बेटी को लहूलुहान कर दिया। पहले तीनों को सीएचसी में इलाज हुआ। लेकिन नजिया की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुरूवार को नजमा की तहरीर पर कंधई पुलिस ने कांपा हरि के साकिर अली, साबिर अली, मिनहाज अब्दुल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कार की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, चालक घायल

गड़वारा, प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के बिहारगंज बाजार में अंतू की ओर से आ रही कार ने शुक्रवार दोपहर ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ई-रिक्शा सड़क पर ही पलटकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार चालक तेजी से भाग निकला। ई-रिक्शा चालक मो. खालिद उर्फ छोटई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खालिद को मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

कोहड़ौर में नेत्र शिविर कल

कोहड़ौर, प्रतापगढ़। नगर पंचायत कोहंडौरवासियों के सहयोग से इंदिरा गांधी नेत्र चिकित्सालय मुंशीगंज, अमेठी के डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए नेत्र परीक्षण शिविर एक जून कोहडौर स्थित सूर्य नारायण आदर्श विद्यालय में सुबह ९ बजे से १ बजे तक लगेगा। नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन के लिए मरीज के आधार कार्ड की फोटोकॉपी और एक मोबाइल नंबर अनिवार्य है।आयुष्मान कार्ड है तो उसे भी लाएं। यह जानकारी शिविर के संयोजक व व्यवस्थापक सत्य नारायण गुप्त ने दी।

संयुक्त अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण आज

लालगंज, प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आज शनिवार को तहसील परिसर में दिन में दो बजे से होगा। समारोह में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना व शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक मजिस्ट्रेट शामिल होंगे। यह जानकारी संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने संयुक्त रूप से दी है।

सशक्तीकरण से जुड़ी महिलाओं को समारोह में किया सम्मानित

प्रतापगढ़। तुलसी सदन (हादीहाल) सभागार में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा अहिल्याबाई होल्कर शताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में महिला सशक्तिकरण हेतु विभिन्न योजनाओं से जुड़ी हुई महिला लाभार्थियों कैडर की विभिन्न सखियों, रानी मिस्त्री, मनरेगा की महिला मजदूर आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष कुमार शुक्ला ने कहा कि इतिहासकारों ने ऐसी महिला के इतिहास को छुपाया जिसके बारे में हम सबको जानने की आवश्यकता है, जब मुगल काल का समापन हो रहा था तब अहिल्याबाई होल्कर ने विभिन्न मंदिरों का जीर्णोद्धार कराकर सनातन धर्म की स्थापना की। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि आज हमारे देश की महिलाएं अहिल्याबाई होल्कर से प्रेरित होकर हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की कमान हमारे महिला अधिकारियों ने संभाला, आज हमारे देश के सभी महिलाओं का अपना खाता है जिसमें सरकारी योजनाओं की धनराशि सीधे उनके खाते में भेजी जा रही है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा.दिव्या मिश्रा ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की शादी बचपन में हो गई थी उनके पति पुत्र और ससुर की मृत्यु के पश्चात २२ वर्ष की उम्र में उन्होंने मालवा की कमान संभाली, उन्होंने महिला सेना का गठन किया महिला की साक्षरता पर ध्यान दिया और कुशल राज्य का संचालन कर एक मिसाल पेश की। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव ने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीसी मनरेगा अश्वनी सोनकर, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, महामंत्री राजेश कुमार सिंह, मीडिया प्रभारी राघवेंद्र कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

नगर के तुलसीसदन में सम्मानित महिलाओं के साथ अतिथि।

शिवलिंग खण्डित होने से आक्रोश पुलिस के समझाने पर शांत हुए ग्रामीण

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के खरगपुर गांव में शिवलिंग के खण्डित होने को लेकर आक्रोश पनप उठा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया और नया शिवलिंग मंगाकर विधिविधान से स्थापित कराया। ग्रामीणों ने शुक्रवार को नये शिवलिंग में पूजन अर्चन शुरू किया। लीलापुर थानान्तर्गत खरगपुर गांव में एक पीपल के वृक्ष के नीचे प्राचीन शिवलिंग स्थापित कर ग्रामीण पूजन अर्चन करते आ रहे थे। कुछ ग्रामीणों ने गुरूवार की देर शाम शिवलिंग को खण्डित देखा तो इसकी सूचना गांव में दी। देखते ही देखते वहां लोग इकट्ठा हो गये और असामाजिक तत्वों द्वारा शिवलिंग खण्डित किये जाने की चर्चा करते हुए आक्रोश जताने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर किसी तरह शान्त कराया। आननफानन में एसओ ने जनपद से नया शिवलिंग मंगवाया। शुक्रवार को शिवलिंग की स्थापना कर पूजन अर्चन शुरू हुआ। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि नये शिवलिंग की विधिवत स्थापना के बाद पूजन अर्चन शुरू हुआ है। गांव में शांतिपूर्ण माहौल बना हुआ है। घटना को लेकर कोई तहरीर नहीं मिली है।

कवि सम्मेलन एवं मुशायरा आज

प्रतापगढ़। शाम-ए-अदब का तीसरा आल इण्डिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन ३१ मई को रात्रि शहर के लोकमान्य तिलक इण्टर कालेज भंगवा चुंगी में होगा। जिसमें देशभर के नामी शायर एवं कवि शामिल होगें। यह जानकारी नियाज प्रतापगढ़ी ने दी।

प्रमुख सचिव ने रोका आरईएस के अधिशासी अभियंता का वेतन

चित्रकूट ब्यूरो : उत्तर प्रदेश आयुष तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव रंजन कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को नीति आयोग के इंडिकेटर्स की प्रगति एवं फन्ड्स की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव ने ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के अधिशासी अभियंता उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम को इस माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य कि प्रगति भी खराब पाई जाने पर चार्जशीट देने के निर्देश दिए। कहा कि नीति आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि से जो भी कार्य कराए गए है, उनकी एक समिति गठित कर गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा फोटोग्राफ्स सहित सूचना उपलब्ध कराए। साथ ही जिन विभागों के अधिकारियों के स्थानांतरण तीन वर्ष से पहले हुए हैं, उसकी सूचना भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आवास विकास परिषद द्वारा भी विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण के कार्यो की भी प्रगति खराब पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि पुराने विद्यालयों का ध्वस्तीकरण तत्काल कराया जाए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने नीति आयोग के विभागों के विभिन्न बिन्दुओं की माह अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर २०२४ की रैंकिंग के बारे में जानकारी दी। जिस पर प्रमुख सचिव ने स्वास्थ्य विभाग की रैंकिंग ठीक न मिलने पर सुधार के लिए कहा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर प्रगति ठीक न मिलने पर उप निदेशक कृषि को किसानों को जागरूक कर लाभान्वित कराने के लिए कहा। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिए कि जितने किसानों को ऋण उपलब्ध कराया गया है, उसमें ली गई जमीन की सूचना उपलब्ध कराए। जिला कार्यक्रम अधिकारी से कहा कि पोषाहार का वितरण सही ढंग से कराएं। कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यो में मैनपॉवर बढ़ाकर शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पूर्ण कराया जाए।जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि प्रमुख सचिव द्वारा नीति आयोग के विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा के दौरान दिए गए निर्देशों का अनुपालन सभी विभागों द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, नमामि गंगे स्वप्निल कुमार यादव, प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्युष कुमार, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष कुमार,उप निदेशक कृषि राजकुमार,अग्रणी जिला प्रबंधक इलाहाबाद बैंक अनुराग शर्मा आदि मौजूद रहे।

अवैध शराब बरामद, तीन आरोपित गिरफ्तार

चित्रकूट ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चित्रकूट पुलिस ने १० लीटर कच्ची व ५० क्वार्टर देशी शराब के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस अभियान के अंतर्गत सीतापुर चौकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता तथा उनकी टीम आरक्षी अनुज यादव व रविन्द्र कुमार द्वारा आरोपी दुर्गेश निवासी सेमरदहा थाना बहिलपुरवा को १० लीटर कच्ची शराब, सरैंया चौकी प्रभारी रामअधार सिंह व उनके हमराही मुन्ना आरक्षी संदीप देव द्वारा आरोपी शिवबालक सिंह निवासी कटहापुरवा गढ़चपा थाना मानिकपुर को २५ क्वार्टर देशी शराब व थाना बरगढ़ के उपनिरीक्षक अमरेश तिवारी व उनके हमराही आरक्षी सुमित शिवम राजपूत द्वारा आरोपी श्रीनाथ कोल निवासी ग्राम लपई मजरा खोहर थाना बरगढ़ को २५ क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानों में धारा ६० आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

रन फॉर राम का प्रण लेने वाले नरेन्द्र यादव का धर्मनगरी में हुआ स्वागत

चित्रकूट ब्यूरो : रन फॉर राम का प्रण लेने वाले नरेंद्र यादव एवं उनके सहयोगी कालिंजर से दौड़ते हुए शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचे। चित्रकूट की सीमा में पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने उनका फूलमाला के साथ स्वागत किया। कांलिजर से दौडकर चित्रकूट आने पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी छेदीलाल गौतम, रामशरण तिवारी, अमित मिश्रा, विभाग संयोजक अजय यादव, जिला मंत्री नीरज केसरवानी, जिला संयोजक अंकित सिंह, जिला कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद, जिला सह मंत्री सिद्धार्थ पांडेय आदि ने नरेन्द्र यादव का फूल माला के साथ स्वागत किया। इसके बाद सभी ने रामघाट तक पैदल यात्रा की। इस दौरान रास्ते में ग्राम पंचायत मड़फा, हरिहरपुर, भरतपुर, खोही आदि जगहों में भी लोगों ने उनका स्वागत किया। नरेंद्र यादव अब तक २४ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। वह छह बार माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई कर चुके हैं। इस बार वह जन-जन तक प्रभु श्रीराम की अलख जगाने की भावना लेकर सोमनाथ से अयोध्या तक यात्रा करने का प्रण लिया हैं।

गैर इरादतन हत्यारोपित दो भाइयों को सात वर्षकी कैद

खूंटे के विवाद में १९ वर्ष पूर्व हुई थी हत्या

जौनपुर। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय अपर्णा देव की अदालत ने खूंटे के विवाद को लेकर लाठी से मारकर हत्या करने के आरोपी दो भाइयों को ७ वर्ष के सश्रम करावास व १६००० रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार जफराबाद थाना क्षेत्र के भीखमपुर गाँव निवासी रमतज्जी देवी ने २८ फरवरी २००६ को जफराबाद थाने में एनसीआर दर्ज करवाया कि सुबह ७रू०० बजे वह अपने दरवाजे पर थी तभी उसके गांव के रहने वाले ताज इंडिया व चंद्रकेश पुत्रगण सोमई वहां पहुंचकर गड़ा हुआ खूँटा उखाड़ने लगे, जिसका विरोध करने पर वे रमतज्जी देवी के सिर पर लाठियों से प्रहार किये। बीच बचाव करने आए उनके पति को भी गालियां दी और लाठियां से पीटा। बाद में शिवनाथ ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा १५६ (३) के अंतर्गत न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया कि २८ फरवरी को लगी चोट की वजह से रमतज्जी देवी की मृत्यु दौरान इलाज १४ मार्च २००६ को सदर अस्पताल जौनपुर में हो गई। शासकीय अधिवक्ता वीरेंद्र प्रताप मौर्य के द्वारा परीक्षित कराए गए गवाहों के बयान एवं पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के परिशीलन के पश्चात अदालत ने गैर इरादतन हत्यारोपी सगे भाई ताज इंडिया व चंद्रकेश को दोष सिद्ध पाते हुए सात-सात वर्ष के सश्रम कारावास व १६००० रूपए अर्थदंड से दंडित किया।

पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की सलामी लेकर किया निरीक्षण

चित्रकूट ब्यूरो : पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। साथ ही पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। परेड के निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के टर्न आउट की जांच की। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी तथा आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। एसपी ने स्वास्थ्य लाभ के लिए परेड की दौड़ भी करायी।

सभी विभाग समन्वय बनाकर करें कार्य - विशेष सचिव

जौनपुर। जनपद के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में परिलक्षित परिवर्तनों का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी विशेष सचिव आयुष विभाग हरिकेश चौरसिया द्वारा जिलाधिकारी डॉ० दिनेश चंद्र की उपस्थिति में आकांक्षात्मक ब्लॉक रामपुर की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। विशेष सचिव द्वारा आकांक्षात्मक विकासखंड से संबंधित विषयगत क्षेत्रों से संबंधित संकेतकों के संबंध में खंड विकास अधिकारी, एमओआईसी, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना तथा वित्तीय समावेशन से संबंधित संकेतको की समीक्षा की गई। विशेष सचिव द्वारा अति कुपोषित, अल्प कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन, गर्भवती महिलाओं की एएनसी, संस्थागत प्रसव, टीबी कार्यक्रम, डायबिटीज स्क्रीनिंग, गोल्डन कार्ड के वितरण, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति, आदि की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कहा गया कि रामपुर ब्लॉक में जितने भी अति कुपोषित बच्चे हैं उन्हें एनआरसी में भेजा जाए, ७० वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाए तथा छूटे हुए सभी पात्र लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। पोषण ट्रैकर पर त्रुटिरहित फीडिंग कराई जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी , जिला सूचना अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

साइबर ठगी के पीड़ितों के खातों में वापस कराये २,०५,६९९ रूपये

चित्रकूट ब्यूरो : साइबर अपराध को रोकने व आमजनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद की साइबर सेल टीम ने छह साबइर अपराध पीड़ितों के कुल २,०५,६९९ रूपये (दो लाख पांच हजार छह सौ निन्यानवे) उनके खातों में वापस कराए। साइबर सेल प्रभारी निशीकान्त राय ने बताया कि साइबर अपराधियों ने छह व्यक्तियों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी करते हुए उनसे कुल दो लाख पांच हजार छह सौ निन्यानवे रूपये की ठगी की थी। जिसकी शिकायत पीड़ितों ने साइबर सेल में की थी। जिसके क्रम में साइबर सेल प्रभारी व उनकी टीम आरक्षी सर्वेश कुमार व प्रशांत कुमार ने प्रयास करते हुए इन छह साइबर अपराध पीड़ितों के कुल दो लाख पांच हजार छह सौ निन्यानवे रूपये (२,०५,६९९) उनके खातों में वापस कराए। उन्होंने बताया कि साइबर धोखाधड़ी से बचने के लिए किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना अकाउंट विवरण, एटीएम कार्ड नम्बर, पिन नम्बर, सीवीवी नंबर, ओटीपी नम्बर व एसएमएस न बताये तथा एटीएम का प्रयोग हमेशा अकेले में करें। बताया कि अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को फोन, ई-मेल, एसएमएस, फेसबुक, व्हाट्सएप आदि पर कभी न दें तथा आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड, नयी सिम लेने के लिए कई बार फिंगर स्कैन न कराए। कहा कि किसी प्रकार के रिमोट एप्स मोबाइल में इनस्टॉल न करें तथा पुलिस व साइबर अधिकारी द्वारा काल पर पैसों की मांग की जाये तो बिल्कुल न घबराये और न ही कोई पैसे भेजें। बताया कि यह सब साइबर अपराधियों की चाल होती है, जिससे वह आम लोगों को ठगी का शिकार बनाते है। कहा कि इन सभी सावधानियों को बरतकर साइबर ठगी से बचा जा सकता है। कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो ता है, तो टोल फ्री नं १९३० पर तुरन्त कॉल करें। साथ ही अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन पर भी साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराए।

बेमौसमी बरसात से खुली भ्रष्टाचार की पोल

जौनपुर। जिले में गुरूवार को हुई बेमौसमी बारिश ने निर्माण खण्ड-दो लोक निर्माण विभाग जौनपुर द्वारा बनाई जा रही सिरकोनी-रसैना मार्ग सड़क की गुणवत्ता और उसमें हुए भ्रष्टाचार का पोल खोल कर रख दिया है। बताते हैं कि निर्माण खण्ड-दो पीडब्ल्यूडी विभाग जौनपुर के द्वारा क्षेत्र के कचगांव बाजार से होकर जाने वाले सिरकोनी-रसैना मार्ग पर लगभग एक सप्ताह के भीतर सड़क निर्माण का कार्य कराया गया था। बताया जाता है कि बीते गुरूवार को जैसे ही बरसात हुई वैसे ही पीडब्ल्यूडी के द्वारा बनाई गई उक्त सड़क राजेपुर में धंस गया। बरसात ने सड़क की गुणवत्ता एवं उसमें हुए भ्रष्टाचार की पोल खोल कर रख दिया। इस प्रकार से एक सप्ताह में सड़क का धंस जाना लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

छात्र का आईआईएससी में शोध के लिए चयन

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री विभाग के छात्र मो. फराज अब्बास का चयन प्रतिष्ठित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस (पैब) बेंगलुरू के सेंटर फॉर न्यूरोसाइंस में शोध के लिए हुआ है। वह वहां सी. एलिगेंस नामक निमेटोड .मि में न्यूरोपेप्टाइड्स पर शोध कार्य आरंभ करेंगे।

हर्ष फायरिंगमें दो युवक गिरफ्तार

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के हिसामपुर गांव में गत दिनों बहन की गोदभराई के कार्यक्रम के दौरान एक युवक फायरिंग का विडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।मामले की जानकारी होते ही पुलिस खोजबीन में लग गयी।घटना में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गांव निवासी शंभु प्रसाद की पुत्री नीलू की गोदभराई का कार्यक्रम था।लड़के वाले केराकत के सरकी गांव से आये थे।जब गोदभराई चल रही थी।उसी दौरान एक युवक ने रिवाल्वर से हर्ष फायरिंग करने लगा।उसने कई फायर किया।गुरूवार की रात को पुलिस को वह हर्ष फायरिंग का सोशल मीडिया पर वायरल विडीओ मिल गया।पुलिस तत्काल स्वत: संज्ञान लेकर मामले की जांच पड़ताल में लग गई।तब जाकर घटना की जगह सामने आयी।पुलिस ने मामले में शंभु प्रसाद तथा उनके पुत्र मदन कुमार को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि दोनो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।दोनो का चालान भेज दिया गया।

हिंदी पत्रकारिता विषय पर आयोजित हुई आनलाइन परिचर्चा

जौनपुर। पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता विषय पर एक ऑनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में मीडिया अध्ययन से जुड़े विशेषज्ञों ने हिंदी पत्रकारिता के विविध आयामों पर चर्चा की । बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. गोविन्द पाण्डेय ने कहा कि जब किसी क्षेत्र में तकनीकी का प्रवेश होता है तो वह बदलाव लाती है । तकनीकी के कारण हिंदी पत्रकारिता में भी बहुत से बदलाव हुए है । हिंदी पत्रकारिता ने समय- समय पर रूप बदला । समाचार पत्र के पाठक पढ़े- लिखे थे, टेलीविजन के आने के बाद बिना पढ़े- लिखे लोगों से भी हिंदी पत्रकारिता सीधे जुडी । हिंदी पत्रकारिता समाचार पत्रों, रेडियो से होती हुई टेलीविजन से जुड़ी और आज डिजिटल होकर खूब फल फूल रही है । आज डिजिटल दौर में हिंदी पत्रकारिता से जुड़े लोगों को नई तकनीकों को व्यवहार में लाना होगा । उन्होंने हिंदी पत्रकारिता में तकनीकी के विकास पर विस्तार से चर्चा की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. धनञ्जय चोपड़ा ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता भारतीय परंपरा को साथ लेकर चल रही है । .त्रिम बुद्धिमता के इस दौर में हिंदी पत्रकारिता ने सरोकार, संस्.ति और संस्कार को नहीं छोड़ा है । उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता वेब की दुनिया में मजबूती से खड़ी है । हिंदी के एप तेजी से डाउनलोड किये जा रहे है । उन्होंने भाषा के पहलू पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने शब्दों के प्रति ज्यादा अहंकार नहीं रखा । दूसरी भाषाओँ के शब्दों को बड़े आदर के साथ समाहित किया । उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के पत्रकारिता विभाग की सहायक आचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव ने कहा कि समाचार पत्रों के साथ- साथ वेब और एप पर खबरों को पढने का दौर चल रहा है । इस समय हिंदी पत्रकारिता नए कलेवर में है । डॉ. चन्दन सिंह, डॉ. अमित मिश्र, डॉ सुरेन्द्र यादव समेत देश के विभिन्न भागों से लोगों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया ।

यूपी लैब टेक्नीशिनय एसोसिएशन का चुनाव संपन्न

चित्रकूट : संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर परिसर में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन का चुनाव कराया गया। जिसमें प्रमेंद सिंह व अशोक कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। शुक्रवार को आयोजित संगठन के चुनाव में प्रमेंद सिंह को अध्यक्ष, अशोक कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व फूल सिंह को महामंत्री चुना गया। इसी प्रकार धनेंद्र सिंह को कोषाध्यक्ष व भानु प्रताप सिंह को संप्रेक्षक चुना गया। एसोसिएशन के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शभकामनाएं दी गई। इस मौके पर महेन्द्र सिंह, कमल सिंह, कमलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

चाय की दुकान पर मिली अधेड़ की लाश

जौनपुर। जफराबाद रेलवे स्टेशन के क्रासिंग के पास स्थित चाय की दुकान पर शुक्रवार को एक ५५ वर्षीय अधेड़ की लाश मिंलने से सनसनी मचा गयी।लाश की सूचना पर स्थानीय लोगों में हड़कम्प मच गया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया। चौकी प्रभारी मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जनपद के नुतननगर का निवासी शेर खान पुत्र मोसू खान है।उसके पास से मिले कागजात से उसके घर सूचना भेजी गयी।मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था।वह वहां ट्रेन से अपने घर मुर्शिदाबाद जा रहा था।वह जफराबाद स्टेशन पर आकर उतर गया।सम्भवत उसकी तबियत खराब थी।परिजनों को सूचना दे दी गयी है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद घटना की वास्तविक जानकारी हो पाएगी।

२० किलो सूखे गांजा के साथ आरोपित गिरफ्तार

चित्रकूट : पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मारकुण्डी थाना के उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र उपाध्याय व उनकी टीम उपनिरीक्षक कैलाश यादव, आरक्षी अतुल परिहार व लालू यादव द्वारा आरोपी रिषभ सिंह निवासी रमपुरवा थाना धाता जनपद फतेहपुर को २० किलो ७५ ग्राम सूखे गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया।

इस सम्बन्ध में आरोपी के विरूद्ध थाना मारकुण्डी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

भाजपा ने किया महिला सशक्तीकरण सम्मेलन का आयोजन

चित्रकूट ब्यूरो : पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की ३००वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले की कर्वी नगरपालिका सहित तीनों नगर पंचायतो में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लोकमाता आहिल्याबाई होल्कर द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए किए गए कार्यो पर चर्चा की गई। सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि भारत की वर्तमान संस्कृति व धार्मिक स्थलों के पीछे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का बहुत बड़ा योगदान है। अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। भाजपा सरकार उनकी जयंती मनाकर उनके द्वारा किए गए कार्यो को समाज में प्रसारित करने का काम कर रही है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने खण्ड-खण्ड में बंटे भारत को अखण्ड किया। साथ ही भारत में सांस्कृतिक पनुर्जागरण के तहत मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। भाजपा नीत केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के बताए मार्गो पर ही चलकर कार्य कर रही है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा का अभिनव प्रयास करते हुए लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ से लेकर केदारनाथ तक अनेक मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत विराट है। पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान भारत का आर्थिक विकास, सांस्कृतिक गौरव का पुनर्जागरण, सशक्त आत्मनिर्भर, राज्य व्यवस्था का निर्धारण लोकमाता के प्रेरणास्पद विचार पर ही आधारित है। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि सभी को मिलकर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन दर्शन को जन-जन तक संचारित करना चाहिए। यही उनके लिए हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जो काम किया, वह उनके समय के बड़े-बड़े राजा-महाराजा भी नहीं कर पाए। इस मौके पर राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी, मानिकपुर नगर पंचायत अध्यक्ष रानी देवी, कार्यक्रम संयोजक हरिओम करवरिया, भाजपा नेत्री रंजना उपाध्याय, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्दप्रकाश खरे, जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, महामंत्री राघवेन्द्र सिंह, अरविंद मिश्रा, विकास मिश्रा, विनीत पयासी, पवन बद्री, बलबीर पाल, रवि गुप्ता, उज्वल गुप्ता, राकेश कोल, महेश केशरवानी, महेश पांडेय, सोनू खंगार, दीपक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कल

जौनपुर। उत्तर प्रदेश बीएड सयुक्त प्रवेश परीक्षा एक जून को दो पालिया में आयोजित होगी। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। जौनपुर और गाजीपुर में परीक्षा व्यवस्था का दायित्व वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय संभालेगा।दोनों जिलों में कुल २५,३९६ अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जौनपुर में १३,०९७ और गाजीपुर में १२,२९९ अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। प्रत्येक जिले में २७ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर केंद्र पर एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है।परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें बैठने की उचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय और दिव्यांगजन के लिए रैंप शामिल हैं। प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम ५०० अभ्यर्थियों को बैठाने की व्यवस्था की गई है। परीक्षा की शुचिता के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

युवा पत्रकारों को बुजुर्गो से लेना चाहिए मार्गदर्शन- सत्यप्रकाश

चित्रकूट ब्यूरो : चित्रकूट प्रेस क्लब ने शुक्रवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया। इस दौरान जिला मुख्यालय में गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए चित्रकूट प्रेस क्लब अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि हर साल ३० मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। बताया कि ३० मई १८२६ को हिन्दी का पहला अखबार उदन्त मार्तंड का प्रकाशन कोलकाता से शुरू हुआ था। इसके सम्पादक कानपुर के अधिवक्ता पं जुगुल किशोर शुक्ल थे। उदन्त मार्तंड को उस समय के क्रान्तिकारी अखबारों के रूप में गिना जाता था। यह साप्ताहिक अखबार हर मंगलवार को आता था। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता के लगभग २०० वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। ऐसे में सभी पत्रकारों को पूर्व में पत्रकारों द्वारा किए गए संघर्ष को याद रखना चाहिए। समाज को आइना दिखाने का काम पत्रकारों का है। ऐसे में बिना किसी पक्षपात के जनहित और समाज हित में समाचारों का संकलन और उनका प्रकाशन पत्रकारों को करना चाहिए। वर्तमान समय में सोशल और डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव से पत्रकारिता क्षेत्र में चुनौतियां बढ़ गईं हैं। इसके अलावा तमाम अराजकतत्व भी पत्रकारिता की आड़ लेकर स्वार्थ सिद्ध करने में जुटे हुए है। ऐसे लोगों से सतर्क रहते हुए पत्रकारिता की साख को बचाना होगा। इस मौके पर जिले के तमाम वरिष्ठ पत्रकार मौजूद रहे।

भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने मनाया हिंदी पत्रकारिता दिवस

पहाड़ी, चित्रकूट : भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने शुक्रवार को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया। जिसमें पत्रकारों ने निष्पक्ष व पारदर्शी पत्रिकारिता करने की बात कही।कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार याज्ञिक ने कहा कि ३० मई १८२६ को पंडित युगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता से प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन प्रारंभ किया था। जिसके चलते इस दिन को हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

ग्रामीण और कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए खुला डीडीएम कार्यालय

चित्रकूट ब्यूरो : ग्रामीण और कृषि विकास पहलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को नाबार्ड (राष्ट्रीय ग्रामीण और कृषि विकास बैंक) के डीएमडी डॉ एके सूद ने जिला विकास प्रबंधक (डीडीएम) कार्यालय सह आवास (आरसीओ) का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में नाबार्ड डीएमडी डॉ एके सूद एवं गोवर्धन सिंह रावत ने कहा कि आरसीओ खोलने का उद्देश्य जिले की कृषि उत्पादकता, ग्रामीण बुनियादी ढांचे, कृषि स्थिरता और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। डीडीएम अशेष कुमार यादव ने आरसीओ खोलने के लिए नाबार्ड की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि जिले में आरसीओ के खुलने से संबंधित विभागों और बैंकों की मदद से स्थानीय समुदायों, उद्यमियों और किसानों को आवश्यक सहायता प्रदान करके जिले में ग्रामीण विकास प्रयासों को बढ़ावा दिया जाएगा। आरसीओ नाबार्ड की पहलों को लागू करने के लिए एक केंद्र के रूप में काम करेगा। जिससे नाबार्ड का हस्तक्षेप जिले के ग्रामीण परिदृश्य के हर कोने तक पहुंचेगा।

कूलर में पानी भरते समय करण्ट से युवक की मौत, कोहराम

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के तड़हरपर गांव का एक युवक गुरुवार की रात कूलर में पानी भरते समय करण्ट की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लिखापढ़ी कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

कोखराज थाना क्षेत्र के तड़हरपर गांव का रहने वाला ३२ वर्षीय ओमचंद्र पुत्र गुलाब पटेल मजदूरी करता था। गुरुवार की रात ओमचंद्र परिवार भोजन करने के बाद कमरे में सोने जा रहा था। तभी उसके कमरे में रखे कूलर का पानी खत्म हो गया। ओमचंद्र रात लगभग ९ बजे कूलर में पानी भरने लगा। इसी दौरान कूलर में करण्ट आ गया। जिसकी चपेट में आने से ओमचंद्र गम्भीर रूप से झुलस गया। आनन-फानन में उसे एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया,जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। एसआरएन अस्पताल ले जाते समय ओमचंद्र की मौत हो गई। उसकी मौत की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी मोनिका दो बेटे रुद्र पांच वर्ष व प्रियांश दो वर्ष का रो-रोकर बुरा हाल है।

दंपती ने महिला को पीटकर किया घायल

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा गांव की सूरजपति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार को बिना वजह गांव के ही ननका व उसकी पत्नी बृजमा ने गाली-गलौज देना शुरू कर दिया। उसने विरोध किया तो दोनों घेरकर मारापीटा। इससे उसके दाहिने हाथ पर चोट आई। शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हुए तो दोनों धमकी देते हुए चले गए। सूरजपति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ननका उसकी पत्नी बृजमा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले को लेकर कोखराज थानाध्यक्ष चन्द्रभूषण मौर्य से बात किया गया तो उनका कहना है, कि तहरीर मिली है, केस दर्ज करा दिया गया है, जांच कराया जा रहा है, आरोप सही पाये जाने पर आरोपियों के खिलाफ विधिक कारवाई किया जायेगा।

दो साल से शादी का झांसा देकर युवक करता रहा दुराचार,शिकायत

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने पड़ोसी गांव के युवक पर दुराचार करने का आरोप लगाया है। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। अब वह शादी करने से मुकर रहा है। पीडिता ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

क्षेत्र के एक गांव की युवती के अनुसार वह खेत में काम करने जाती थी। दो साल पहले उसका पड़ोसी गांव के एक युवक से प्रेम सम्बंध हो गया। दोनों एक दूसरे से मिलने लगे। दोनों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई। वह शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। अब वह शादी करने से इंकार कर रहा है। शादी करने की जिद करने पर वह मारपीट करने पर आमादा हो रहा है।पीड़ित युवती ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

अधिकारियों के साथ बैठक करते नोडल अधिकारी। छाया आज

महिला ने बेटे के साथ गाली गलौज का विरोध करने पर मां-बेटी को पीटा

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में गुरुवार की शाम गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला ने बेटे के साथ मिलकर मां और बेटी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस चौकी मूरतगंज क्षेत्र के भीखमपुर गांव की सियारानी पत्नी अम्बिका प्रसाद के अनुसार पड़ोसी से उसका पुराना विवाद चल रहा है। गुरुवार की शाम उसकी बेटी रंजीता भैंस लेकर उसे बांधने जा रही थी। इसी दौरान पड़ोसन अपने बेटे के साथ घर से निकली और अनायास रंजीता के साथ गाली-गलौज करने लगी। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन दोनों ने उसकी पिटाई करना शुरु कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची मां सियारानी को भी पीटा। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आईं। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर मां और बेटा के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

नोडल अधिकारी ने आकांक्षी ब्लाकों के अधिकारियों के साथ की बैठक

कौशाम्बी। शासन स्तर पर नामित नोडल अधिकारी अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में उदयन सभागार में अकांक्षी ब्लाक के नोडल अधिकारियों के साथ की गयी बैठक। बैठक में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा अकांक्षी ब्लाकों में कराये जा रहे कार्यो की जानकारी विस्तार से दी गयी। नोडल अधिकारी ने अकांक्षी ब्लाकों में शिक्षा को बढावा देने के लिए बेशिक शिक्षा के स्तर पर क्या कार्यवाही की गयी है, इसकी जानकारी ली और कहा कि टीचरों की ट्रांसफर पोस्टिंग इस समय की जा रही है। इस बात का ख्याल रखा जाय कि टीचर और बच्चां के अनुपात को देखते हुए ही पोस्टिंग हो। जहॉ बच्चें ज्यादा हो वहॉ अध्यापकों की संख्या बढायें। उन्होंने कहा कि सभी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय पूर्ण रूप से कायाकल्पित हो उन्होंने खास तौर पर पेयजल व शौचालय पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने अकांक्षी ब्लाकों के पंचायत भवनों के सम्बन्ध में जानकारी ली, और कहा कि पंचायत भवनों में इण्टरनेट की व्यवस्था सुचारू रूप से होनी चाहिये। उन्होंने अकांक्षी ब्लाकों में स्वयं सहायता समूहो के गठन के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर उन्हें बताया गया कि अकांक्षी ब्लाक कौशाम्बी में ११५०० समूह एवं अकांक्षी ब्लाक मझंनपुर में १०५९६ समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों को स्वालम्बी बनाने के लिए बीसी सखी बैंक सखी एवं विद्युत सखी आदि के रूप में कार्य करते हुए स्वालम्बी हो रही है। नोडल अधिकारी ने कहा कि अकांक्षी ब्लाकों में स्वयं सहायता समूह के महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनको तकनीकी रूप से दक्ष कर उनके इंकम को बढाने का प्रयास करना चाहिए। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा अकांक्षी ब्लाकों के सामुदायिक शौचालयों एवं आरआरसी सेन्टर के संचालन के सम्बन्ध में भी जानकारी ली गयी। इस अवसर पर मुंख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला विकास अधिकारी अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

किसानों को जागरूक करते कृषि अधिकारी छाया आज

पानी भरने गये व्यक्ति के साथ मारपीट, शिकायत

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली के ओसा में हैंडपंप पर पानी भरने गए व्यक्ति को बेरहमी से पीटा गया। घायल व्यक्ति के बेटे ने मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। ओसा निवासी सोनू कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की रात उसके पिता सुग्गन लाल हैंडपंप पर पानी भरने गए थे। वहां मूलचंद्र व उसकी पत्नी गुड़िया देवी ने गाली-गलौज शुरू कर दिया। इसका विरोध उसके पिता ने किया तो उनकी बाल्टी उठाकर फेंक दिया और मूलचंद्र उसकी पत्नी गुड़िया देवी व बेटे देवेंद्र व संदीप ने उसके पिता को बेरहमी से पीटा।

करारी नगर पंचायत में अहिल्याबाई की जयंती मनाते लोग छाया आज

चोरों ने मोबाइल टावर से केबिल किया पार,मुकदमा दर्ज

कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के धरमपुर गांव स्थित मोबाइल टावर से चोरों ने केबिल पार कर दिया। मामले में पुलिस ने उप मंडल अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

भारत संचार निगम लिमटेड के उप मंडल अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी ने बताया कि धरमपुर गांव स्थित कंपनी का मोबाइल टावर लगाया गया है। २० अप्रैल २०२५ की रात चोरों ने १६ हजार पांच सौ रुपये कीमत की मोबाइल टावर की फोर जी बीटीएस में लगी कनेक्टिंग पावर कापर केबिल २५ एमएम १५० मीटर और छः एमएम कापर केबिल १५० मीटर केबिल पार कर दिया। इससे क्षेत्र की मोबाइल सेवा बंद हो गई है। उपमंडल अधिकारी ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

नहर में पलटा ट्रैक्टर

कौशाम्बी। पइंसा के उदिहिन बाजार में गुरुवार की देर रात सिराथू से धाता जा रहा ट्रक अनियंत्रित हो गया। टीन शेड को उखाड़ते हुए वह नगर में पलट गया। हादसे में ट्रक चालक घायल हो गया। उसे किसी तरह बाहर निकाला गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। हादसे में कारोबारी को भारी नुकसान हुआ है। कारोबारी घनश्याम केसरवानी ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से टीनशेड के नीचे रखा शटर फ्रीजर सीसीटीवी कैमरा तख्ता गुमटी आदि क्षतिग्रस्त हो गई है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का किया गया आयोजन

कौशाम्बी। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि विकास खण्ड कड़ा के ग्राम केसरिया ख्वजकीमई बदलेपुर व विकास खण्ड मूरतगंज के ग्राम गौसपुर चकताजपुर हुसैनमई एवं विकास खण्ड कौशाम्बी के ग्राम मंहगूपुर जगन्नाथपुर मेड़रहा में तीन पालियों में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के किसानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह कार्यक्रम जनपद के १३५ चिन्हित ग्रामों में दिनांक १२ जून २०२५ तक निरन्तर चलेगा। इस कार्यक्रम में किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ डा० अजय कुमार डा० मीनाक्षी सक्सेना डा० आशीष कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को आय में वृद्धि करने हेतु उन्नत बीज शोधन गन्ने के साथ सह फसली खेती मिट्टी का स्वास्थ्य एवं उपचार संतुलित मात्रा में उर्वरक का प्रयोग औद्यानिक फसलों का विस्तार चारा उत्पादन तथा पशु जनित रोगों की रोकथाम और उनकी नस्लों के सुधार मत्स्य पालन मधुमक्खी पालन एवं ड्रिप स्प्रिंकलर सिंचाई द्वारा कम पानी से उन्नत खेती आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान किया तथा सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग करके अपने-अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी कृषकों को प्रदान की। इस अवसर पर सतेन्द्र कुमार तिवारी उप कृषि निदेशक कौशाम्बी द्वारा किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध में एवं संतुलित उर्वरक के प्रयोग के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में डा० सन्तराम जिला कृषि अधिकारी कौशाम्बी एवं सुरूचि विश्वकर्मा उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी मंझनपुर उपस्थित रहे।

करण्ट की चपेट में आने से किशोर झुलसा

कौशाम्बी। सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के कोटिया गांव में गुरुवार की शाम घर में काम कर रहा एक किशोर हाई वोल्टेज करण्ट की चपेट में आ गया। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी के बाद आनन-फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिये पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

कोटिया निवासी मिठाई लाल पाल की मौत करीब पांच साल पहले बीमारी के चलते हो चुकी है। उनका मकान प्रयागराज कौशाम्बी फोरलेन की अधिग्रहण के जद में है। गुरुवार को उनका १३ वर्षीय बेटा प्रभुत पाल भूमि अधिग्रहण के दौरान टूटे मकान का मलबा हटा रहा था। इस बीच वह मकान के पीछे के कमरे में मलबे से निकली सरिया रख रहा था। तभी सरिया मकान के समीप से गुजरी ३३ हजार लाइन की तार में स्पर्श कर गई। इससे तार में दौड़ रहे करण्ट की जद में आने से किशोर गंभीर रूप से झुलस गया। आसपास रहे लोगों की नजर पड़ी तो बिजली कटवा कर किशोर को उठाया। तब तक परिजन भी पहुंच गए। लोगों के मदद से परिजनों ने उसे इलाज के लिये तिल्हापुर मोड़ स्थित आरुष अस्पताल में भर्ती कराया।

शांतिभंग में आठ का चालान

कौशाम्बी। जिले में छोटी छोटी बातों को लेकर मारपीट कर शांतिभंग करने वाले आठ अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

करारी में मनायी गयी रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

करारी,कौशाम्बी। करारी नगर पंचायत सभागार में शुक्रवार को महान वीरांगना त्याग व न्याय की प्रतिमूर्ति पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर का ३०० वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने रानी अहिल्याबाई होलकर के जीवन संघर्षो कार्यो और न्यायप्रियता पर प्रकाश डाला।

करारी नगर पंचायत सभागार में आयोजित रानी अहिल्याबाई होलकर के जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंझनपुर विधान सभा के पूर्व विधायक लाल बहादुर ने अपने संबोधन में कहा कि धर्म नीति और लोककल्याण की प्रतिमूर्ति लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारी नेतृत्व न्यायप्रियता प्रशासनिक एवं जनसेवा की अनुपम मिसाल थीं। उनका जीवन एक ऐसा आदर्श है जो आज भी नेतृत्व नारी शशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर को लोकमाता और पुण्यश्लोक के रूप में ख्याति प्राप्त है। शिव की अनन्य भक्त अहिल्याबाई का लोक कल्याणकारी शासन भूमिहीन किसानों भीलों जैसे जनजातीय समूहों तथा विधवाओं के हितों की रक्षा करने वाला एक आदर्श शासन था। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि उन्होंने व्यक्तिगत सुख सुविधाओं और यहां तक कि गहरे निजी दुखों को भी परे रखकर अपने सम्पूर्ण जीवन काल में सदैव प्रजा के कल्याण और लोकहित को सर्वोपरि प्राथमिकता दी। महिला मोर्चा की जिला महामंत्री दीपा श्रीवास्तव ने कहा कि युवा पीढ़ी को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के बारे में अवश्य जानना चाहिए। जिससे वह अपने जीवन को राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के पवित्र कार्य में प्रतिबद्धता पूर्वक लगा सकें। उनके आदर्शो पर चलकर ही बेहतर समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इस मौके पर चेयरमैन शमशाद अहमद सभासद सुमित अग्रहरि श्यामसुंदर केसरवानी मंडल अध्यक्ष महेश लोधी पूर्व ग्राम प्रधान हरी कृष्ण गुप्ता शारदा साहू हरीश गुप्ता प्रतीक जायसवाल प्रिंस सोनी आदि मौजूद रहे।

युवक को सरिया से पीटकर किया मरणासन्न

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा निवासी मोहित कुमार पुत्र स्व० कृष्ण मोहन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह चंदीपुर पेट्रोल पंप पर पानी पीने गया था। वहीं गांव के ही प्रफुल कुमार मिश्र उर्फ दीपू मिश्र पुत्र ज्वाला प्रसाद और महेंद्र पांडेय उर्फ छोटा पुत्र भैय्यन पांडेय पहुंच गए। मामूली बात को लेकर पहले गाली-गलौज किया। विरोध करने पर गाड़ी से सरिया निकालकर पीटना शुरू कर दिया। ताबड़तोड़ सरिया का प्रहार किया गया। इससे शरीर के कई हिस्सों में चोट आई। जब वह बेसुध हो गया तो वह हमलावर भाग निकले। पुलिस ने मोहित की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

संतोष उर्फ राजू की मृत्यु की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू

कौशाम्बी। उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक चायल ने बताया है कि जिलाधिकारी १९ मई २०२५ के क्रम मे थाना कोखराज में १७ मई को बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कर विवेचना प्रभारी निरीक्षक कोखराज द्वारा प्रारंभ की गयी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये शातिर अभियुक्त संतोष उर्फ राजू पुत्र जयप्रकाश राजभर निवासी पोरईकला थाना खेतासराय जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल ग्राम ककोढा से पास झाडियों में छिपाकर रखा है। जिसे वह चलकर बरामद कर सकता है, जिसके आधार पर प्रभारी निरीक्षक कोखराज द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्त को लेकर उसके बताये हुए स्थान पर पहुंचकर आलाकत्ल बरामद करने हेतु कहा गया तो वह काफी देर तक इधर उधर घूम फिरकर असलहा तलाश करता रहा। इसी दौरान वह अचानक पुलिस कर्मियों को तेज झटका मारकर झाडियों में रखे सुराख में से पिस्टल निकालकर पुलिस कर्मियों को जान से मारने की नियत से लगातार फायरिंग करने लगा, जिससे प्रभारी निरीक्षक एवं उ०नि० मनीष पाल के बुलेट प्रुरूफ जैकेट में गोली लग गई। पुलिस पार्टी द्वारा अभियुक्त को आत्म समर्पण करने हेतु कहा जाता रहा वह लगातार जान से मारने की नियत से पुलिस पार्टी पर फायरिंग करता रहा। फलस्वरूप पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षारर्थ नियंत्रित कार्यवाही की गयी, जिसमें गोली लगने से अभियुक्त संतोष उर्फ राजू घायल हो गया जिसे उपचार हेतु तत्काल जिला चिकित्सालय कौशाम्बी ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों द्वारा अभियुक्त संतोष उर्फ राजू को मृत घोषित करने के सम्बन्ध में भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता बी०एन०एस०एस० २०२३ की धारा १९४ के उपबंधों के अधीन मृत्यु समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है। अतः प्रकरण के सम्बन्ध में कोई भी व्यक्ति १५ दिवस के भीतर किसी भी कार्यदिवस पर उप जिला मजिस्ट्रेट चायल के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना कथन अंकित करा सकते है।

किशोरी संदिग्ध दशा में लापता

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। किशोरी के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाा है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विद्यालय का निरीक्षण करने जाते नोडल अधिकारी। छाया आज

नोडल अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

कौशाम्बी। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी अनिल कुमार यादव आज अकांक्षी ब्लाक विकास खण्ड मंझनपुर के जमदुआ के पंचायत भवन सामुदायिक शौचालय उचितदर की दुकान उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं ऑगनबाडी केन्द्र जमदुआ तथा ग्राम दीवर कोतारी में स्थित स्वास्थ्य उप केन्द्र व आरआरसी सेन्टर एवं ग्राम चकथाभा के विद्यालय व ऑगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण कर इन अकांक्षी ब्लाकों के स्वास्थ्य एवं पोषण कृषि शिक्षा एवं सम्बद्ध सेवायें आधारभूत अवसंरचना सामाजिक विकास के परिलक्षित परिवर्तनों का भौतिक निरीक्षण कर जायजा लिया।

सर्वप्रथम नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम जमदुआ के पंचायत भवन पहुच कर वहॉ की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए स्वयं सहायता समूहों से मुलाकात की उन्होंने बबली नाम की महिला जो कि विद्युत सखी थी उससे बिजली बिल कैसे जमा करते है मशीन चलवाकर पूरी जानकारी ली। इसी प्रकार कमला देवी मौर्य जो कि बीसी सखी थी जिनकों अभी नया लैपटाप भी दिया गया था, उससे पूरी जानकारी ली कि आप इसमें कैसें काम करते है। महिलाओं को कैसें लोन देते है व कैसे खाता खुलवाते है। बीसी सखी द्वारा नोडल अधिकारी को पूरी जानकारी दी गयी, जिस पर नोडल अधिकारी द्वारा प्रसंनता व्यक्त करते हुए पूछा गया कि इस कार्य से खुश है। तो इस पर बीसी सखी ने कहा कि इससे मुझें कमीशन मिलता है। जिससे मै स्वालम्बी हुई हूॅ और मेरी पहचान भी बढी है। नोडल अधिकारी द्वारा वहा कि पंचायत सहायक से बात की और पूछा कि आपके द्वारा क्या कार्य किये जाते है और यहॉ पर नेटर्वक रहता है कि नहीं। नोडल अधिकारी ने पंचायत भवन में मौजूद आशा बहू सुशीला और आराधना से भी बात की और पूछा कि गर्भवती महिलाओं की कितनी जॉचें करायी जाती है और आयरन एवं कैल्शियम की गोली क्यू और कब खिलाई जाती है, जिस पर आशा बहुओं द्वारा सही जवाब दिया गया जिस पर नोडल अधिकारी द्वारा प्रसंनता व्यक्त की गयी। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा सामुदायिक शौचालय जमदुआ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने बगल में स्थित उचित दर की दुकान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय जमदुआ में बने विकलांग शौचालय स्मार्ट क्लास फर्नीचर की स्थिति व ऑगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण किया, उन्होंने स्मार्ट क्लास कैसे संचालित किया जा रहा है, इसकी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में फर्नीचर की स्थिति ठीक न पाये जाने पर इसे ठीक कराये जने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑगनबाडी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों की लम्बाई व वनज कैसे जॉचते है इसकी जानकारी ली व अपने सामने बच्चें की लम्बाई की नाप ऑगनबाडी कार्यकत्री से करवायी। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य उप केन्द्र दीवर कोतारी का निरीक्षण किया गया वहॉ पर उन्होंने एच०आर०पी० रजिस्टर चेक किया वहॉ के सी०एच०ओ०से जानकारी ली की आज कितने मरीज आये थे उसकी जानकारी लेते हुए ओ०पी०डी० रजिस्टर चेक किया रजिस्टर में मरीजों का नाम लिखा था लेकिन मो० नम्बर नहीं नोट किया गया था जिस पर नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ओ०पी०डी० रजिस्टर में नाम के साथ-साथ पता व मोबाइल नम्बर भी दर्ज होना चाहिए। उन्होंने स्टाक रजिस्टर चेक करते हुए केन्द्र में दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली इसके उपरान्त ग्राम चकथाभा पहुॅचकर ऑगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए विभिन्न योजनाओं से लाभवन्तित महिलाओं से भी मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्साधिकारी डा० संजय कुमार जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कल नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम अवाना आलमपुर बारा सी०एच०सी० कनैली रक्सराई एवं ग्राम कोसम इनाम का निरीक्षण किया जायेंगा। इस दौरान नोडल अधिकारी ने कहा कि विकास कार्यो में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग । छाया आज

शम्भूनाथ इन्स्टीट्यूट में एल्यूमिनाई मीट का हुआ सफल आयोजन

चायल,कौशाम्बी। शम्भूनाथ कालेज ऑफ एजुकेशन एससीई के डीएलएड विभाग द्वारा आयोजित एल्यूमिनाई मीट २०२५ बडेही उत्साह एवं उल्लास के साथ शुक्रवार को मनाया गया। इस कार्यक्रम का विषय अतीत की गूंज भविष्य की आवाजें रहा। जिसमें पूर्व छात्रों और वर्तमान विद्यार्थियों के बीच गहरा भावनात्मक एवं प्रेरणादायक सेतु स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता विनय तिवारी एवं सीएमपी डिग्री कालेज के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डा० पुर्णेन्दु मिश्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एल्यूमिनाई मीट कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किए। संस्था में अध्ययनरत डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विनय तिवारी ने अपने सम्बोधन में विस्तार से बताया कि प्राथमिक शिक्षण पद्धति को किस प्रकार प्रभावी बनाया जाय। विशिष्ट अतिथि डा० पुर्णेन्दु मिश्र ने नई शिक्षानीति की विशिष्टताओं के बारे में प्रकाश डाला। इस आयोजन में एसआईईटी के निदेशक डा० आरके सिंह एससीई के प्राचार्य डा० जीपी मिश्र एवं सहायक प्रवक्ता डा० श्वेता त्रिपाठी और डा० जीएस तिवारी सहित सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव कौशल कुमार तिवारी ने किया।

पाल समाज से प्रयागराज चलने का आह्वान

कौशाम्बी। चायल तहसील के तिल्हापुर मोड़ स्थित विधायक पूजा पाल के कार्यालय में शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसमें मौजूद लोगों को प्रयागराज के दारागंज में ३१ मई को पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही बड़ी संख्या में समाज के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया गया। संतोष पाल ने बताया कि विधायक चायल पूजा पाल द्वारा ३१ मई को दारागंज प्रयागराज में पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा अधिष्ठापित की जाएगी। इसमें प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल होंगे। डिप्टी सीएम द्वारा पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्याबाई होलकर की विशाल प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र से हजारों की संख्या में पाल समाज के लोग शामिल होंगे। इस दौरान तैयारी को लेकर वहा पर मौजूद सभी लोगो ने अपने विचाार रखे। इस मौके पर शुभम पाल रामराज पाल बांके लाल पाल देवेंद्र पाल मानसिंह पाल चौबे पाल धारा प्रधान भैया लाल पाल सुरेश पाल राजू पाल गोलू पाल आदि मौजूद रहे।

INDIAN PREMIER LEAGUE 2025 · आईपीएल 2025 · आज खेल · १० · चैंपियन की जंग · प्रयागराज, शनिवार ३१ मई, २०२५

एलिमिनेटर: मुम्बई इण्डियंस ने गुजरात टाइटंस को दिया २२८ रन का लक्ष्य

गरजे रोहित, बरसे बेयरस्टो

मुल्लांपुर (आससे)। रोहित शर्मा (८१) और जानी बेयरस्टो (४७) के बीच पहले विकेट के लिए की गयी ८४ रन की आक्रामक साझेदारी के दम पर मुम्बई इण्डियंस ने इण्डियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ २० ओवर में पांच विकेट पर २२७ रन का बड़ा स्कोर खड़ा कर लिया। टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की रोहित शर्मा और जानी बेयरस्टो की सलामी जोड़ी ने तेज शुरुआत दी। हालांकि गुजरात टाइटंस की ओर से गेंदबाजी का आगाज करने आये मोहम्मद सिराज का ओवर खामोशी से गुजरा। दूसरे छोर से आये प्रसिद्ध कृष्णा पर बेयरस्टों ने मुम्बई के लिए चौके की शुरुआत की तो रोहित शर्मा ने किफायती सिराज की दो गेंदों को चार रन के लिए सीमारेखा के पार करा दिया। चौके से आत्मविश्वास हासिल कर चुके बेयरस्टो प्रसिद्ध कृष्णा पर हमलावर हो गये और उन्होंने तीन छक्का और दो चौका लगा कर इस ओवर से २६ रन लूट लिये। बेयरस्टो का हमला जारी रहा और उन्होंने सिराज पर अपनी पारी का चौथा चौका लगा दिया। अब रोहित ने भी बल्ले का मुह खोला और पहले सिराज पर चौका फिर परिवर्तित गेंदबाज के रुप में आये बायें हाथ के आथोडाक्स स्पिनर साई किशोर पर छक्का और चौका और अन्तिम गेंद पर भी चौका लगा १४ रन हासिल कर पावर प्ले में मुम्बई इण्डियंस का स्कोर बिना विकेट खोए ७९ रन कर दिया। पावर प्ले के बाद गुजरात के कप्तान शुभमन गिल ने गेंदबाजी

में परिवर्तन करते हुए राशिद खान को मोर्चे पर लगा दिया जिन्होंने रोहित और बेयरस्टों के बल्ले को बांध कर रखते हुए केवल तीन रन ही लेने दिया। सात ओवर के इंतजार के बाद आठवें ओवर में साई किशोर ने गुजरात के कप्तान के चेहरे पर उस समय मुस्कान लायी जब उन्होंने बेयरस्टो के तूफान को कोएटजी के हाथों कैच करा कर रोक दिया। बेयरस्टो ने२२ गेंद पर चार चौके, तीन छक्के की मदद से ४७ रन बनाये। मुम्बई को पहला झटका ८४ रन पर लगा। कुछ देर खामोश रहने के बाद रोहित शर्मा फिर गरजे और इस बार उन्होंने राशिद पर चौका, छक्का लगाया फिर साई किशोर पर चौका लगा कर आईपीएल की अपना ४७वां अर्द्धशतक पूरा कर लिया। रोहित तो हमलावर थे ही अब सूर्यकुमार यादव भी शुरु हो गये और उन्होने तीन छक्के जड़ अपने आक्रामक तेवर का परिचय दिया। लेकिन सूर्यकुमार की आक्रामकता ज्यादा देर नहीं टिक सकी और साई किशोर ने वाशिंगटन सुंदर के हाथों उन्हें कैच करा उनकी २० गेंदों पर एक चौका, तीन छक्के की मदद से खेली गयी ३३ रन की पारी का अंत कर दिया। इधर रोहित, चौके, छक्के लगाते हुए आगे बढ़ते रहे लेकिन जब वे शतक से १९ रन दूर थे प्रसिद्ध कृष्णा ने उन्हें अपना शिकार बना लिया। रोहित ने ५० गेंद पर नौ चौके, चार छक्के की मदद से ८१ रन की पारी खेली। तिलक वर्मा तीन छक्के की मदद से २५ रन की तेज पारी खेल कर सिराज को अपना विकेट दे बैठे। अन्त में कप्तान हार्दिक पंड्या ने भी नौ गेंदों पर तीन छक्के की मदद से २२ रन की तेज पारी खेल दी जिससे मुम्बई इण्डियंस की टीम २० ओवर में २२७ रन बनाने में सफल हो गयी।

इंगलैण्डमें लाल गेंदसे खेलना हमेशा एक अलग चुनौती

मुझे ड्यूक गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है-बुमराह

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। शीर्षक्रम के टेस्ट गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का मानना है कि इंगलैण्ड में लाल गेंद से क्रिकेट खेलना हमेशा एक अलग चुनौती पेश करता है। आईसीसी पुरुष क्रिकेटर आफ द ईयर और २०२४ में टेस्ट क्रिकेटर आफ द ईयर बुमराह २० जून को लीड्स में इंगलैण्ड के खिलाफ अपनी महत्वपूर्ण पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत में भारत के लिए मैदान पर उतरेंगे। जसप्रीत बुमराह ने आस्ट्रेलिया के पूर्व कपतान माइकल क्लार्क से बातचीत में कहा मुझे हमेशा ड्यूक गेंद से गेंदबाजी करना पसंद है, लेकिन मुझे नहीं पता कि ड्यूक गेंद अभी कितना अच्छा प्रदर्शन कर रही है क्योंकि गेंद में हमेशा लगातार बदलाव होते रहते हैं, लेकिन मौसम, स्विंग की स्थिति और फिर जब गेंद नरम हो जाती है, तो हमेशा एक चुनौती होती है। इसलिए, मैं हमेशा इंगलैण्ड में खेलने के लिए उत्सुक रहता हूं। अब तक जसप्रीत बुमराह ने इंगलैण्ड में नौ टेस्ट मैचों में २६.२७ की औसत से ३७ विकेट लिए हैं। इंगलैण्ड में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह की मौजूदगी वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करने के लिए बुमराह तैयार हैं, उन्होंने टेस्ट श्रृंखला में बाकी तेज गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन पर भरोसा जताया। बुमराह ने कहा वे क्रिकेट को एक दिलचस्प शैली खेल रहे हैं, क्योंकि मैं वास्तव में इसे बहुत ज्यादा नहीं समझता, लेकिन एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हम हमेशा आश्वस्त रहते हैं कि जब बल्लेबाज अत्यधिक आक्रामक होते हैं तो किसी भी दिन कोई भी रन बनाकर विकेट ले सकता है। कार्यभार प्रबंधन और २०२६ टी-२० विश्वकप के कारण इंगलैण्ड में सभी पांच टेस्ट मैचों में जसप्रीत बुमराह के खेलने की संभावना नहीं है। तेज गेंदबाज ने स्वीकार किया कि उन्हें अपने शरीर को तरोताजा रखने के लिए अपने भविष्य के मैचों को चुनना होगा। उन्होंने कहा जाहिर है किसी भी व्यक्ति के लिए इतने लंबे समय तक सब कुछ खेलते रहना मुश्किल है। मैं कुछ समय से ऐसा कर रहा हूं लेकिन आखिरकार आपको यह समझना होगा कि आपका शरीर कहां जा रहा है, कौन सा टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। आपको अपने शरीर का उपयोग करने के तरीके के बारे में थोड़ा चयनात्मक और समझदार होना चाहिए। जसप्रीत बुमराह ने कहा एक क्रिकेटर के रूप में मैं कभी भी कुछ नहीं छोड़ना चाहता और हमेशा आगे बढ़ता रहना चाहता हूं, लेकिन मैं लक्ष्य निर्धारित नहीं करता या संख्याओं को नहीं देखता। जब भी मैंने लक्ष्य निर्धारित किए, मैं उन्हें पूरा नहीं कर पाया। मैं बस कोशिश करता हूं और आनंद लेता हूं क्योंकि इसीलिए मैंने इस खेल को शुरू किया था। एक दिन एक बार जब मैं यादें संजोएं क्योंकि खेल के अंत में, बस यही सब मुझे याद रहेगा। बुमराह ने २०२८ लास एन्जिल्स ओलम्पिक में क्रिकेट खेले जाने पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रहा हूं। किसने सोचा था कि क्रिकेट एक ओलम्पिक खेल बन जायेगा? इसलिए यह कुछ ऐसा है जो मुझे उत्साहित करता है। बुमराह ने कहा कि २०१६ इंगलैण्ड दौरे के दौरान वो जितना भी खेल पायेंगे उसमें वे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयत्न करेंगे। बुमराह ने आशा जतायी कि भारत का इंगलैण्ड दौरा सुखद रहेगा।

गुलवीर ने मीट रेकार्ड के साथ जीता स्वर्ण, पूजा भी हुई सुनहरी

एशियाई अथलेटिक्स

गुमी (एजेन्सियां)। लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को पुरुषों की ५००० मीटर स्पर्धा के फाइनल में एक दशक पुराना मीट रेकार्ड तोड़ा और एशियाई अथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीत लिया। उन्होंने लंबी दूरी की दौड़ के भारत के महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा लिया। राष्ट्रीय रेकार्डधारी धावक गुलवीर ने १३ मिनट २४.७७ सेकेंड का समय निकालकर थाईलैण्ड के कीरन टुनटिवेट को पीछे छोड़ा जो १३ मिनट २४.९७ सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जापान के नागिया मोरी ने १३ मिनट २५.०६ सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। पिछला चैम्पियनशिप रेकार्ड कतर के मोहम्मद अल-गर्नी के नाम था जिन्होने २०२५ में १३ मिनट ३४.४७ का समय निकाला था। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले प्रतियोगिता के शुरुआती दिन १०००० मीटर स्पर्धा में २८ मिनट ३८.६३ सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता था। गुलवीर इस प्रदर्शन के साथ महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुषों की ५००० मीटर स्पर्धा में स्वर्ण जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के एलीट समूह में शामिल हो गये। इससे पहले गोपाल सैनी (१९८१), बहादुर प्रसाद (१९९३) और जी लक्ष्मणन (२०१७) ने इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं। उत्तर प्रदेश के अतरौली के २६ साल के खिलाड़ी ने २०२३ सत्र में भी कांस्य पदक जीता था। उधर पूजा ने ऊंची कूद में स्वर्ण पदक के साथ बड़ी सफलता दिलाई। इस १८ साल की खिलाड़ी ने अपने अंतिम से पहले प्रयास में १.८९ मीटर की छलांग के साथ उज्बेकिस्तान की सफीना सादुल्लाएवा (१.८६ मीटर) को पछाड़ा। हरियाणा की इस खिलाड़ी के पिता एक श्रमिक हैं। पूजा ने इससे पहले २०२३ में एशियाई अंडर-२३ चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता था। उधर नंदिनी अगासरा ने हेप्टाथलॉन में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया है। नंदिनी एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली केवल तीसरी भारतीय हेप्टाथलीट बन गयी। इससे पहले स्वप्ना बर्मन (२०१७) और सोमा बिस्वास (२००५) ने इस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किए थे। नंदिनी ने ५९४१ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। महिलाओं की ३००० मीटर स्टीपलचेज में हालांकि भारत को थोड़ी निराशा हुई, जहां गत चैम्पियन पारुल चौधरी को रजत से संतोष करना पड़ा। पारुल ने नौ मिनट १२.४६ सेकेंड का समय लिया और कजाकिस्तान की नोरा जेरुतो तनुई (नौ मिनट १०.४६ सेकेंड) से पिछड़ गयी। कांस्य भी कजाखस्तान की डेजी जेपकेमी (नौ मिनट २७.५१ सेकेंड) के खाते में गया। भारत के कुल पदकों की संख्या १८ (आठ स्वर्ण, सात रजत और तीन कांस्य) हो गयी है। इससे पहले भारत की चार गुणा १०० मीटर पुरुष रिले टीम प्रारंभिक दौर के दौरान गलत 'बैटन एक्सचेंज' के कारण अयोग्य घोषित कर दी गयी। दूसरी तरफ सचिन यादव और यशवीर सिंह ने मौजूदा ओलम्पिक चैम्पियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के साथ एशियाई अथलेटिक्स चैम्पियनशिप के पुरुष भाला फेंक फाइनल में जगह बनाई।

आरसीबी के न जीतने पर महिला ने दी पति को तलाक की धमकी

मुल्लापुर (एजेन्सियां)। आरसीबी और पंजाब के मैच के दौरान एक महिला प्रशंसक ने ऐसा पोस्टर दिखाया जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस महिला ने सरेआम अपने पति को तलाक की धमकी दे दी है और अपने परिवार वालों को भी इस बात का संदेश टीवी के माध्यम से दे दिया। ये महिला मैच में एक प्लेकार्ड लेकर खड़ी थी जिसमें लिखा था आरसीबी अगर फाइनल नहीं जीती तो मैं अपने पति को तलाक दे दूंगी। आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में पहुंची है और अब उसकी कोशिश अपने पहले आईपीएल खिताब जीतने की है। अब आरसीबी के हाथ में इस महिला के परिवार को बचाने की जिम्मेदारी भी है। आरसीबी पूरी कोशिश करेगी कि वह इस बार फाइनल में मात न खाए। ये टीम तीन बार पहले भी फाइनल खेल चुकी है। आरसीबी ने २००९, २०११ और २०१६ में फाइनल खेला था, लेकिन एक भी बार खिताब नहीं जीत सकी। पहले क्वालिफायर में तो विराट कोहली का बल्ला नहीं चला था, लेकिन आरसीबी के प्रशंसक उम्मीद करेंगे कि फाइनल में विराट कोहली का बल्ला चल जाय।

मैच खेलने से बेहतर अभ्यास कुछ भी नहीं

-जोश हेजलवुड

मुल्लांपुर (एजेन्सियां)। चोट से उबरने बाद रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्वलीफायर मुकाबले में शानदार वापसी करने वाले आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि लय हासिल करने के लिए मैदान पर खेलने से बेहतर कुछ भी नहीं है और उनका यह अनुभव अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान काम आयेगा। कंधे की चोट से उबरने के बाद हेजलवुड ने एक महीने के बाद आईपीएल में वापसी की लेकिन उनके प्रदर्शन में पैनेपन की कमी नहीं दिखी। उन्होंने ३.१ ओवर में २१ रन पर तीन विकेट चटकाकर आरसीबी को पंजाब किंग्स पर आठ विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की टीम २०२६ के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। हेजलवुड का यह प्रदर्शन ११ जून को लाड्र्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से पहले उनकी बेहतर तैयारियों का भी एक संकेत था। आरसीबी के लिए २७ अप्रैल के बाद पहली बार मैदान पर उतरे हेजलवुड ने कहा मुझे गेंदबाजी करनी है, आप जानते हैं कि मैं दुनिया में कहीं भी रहूं, मुझे उस मैच (डब्ल्यूटीसी फाइनल) के लिए तैयार होने के लिए गेंदबाजी करनी है। मुझे लगता है कि मैदान पर इससे (मैच खेलने) बेहतर कोई जगह नहीं है। जाहिर है आपको अधिक गेंदबाजी करनी होगी और टेस्ट के लिए समय-समय पर अधिक घंटे तक प्रशिक्षण लेना होगा। मैच के लिए लय हासिल करने के लिए आईपीएल से बेहतर कोई जगह नहीं है। हेजलवुड को टेस्ट मैचों का गेंदबाज माना जाता था लेकिन उन्होंने खेल के छोटे प्रारूप के लिए अपने कौशलमें सुधार किया। उन्होंने गुरुवार को शानदार लयमें चल रहे श्रेयस अय्यर और इंग्लिस जैसे बल्लेबाजोंके भी विकेट चटकाए। उन्होंने कहा मैंने आज जैसी गेंदबाजी की है लगभग वैसी ही गेंदबाजी टेस्ट मैचोंमें भी करता हूं। हेजलवुडने मौजूदा सत्रमें सिर्फ ११ मैचोंमें २१ विकेट लिये हैं और इस दौरान उनका औसत १५.८० का रहा है। कंधेकी चोटसे उबरनेके बारेमें हेजलवुडने कहा मैंने पिछले कुछ सप्ताह में वापसीके लिए अपने कंधोंपर बहुत मेहनतकी है और पिछले १० दिनोंमें अच्छी गेंदबाजीकी और अब यहां आकर अच्छा लग रहा है। यहां पिच से मदद मिल रही थी।

खिलाड़ियों को खुद पर संदेह करने से बचना चाहिए-जेम्स होप्स

मुल्लांपुर (एजेन्सियां)। इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में खराब प्रदर्शन के बावजूद ११ साल में पहली बार फाइनल में पहुंचने की उम्मीद लगाए पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह' करने से बचें। पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन गुरुवार को रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा। होप्स ने इस करारी शिकस्त के बाद कहा हमारे बल्लेबाजों के लिए सबसे बुरी बात यह हो सकती है कि वे खुद पर संदेह करने लगे। उन्होंने कहा हमने शुरुआती ओवर में अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन उसके बाद लगातार विकेट गंवाते रहे। यह जरूरी है कि हम इस प्रदर्शन को पीछे छोड़कर आगे बढ़े। हमें कल (शुक्रवार) यात्रा करनी है और रविवार को एक और मैच खेलना है और अब हम इसे कठिन तरीके से करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे उम्मीद है कि हम मंगलवार रात (फाइनल) को फिर से आरसीबी से भिड़ेंगे। तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों ने जरूरत से ज्यादा आक्रामक रवैया अपनाया जिससे टीम १०१ रन पर आउट हो गयी।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले वैभव सूर्यवंशी, छुए पैर

पटना (एजेन्सियां)। वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एयरपोर्ट पर मुलाकात की। वैभव ने इस दौरान पैर छूकर पीएम मोदी से आशीर्वाद लिया। इस दौरान वैभव के माता-पिता भी उपस्थित थे। १४ साल के वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) २०२५ में राजस्थान रायल्सके लिए शानदार खेल दिखाया। वैभवने गुजरात टाइटन्सके खिलाफ मुकाबलेमें तो बल्ले से तबाही मचा दी थी। वैभवने उस मुकाबलेमें सिर्फ ३५ गेंदोंपर शतक जड़ दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वैभव सूर्यवंशी से हुई मुलाकात का जिक्र सोशल प्लेटफार्म पर करते हुए लिखा पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनकी क्रिकेटिंग स्किल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनको भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं।

कोहली फाइनल में बड़ी भूमिका निभायेंगे

-एवी डिविलियर्स

मुल्लांपुर (एजेन्सियां)। दक्षिण अफ्रीकाके महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि 'बेहतरीन टीम मैन' विराट कोहली आईपीएल फाइनलमें बड़ी भूमिका निभाते हुए रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को दुनियाकी सबसे बड़ी टी-२० लीग में अपना पहला खिताब दिलायेंगे। आरसीबीने क्वालीफायर एक में पंजाब किंग्सके खिलाफ महज १०२ रनोंके लक्ष्यका पीछा करते हुए आठ विकेट की जीतके साथ फाइनलमें जगह पक्की की। मौजूदा सत्रमें टीमके लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियोंमें शामिल कोहली इस एकतरफा मैचमें महज १२ रनका योगदान ही दे सके। आरसीबीके उनके पूर्व साथी डिविलियर्सको हालांकि भरोसा है कि यह भारतीय सुपरस्टार तीन जून को अहमदाबादमें होने वाले खिताबी मुकाबलेमें धमाल मचायेगा। डिविलियर्सने कहा इस मैचसे पहले जब वह बससे उतरे थे तब मैंने उन्हें स्क्रीनपर देखा था। उस समय उनकी भाव भांगिमा सकारात्मक दिख रही थी। यह कुछ ऐसा है जिसके हम आदी हो गये हैं। वह आज रन नहीं बना पाये लेकिन फिर भी हमने उन्हें अंत तक बल्लेबाजोंके साथ जश्न मनाते हुए देखा। उन्होंने कहा वह पूरी तरहसे टीम के लिए समर्पित खिलाड़ी है। उनके खेलमें एकाग्रता दिख रही थी। जाहिर है काम अभी पूरा नहीं हुआ है और मैं उसे खेलते हुए देखनेके लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरे मनमें कोई संदेह नहीं है कि वह फाइनलमें दमदार प्रदर्शन करेगा। डिविलियर्स ने कहा मुझे लगता है कि इस टीमके पास २०११ में

खिताब जीतनेका अच्छा मौका था। हर कोई २०१६ सत्रके बारे में बात करता है, लेकिन चलो अतीत को भूल जाते हैं। आरसीबी अब कहां है? एक और फाइनल में। यह जितना आप सोचते हैं उससे कहीं अधिक करीब है। उन्होंने कहा उम्मीद है कि तीन जून को मैच के छोटे-छोटे लम्हें आरसीबी के पक्ष में जाएंगे। मुझे नीलामी के समय ही लगा था कि आरसीबी ने इस साल सही संतुलन बनाया है।

हनुमानगंज एएस क्लबकी जीतमें अनुभव-मयंक चमके

हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब ने थे फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर-१२ क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में गंगा डिग्री कालेज को ५७ रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के अनुभव गुप्ता के शानदार (८४ रन, ७७ गेंद, नौ चौके) एवं मयंक यादव के नाबाद (४९ रन, ६४ गेंद, चार चौके) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शुक्रवार को भानु प्रताप मैदान पर टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब ने २५ ओवर में तीन विकेट पर १७३ रन (अनुभव गुप्ता ८४, मयंक यादव ४९ नाबाद रन, अंशु पटेल १/२१, मो.काब १/२२) पर बनाए। जवाब में गंगा डिग्री कालेज की टीम ने २५ ओवर में आठ विकेट पर ११६ रन (अंशु पटेल २६, अंकुश कुमार २५ रन, सानू यादव २/२१, शिवा कुमार १/१३, मयंक यादव १/१४, अनुभव गुप्ता १/२६) ही बना सकी।

संस्कारकी गेंदबाजीसे डीएसए रेड को मिली जीत

डीएसए रेड ने डीएसए हाट वेदर सद्भावना क्रिकेट सीरीज में डीएसए ब्लू को ३१ रन से हराकर सीरीज में दो शून्य से अजय बढ़त हासिल किए हैं। शुक्रवार को डीएएस मैदान पर टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएएस रेड ने २५ ओवर में सात विकेट पर ९४ रन (शौर्य सागर १४, आराध्या चौबे ११, रूद्र यादव १० रन, मो. अद्यान २/३१, प्रत्युश उपाध्याय १/०५, दिव्यांश पाल १/१८) पर बनाए। जवाब में डीएएस यलो की टीम ने १७ ओवर में ६३ रन (विवेक वर्मा १२, लवी १० रन, संस्कार श्रीवास्तव ४/१०, रूद्र यादव ३/१०, उमंग पांडेय १/०५, दिव्यांश सिंह १/१६)पर सिमट गई।

वर्मा की जीतमें नितिन-मंगलेश बने जीतके नायक

वर्मा क्रिकेट क्लब ने थे फैमिली बिस्ट्रो कैफे एंड रेस्टोरेंट अंडर-१४ एवं १६क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब को ८७ रन से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। विजेता टीम के नितिन यादव के (९५ रन, ४८ गेंद, आठ चौके व छह छक्के) एवं मंगलेश की सटीक गेंदबाजी (५-०-२७-४) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। शुक्रवार को भानु प्रताप मैदान पर वर्मा क्रिकेट क्लब टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वर्मा क्रिकेट क्लब ने २५ ओवर में छह विकेट २४९ रन (नितिन यादव ९५, विकल्प यादव ६०, अथर्व यादव ३७ नाबाद, प्रिंस दुबे १७ रन, सानू यादव २/६६, शिवम कुमार १/३०, जाहिद शेख १/३४, लकी मौर्या १/३९) पर बनाए। जवाब में हनुमानगंज एएस क्रिकेट क्लब की टीम ने २५ ओवर में छह विकेट पर १६२ रन (शिवांश जायसवाल ५७, लकी मौर्या २९, सानू यादव २३ रन, मंगलेश ४/२७, लोकेश कुमार २/२७) ही बना सकी।

विराट और आदित्य ने फिफ्थ पिलर क्लबको जिताया

विराट सिंह के हरफनमौला खेल (२९ रन एवं २-०-०२-३) और आदित्य कुमार की बेहतरीन गेंदबाजी (६-२-०८-३) के दम पर फिफ्थ पिलर क्लब ने राम बाबू पाल क्लब को २२ रन से हराकर स्वर्गीय केशरी नाथ त्रिपाठी स्मृति अंडर-१४ क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अक प्राप्त किये। सीएवी कालेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर फिफ्थ पिलर क्लब ने २७ ओवर में १३७ रन (विराट सिंह २९, रूशील श्रीवास्तव २४, अंकित यादव २२, यथार्थ सोमवंशी १४, रुद्र सिंह २/२१, सुजल कुमार २/२१) बनाये। छह खिलाड़ी रन आउट हुए। जवाब में राम बाबू पाल क्लब की टीम २५.२ ओवर में ११५ रन (सुजल कुमार २१, उज्जवल १९, विराट सिंह ३/०२, आदित्य कुमार ३/०८, अंकित यादव २/२९, प्रांजल यादव १/००) पर सिमट गई।

भवम क्लबको मिली जीत

भवम क्लब ने ईश्वर शरण डिग्री कालेज को ११ रन से हराकर सेंट पीटर्स प्रीमियर लीग (एसपीपीएल) में पूरे अंक प्राप्त किए। ईश्वर चरण इंटर कालेज मैदान पर शुक्रवार को खेले गए मैच में भवम क्लब ने २५ ओवर में ६ विकेट पर १३० रन (आदित्य यादव २७, विराज सिंह २६, प्रांजल यादव १६, अथर्व शुक्ला १३, रोमित ११ नाबाद, हनी सिंह १/२१, कार्तिक मिश्रा १/२३) बनाए। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कालेज की टीम २५ ओवर में ६ विकेट पर ११९ रन (समर ३१ नाबाद, शुभम सरोज २१, हनी सिंह १७, अनिकेत मौर्य, वैभव, आदर्श शुक्ला एवं प्रांजल यादव एक-एक विकेट) पर सिमट गई।

सूरज, रोशन-हर्षितका बहुमुखी प्रदर्शन

प्रयागराज खेल

गोपालजी भारतीय अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता

ईश्वर शरण डिग्री कालेज ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता में पूर्ण अंक अर्जित किए हैं। शुक्रवार को डीएवी कालेज मैदान पर टास हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रयाग क्रिकेट क्लब ने ४० ओवर में १८१ रन (सूरज चौहान ७४, सक्षम वर्मा २४, नैतिक शुक्ला १९, अभिषेक यादव १५ रन, अभिजीत सिंह ३/३५, यश पाल २/३३, आदित्य पटेल २/४३, रोशन कुशवाहा १/२०, कृष्णा सोनकर १/२६) पर बनाए। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कालेज की टीम ने २७.३ ओवर में पांच विकेट पर १८२ रन (हर्षित तिवारी ६३, रोशन कुशवाहा ५६ नाबाद, शिवांश पांडेय २४ रन, आदित्य मिश्रा २/४९, अजीत कुमार २/५१, अरविन्द १/२६) पर बना लिए। मैच में अरुण कुमार एवं तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और अनूप कुमार शर्मा ने स्कोरिंग की।

पहलवान बजरंग पूनिया पर मानहानि का मामला खत्म

नयी दिल्ली (एजेन्सियां)। दिल्ली की एक अदालत ने ओलम्पिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है। न्यायाधीश ने २९ मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है। न्यायाधीश ने आदेश में कहा मामला सुलझाया गया। दहिया ने दावा किया था कि बजरंग ने अन्य पहलवानों और लोगों के साथ मिलकर १० मई २०२३ को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

आज का राशिफल — शनिवार, 31 मई 2025

- **मेष-** स्वास्थ्य में बाधा, धोखे की आशंका, शिक्षा में अरुचि, आपसी सम्बन्धों में तनाव।
- **वृषभ-** सद्विचार का उदय, सुख शांति, मंगल आयोजन, कार्य सिद्धि, यश प्राप्ति, मन खुश।
- **मिथुन-** कार्यों में सफलता, व्यवधान समाप्त, अकल्पित लाभ, परेशानी कम, मनोविनोद।
- **कर्क-** वातावरण मनोनुकूल, इच्छा पूर्ति, यात्रा सुखद, जनसंपर्क का सुयोग, नवीन आयाम।
- **सिंह-** मित्रों से अनबन, व्यवसायिक चिन्ता, शिक्षा में अरुचि, लापरवाही से हानि, निराशा।
- **कन्या-** आर्थिक प्रगति, मेल-मिलाप, प्रयास सार्थक, जनकल्याण की भावना, यात्रा संतोषजनक।
- **तुला-** आत्मिक शांति, महत्वपूर्ण सफलता, यात्रा सुखद, संगीत में रुचि, नवसम्पर्क से लाभ।
- **वृश्चिक-** मनोरंजन में रुचि, ज्ञान-विज्ञान में रुचि, मानसिक शांति, मसला हल, मनोबल में वृद्धि।
- **धनु-** भाग्य में न्यूनता, आपसीजनों से अनबन, दाम्पत्य जीवन में कटुता, मानसिक तनाव।
- **मकर-** समय अनुकुल, पराक्रम में वृद्धि, जनकल्याण में रुचि, विवाद का समापन, खुशी।
- **कुम्भ-** योजना साकार, व्यवसाय में प्रगति, लाभ का सुयोग, धार्मिक स्थलों की यात्रा, मन प्रसन्न।
- **मीन-** व्यवसायिक लाभ, सलाह से कामयाबी, जनसम्पर्क लाभदायी, उत्साह में वृद्धि, हर्ष भी।

आज है जिनका जन्मदिन — 31 मई

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 31 का मूलांक 4 का स्वामी ग्रह राहु एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। आपको जीवन में अनेकों बार उथल-पुथल का सामना करना पड़ेगा। जीवन संघर्षमय रहेगा। आधुनिक विचारों के व्यक्ति होंगे। जनसम्पर्क सीमित होगा। जिससे अकेलेपन की अनुभूति होगी। किसी भी विषय पर विचार करें। लेकिन अपना निर्णय कब बदल देंगे कोई निश्चित नहीं रहेगा। रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि लेंगे। स्वतंत्र निर्णय क्षमता का अभाव रहेगा। कोई भी कार्य दूसरों से सलाह लेकर ही करेंगे। उग्रता की स्थिति में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे और अपना ही नुकसान कर लेंगे। दाम्पत्य जीवन में अपना मानसिक सन्तुलन खो बैठेंगे और अपना ही नुकसान कर लेंगे। दाम्पत्य जीवन सामान्य सा रहेगा। किसी के कार्य में न तो बाधा डालेंगे और न ही चाहेंगे कि कोई आपके कार्य में व्यवधान उत्पन्न करें। जीवन में प्रतिकूलता की स्थिति में अपने इष्ट देवी-देवता की आराधना करें। दैनिक जीवन में चित्र-विचित्र चमकीले रंग का प्रयोग अधिकतम करें। काले रंग की वस्तुओं का दान करें। परम्परा के अनुसार धर्म का पालन अवश्य करें।

आपके लिए शुभ

- मन्त्र : ॐ रां राहुवें नमः
- व्रत : शनिवार
- दिन : सोमवार, मंगलवार एवं शुक्रवार
- दिनांक : 4, 13, 22, 31
- अंक : 1, 2, 7
- मास : फरवरी, जून एवं अगस्त
- वर्ष : 4, 13, 22, 31, 40, 49, 58, 67
- रंग : काला, भूरा एवं स्लेटी
- जन्मरत्न : गोमेद — उपरत्न : काला अकीक
- जड़ी : सफेद चन्दन की जड़ — दिशा : आग्नेय

वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 मार्च से 28 मई, 10 जुलाई से 20 अगस्त

यन्त्र

13	8	15
14	12	10
9	16	11

सुडोकू 1893

9				6				4
					7	1		
5	7	3						
			4	2				
		1						
8	4		6					
						3	1	
						7		

तरीका खेलने का : दिमागी खेल और नम्बरों की पहेली है। तर्क से इसे हल कर सकते हैं। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक खानों में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

हल: सुडोकू 1892

5	1	4	7	3	6	9	2	8
6	3	9	5	2	8	1	7	4
8	7	2	4	9	1	5	6	3
9	6	5	2	4	7	8	3	1
7	8	1	6	5	3	4	9	2
4	2	3	1	8	9	7	5	6
2	4	8	3	7	5	6	1	9
3	5	6	9	1	4	2	8	7
1	9	7	8	6	2	3	4	5

बिहार समाचार

बिहार में चौबीस घंटे में छह हत्याएं

डेहरी ऑन सोन (आससे)। बिहार में चौबीस घंटे के अंदर कई जिलों में छह लोगों की हत्या कर दी गयी। रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र में बैखौफ अपराधियों ने खेत में काम कर रही मां और बेटी को चाकू गोद कर निर्मम हत्या कर दी गयी। दरभंगा के बहेड़ी में ऑटो मिस्त्री की हत्या कर दी गयी। जहानाबाद शहर में रिटायर फौजी को सोए अवस्था में गला दबाकर मार डाला गया। नालंदा के नूर सराय में काम करने जा रहे हैं युवक को गोलियों से भून दिया गया इसी तरह खगड़िया के मानसी में ससुराल आए युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गयी।

तालाबमें नहानेके दौरान डूबनेसे तीन बच्चों की मौत

डेहरी ऑन सोन (आससे)। बिहार में बांका जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के गंगापुर गड्ढेल गांव में शुक्रवार को तालाब में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी।गांव के धर्मेंद्र कुमार 13 वर्ष स्वीटी 14 वर्ष और 7 वर्ष के अंकुश की तालाब में गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी इसी दोपहर में नहाने गए थे। पुलिस सूचना पर पहुंची और शवको पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

गवाई गयी सीटोंको पाने के लिए चुनी गयी बिक्रमगंजमें सभा

डेहरी ऑन सोन (आससे)। एनडीए बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री के सभा कर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में गवाई गयी सीटों के पाने के लिए चुना था। सबसे बड़ी रैली कर प्रधानमंत्री क्षेत्र की समस्याओं को अपने नजरों से देखा और नेताओं से अवगत हुए। प्रधानमंत्री का लक्ष्य शाहाबाद के चारों जिले भोजपुर, रोहतास ,कैमूर और बक्सर में लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार को जीत में अब बदलने की कवायदे की इन चारों सीटों पर इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव जीते हैं जबकि 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में 22 सीटों में 20 सीटें महागठबंधन ने जीता है ।भाजपा मात्र दो सीट जीत पाई उपचुनाव में तरारी सीट वापस हुई है इसीलिए पीएम मोदी ने इन क्षेत्रों में खुद मोर्चा संभाला। मोदी की सभा में भीड़ देखकर पीएम गदगद हो गए और आगामी विधानसभा चुनाव जीतने के लिए लोगों में जोश भर कर चले जाएं।

कलाकारों ने वर्ल्ड मिल्क डे पर दूध को दी यादों की मिठास

वर्ल्ड मिल्क डे पर दूध की शुद्धता और सेहत से भरपूर गुणों का जश्न मनाया जाता है। दूध, जोकि पोषण से भरपूर है, न सिर्फ हमारी सेहत का ख्याल रखता है, बल्कि बचपन की मीठी यादों से भी जुड़ा होता है। हर संस्कृति में दूध को खास स्थान मिला है। इस मौके पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने दूध से जुड़े दिलचस्प किस्से और इसे खास बनाने वाले अनोखे तरीकों के बारे में बात की। इन कलाकारों में शामिल हैं- गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश) और रोहिताश्व गौड़ ('भाबीजी घर पर हैं' के मनमोहन तिवारी)। गीतांजलि मिश्रा ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, ''मेरे लिए दूध सिर्फ पोषण का साधन नहीं, बल्कि एक सुकून देने वाला हिस्सा है जो मेरी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में बेहद अहम है। मैं इसे खास बनाती हूं केसर-बादाम मसाला दूध के रूप में। इसके लिए मैं बादाम को रातभर भिगोकर उसका पेस्ट बनाती हूं और दूध में केसर, इलायची और थोड़े से पिसे पिस्ता के साथ उबालती हूं। इसका स्वाद तो लाजवाब होता ही है, साथ ही यह दिनभर की थकान मिटाने वाला और मन को शांत करने वाला भी होता है। मैं बचपन से ही इसे पीती आ रही हूं और यह मेरे लिए एक 'ग्लास में भरी गर्म झप्पी' जैसा लगता है। इसमें त्वचा की चमक, ऊर्जा और संपूर्ण सेहत के लिए कई फायदे छिपे हैं। मेरे लिए, यह दूध नहीं, बल्कि खूबसूरती का एक राज़ है!''रोहिताश्व गौड़, जोकि 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, '' शिमला की पहाड़ियों से आने के नाते, गरम दूध हमेशा मेरी रोज़मर्रा की दिनचर्या का हिस्सा रहा है, खासकर सर्दियों की रातों में। मैं इसे खास बनाता हूं एक चुटकी हल्दी, दालचीनी और गुड़ के साथ। यह 'हल्दी दूध' ना सिर्फ सेहतमंद और इम्युनिटी बढ़ाने वाला है, बल्कि मुझे मेरे बचपन की वो यादें भी दिलाता है जब हम भाई-बहन रज़ाइयों में लिपटकर बैठते थे और माँ के हाथ से बना हुआ ये गोल्डन मिल्क पीते थे। आज भी यह मुझे मेरे संस्कारों, जड़ों और घर की गर्माहट से जोड़ता है। दूध मेरे लिए, सिर्फ एक पौष्टिक पेय नहीं, बल्कि एक परंपरा, सुकून और घर की याद दिलाने वाला अहसास है।

तीन दिग्गज, एक मंच- राशा थडानी ने मारुति सुजुकी प्रस्तुत 23वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 में माधुरी, रवीना और नाना रवि टंडन को दिया भावुक ट्रिब्यूट

भारतीय सिनेमा एक बार फिर पूरी रौशनी में चमका जब ज़ी लेकर आया मारुति सुजुकी प्रस्तुत 23वां ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025 – साल भर की कहानियों, सितारों और सिनेमा की आत्मा का भव्य उत्सव। इस बार मंच पर सिर्फ सितारे नहीं, बल्कि उनके फैंस भी छाए रहे। साल की सबसे बड़ी फैनटेरटेनमेंट नाइट ने ग्लैमर और जुनून को एक साथ लाकर, कलाकारों और दर्शकों के बीच एक खूबसूरत रिश्ता बना दिया।इस शाम का सबसे खास लम्हा तब आया जब राशा थडानी ने मंच पर तीन दिग्गजों – माधुरी दीक्षित, अपने नाना रवि टंडन और अपनी मां रवीना टंडन को समर्पित एक दमदार ट्रिब्यूट दिया। राशा ने तीन आइकॉनिक गानों के ज़रिए हर परफॉर्मेंस में अपनी भावनाओं, पहचान और पारिवारिक विरासत को बखूबी जिया।'एक दो तीन' पर उन्होंने माधुरी दीक्षित की एनर्जी और ग्रेस को उतनी ही खूबसूरती से दोहराया, जैसी उस दौर में दिखाई देती थी। 'हंगामा हो गया' में उन्होंने बिंदु जी की बोल्ड स्क्रीन प्रेज़ेंस और आत्मविश्वास को जीवंत कर दिया

– यह वही गाना है जिसे उनके नाना रवि टंडन ने निर्देशित किया था। और फिर आया 'टिप टिप बरसा पानी' – उनकी मां रवीना टंडन को समर्पित एक बेहद निजी और भावनात्मक ट्रिब्यूट। राशा ने उस पीली साड़ी वाले यादगार पल को अपनी स्टाइल और आत्मीयता के साथ दोबारा जिया, साथ ही उस क्लासिक पल की गरिमा भी बनाए रखी।राशा थडानी ने कहा, दुनिया के लिए,ये गाने भारतीय सिनेमा के आइकॉनिक मोमेंट्स हैं। लेकिन मेरे लिए, ये वो धरोहर हैं जिन्होंने मुझे गढ़ा है – खासकर 'टिप टिप बरसा पानी'। बचपन से मैंने देखा है कि मेरी मां को किस तरह का प्यार और सम्मान मिला है – ये सिर्फ एक गाना नहीं है, ये एक एहसास है, एक याद है। उस पीली साड़ी में कदम रखना मेरे लिए किसी सपने से कम नहीं था। 'हंगामा हो गया' मेरे दिल के और भी करीब था – ये मेरे नाना रवि टंडन की पहली फिल्म अनोखी का गाना है और भारतीय सिनेमा का पहला डिस्को सॉन्ग भी माना जाता है, जिसमें बिंदु जी थीं। मैं सिर्फ परफॉर्म नहीं कर रही थी, मैं तीन पीढ़ियों को एक मंच पर सलाम कर रही थी – माधुरी मैम, मेरे नाना और मेरी मां। ये मेरे दिल से निकला एक श्रद्धांजलि था, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगी।7 जून को शाम 7:30 बजे से, सिर्फ ज़ी सिनेमा, ज़ी टीवी और ज़ी5 पर देखिए 'मारुति सुजुकी प्रस्तुत 23वें ज़ी सिने अवॉर्ड्स 2025', को-पावर्ड बाय माज़ा, ट्रेसमे, विक्स कफ ड्रॉप्स, गो चीज़ और डाबर रेड पेस्ट। एनर्जी ड्रिंक पार्टनर - हेल एनर्जी; स्पेशल पार्टनर्स – बालाजी वेफर्स, कैडबरी डेरी मिल्क, डॉक्टर फिक्सिट और गार्नियर।

पॉवर, जो कभी खत्म न हो: 2025 की फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ का भारत में हुआ लॉन्च

नयी दिल्ली। रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की। यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है। इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मूला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है। यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है।अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा जीटी 7 के लिए रियलमी के साथ हमारा सहयोग फ्लैगशिप इनोवेशन को भारतीय ग्राहकों तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। भारत में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई के साथ पहले स्मार्टफोन के रूप में यह लॉन्च भारत पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण को एक बड़ी कामयाबी है। 4एनएम आर्म बिग कोर मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई में कॉर्टेक्स एक्स4 कोर और शक्तिशाली इम्मोर्टलिस-जी720 एमसी12 जीपीयू का उपयोग किया गया है, जिससे बहुत स्मार्ट, रिस्पॉन्सिव और पॉवर-एफिशियंट अनुभव प्राप्त होता है, जो आज के यूज़र्स की वास्तविक ज़रूरतों के अनुरूप है।रियलमी जीटी 7 में 7000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी, 120 वॉट का अल्ट्रा चार्ज और भारत का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई चिपसेट है। यह 8जीबी+256जीबी, 12जीबी+256जीबी और 15जीबी+512जीबी वैरिएंट्स में 34,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में उपलब्ध है। इसकी पहली सेल 30 मई, 2025 को दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

निजीकरणके विरोधमें दूसरे दिनभी बिजलीकर्मियोंने किया प्रदर्शन

पदाधिकारियोंने आन्दोलन तेज करनेका किया एलान

नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर दूसरे दिन भी देश के सभी प्रांतों के बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने बिजली के निजीकरण के विरोध में प्रदर्शन किया। आन्दोलन के क्रम में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशाम्बी एवं फतेहपुर के कर्मचारी कार्य बहिष्कार करते हुए जार्जटाउन स्थित विद्युत मुख्यालय पर धरने पर बैठे। वक्ताओं ने अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजेक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देकर निजीकरण की प्रक्रिया तेज करने की कार्यवाही का विरोध जताया। संघर्ष समिति ने कहा कि इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि प्रबंधन की निजी घरानों से मिली भगत है। इसीलिए तीसरी बार निधि नारंग को सेवा विस्तार दिया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विद्युत वितरण निगमों में घाटे के भ्रामक आंकड़ों देकर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण का निर्णय लिया है। जिससे उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मी विगत ६ माह से लगातार आंदोलन कर रहे हैं किंतु अत्यंत खेद का विषय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने आज तक एक बार भी उनसे वार्ता नहीं की। मांगों को लेकर निजीकरण के विरोध में आज देशभर में २७ लाख बिजली कर्मचारियों ने सभी जनपदों और परियोजनाओं पर भोजन अवकाश के दौरान सड़क पर उतरकर व्यापक विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश के बिजली कर्मियों के साथ अपनी एकजुटता दिखाई। बिजली कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का कोई भी उत्पीड़न करने की कोशिश की गई तो देश के तमाम २७ लाख बिजली कर्मी मूक दर्शन नहीं रहेंगे। सड़क पर उतर कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की होगी।विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से निजीकरण की लड़ाई में आमजन से भी सहयोग का आह्वान किया गया है। अभी निरंतर बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इसीलिए, बेमियादी कार्य बहिष्कार के दौरान बिजली आपूर्ति में आने वाले ब्रेकडाउन का निराकरण करेंगे,जिससे उपभोक्ताओं को इस गर्मी में परेशानी न हो।

संगम स्नान करने गये श्रद्धालुकी बाइक चोरी

संगम नोज के पास बाइक खड़ी कर स्नान करने गये एक श्रद्धालु की बाइक चोरी हो गयी। उन्होंने दारागंज थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है।

प्रतापगढ़ जनपद के जेठवारा पूरे तोरई निवासी सूरज कुमार सोने ने पुलिस को बताया कि उनके पिता २७ मई को संगम स्नान करने के लिए आये थे। संगम नोज पर वह बाइक खड़ी कर स्नान के लिए चले गये। वापस लौटे तो बाइक गायब थी। उन्होंने आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की लेकिन बाइक का पता नहीं चल सका। दारागंज पुलिस मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश कर रही है।

पदम एनक्लेव समर कैंपका शानदार समापन

क्रीड़ा भारती के सौजन्य से पदम एनक्लेव में समर कैंप २१ मई से प्रारंभ होकर २९ मई समापत हुआ २५ तारीख को उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी ने लाइब्रेरी के उद्घाटन के मौके पर समर कैंप कर रहे कुछ प्रतिभागी को आध्या, एकांश, श्रेयांश, पार्थ, फ्रेड, चैतन्य, विरा को पुरस्कार दिया। उपाध्यक्ष कमल सिंह इस समर कैंप सूत्रधार थे।

प्रत्येक दिवस में बालक बालिकाओं को खेल एवं सहगामी क्रियाएं का आयोजन किया। प्रथम दिवस बच्चों को योग एवं कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन तैराकी प्रतियोगिता एवं लूडो प्रतियोगिता कराई गई। तीसरी दिवस बालक बालिकाओं को बैडमिंटन एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चौथे दिन व्यक्तित्व विकास एवं समय का सदुपयोग पर चर्चा की गई। पांचवें दिन कला प्रतियोगिता कराई गई जिसमें सभी बच्चों ने बहुत रुचि के साथ प्रतिभा किया छठे दिन क्ले आर्ट टीचर रूपाली मिश्रा ने क्ले से बने हुए वास्तु बनाना सिखाया। सातवें दिन ग्लास पेंटिंग बच्चों को सिखाया बच्चों ने बहुत रुचि लेकर पेंटिंग में प्रतिभाग किया।

इस समर कैंप को ऐ आर ए ज्वेलर्स का सहयोग प्राप्त हुआ। क्रीड़ा भारती के काशी प्रांतीय अध्यक्ष वीरेंद्र उपाध्याय ने समापन मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष विजय राय उपाध्यक्ष कमल सिंह सचिन शमेन्द्र अग्रवाल को प्रयागराज में पहली बार सोसाइटी में समर कैंप का आयोजन करने पर बधाई दी। बच्चों को खेलकूद कौशल और क्रीड़ा भारती द्वारा खेलों के लिए किया जा रहे प्रयासों के बारे में बताया।

अर्चना जी ने बच्चों को मोबाइल से होने वाले नुकसानदेह बताया और बच्चों को मैदान में रहने की आवश्यकता बताइए। नवीन जी ने बच्चों को खेल की बारीकियों की जानकारी दी। इस प्रयास के लिए कमल सिंह कोच को सम्मानित किया गया। इस मौके पर हेनरी आर्टी, हर्ष पालीवाल, रिंकू झा,अनुपमा, मनोज जी, आर सी जयसवाल, शालिनी आरोड़ा, रिचा शर्मा मौजूद रहीं।

नहीं हाजिर हो सके प्रमुख सचिव, अब जुलाईमें होगी सुनवाई

चिकित्सा सुविधाओंको राजधानी तक सीमित रखनेपर हाईकोर्टने उठाया सवाल

प्रदेशके ४२ मेडिकल कालेजोंमें सुधारके लिए उठाये गये कदमों की जानकारी मांगी

(विधि संवाददाता)

प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था पर जवाब देने के लिए प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा शुक्रवार को हाई कोर्ट में हाजिर नहीं हो सके। प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने उनकी हाज़िरी को लेकर माफ़ी मांगी जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने एक जुलाई की तिथि नियत की है।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश में ४२ राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों और उनसे जुड़े अस्पतालों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। डॉ. अरविंद गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार को एक जुलाई, २०२५ को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। शुक्रवार को प्रमुख सचिव स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने एक जुलाई को प्रमुख सचिव को निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी देने का निर्देश दिया। उत्तर प्रदेश के ४२ चिकित्सा महाविद्यालयों और उनसे जुड़े अस्पतालों की समग्र स्थिति में सुधार के लिए राज्य सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए है। कोर्ट ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज और राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान सहित राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को आवंटित बजट पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगले कुंभ (२०३१) को ध्यान में रखते हुए स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में मौजूदा १२५० बिस्तरों से कम से कम ३००० बिस्तरों तक चिकित्सा सुविधा को उन्नत करने के लिए राज्य सरकार क्या कदम उठा रही है। राज्य भर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करने के बारे में उठाए गए कदमों की जानकारी अदालत को दी जाए। क्योंकि वे खराब हालत में हैं, जिससे चिकित्सा महाविद्यालयों से जुड़े अस्पतालों पर भारी दबाव पड़ रहा है। प्रयागराज क्षेत्र में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान जैसे एक संस्थान की स्थापना राज्य सरकार विचार करे ताकि पड़ोसी जिलों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। अदालत ने टिप्पणी की कि मरीजों को लखनऊ या दिल्ली में रेफर किया जा रहा है, क्योंकि उचित बुनियादी ढांचे और दवाओं की कमी के कारण इन चिकित्सा महाविद्यालयों में उनका इलाज नहीं हो पाता है। अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि राज्य सरकार का पूरा ध्यान राज्य की राजधानी में चिकित्सा बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित प्रतीत होता है, जिससे उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों के लोगों को चिकित्सा सहायता से वंचित किया जा रहा है और उन्हें इलाज के लिए लखनऊ या दिल्ली जाना पड़ता है। कोर्ट ने कहा कि करदाताओं का पैसा पूरे राज्य में समान रूप से खर्च किया जाना चाहिए, न कि किसी विशेष शहर को चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए जबकि अन्य शहरों की उपेक्षा की जाए। कोर्ट ने अगली सुनवाई पर प्रयागराज के जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त, नगर निगम, प्रयागराज के नगर आयुक्त, स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल, प्रयागराज के अधीक्षक प्रभारी और उप अधीक्षक, और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रयागराज को भी उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायधीश एवं मुख्यमंत्रीके आगमनको लेकर पुलिस अलर्ट

एक हजारसे अधिक फोर्स तैनात, खुफिया विभागकी पैनी नजर

मुख्य न्यायधीश और मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम के लिए, एक हजार से अधिक पुलिस व पीएसी फोर्स की तैनाती की गई है। इसके अलावा, गैर जनपदों से भी फोर्स बुलाई गई है। इसमें चार एएसपी, दस सीओ व सात कंपनी पीएसी भी शामिल हैं। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने पुलिस बल को दिशा निर्देश जारी कर दिया है। पुलिस प्रशासन की ओर से हाईकोर्ट से लेकर हैलीपैड स्थल व सर्किट हाउस तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की एक दिन पूर्व शुक्रवार को भी तैनाती कर दी गई है। इसके अलावा शहर के संगम, बड़े हनुमान, चुंगी, बालसन चौराहा, रोडवेज बस डिपो, रेलवे जंक्शन सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस व पीएसी की तैनाती की गई है। खुफिया विभाग भी पैनी नजर बनाए हुए है। इसके अलावा ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से भी संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार ने शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कैंप कार्यालय में बैठक कर पुलिस बल को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं होने की हिदायत दी। साथ ही अपनी-अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह सचेत रहने का भी आदेश दिया। इस मौके पर अपर पुलिस आयुक्त डॉ अजयपाल शर्मा, डीसीपी नगर अभिषेक भारती, डीसीपी यमुनानगर विवेकचंद्र यादव, डीसीपी प्रोटोकॉल पंकज, एसीपी लाइंस राजकुमार मीना सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

आज हाई कोर्ट जाने वाले मार्गोंपर रहेगा डायवर्जन

इलाहाबाद हाई कोर्ट परिसर स्थित नवनिर्मित अधिवक्ता चैंबर व पार्किंग भवन के उद्घाटन को लेकर शनिवार को रूट डायवर्जन किया गया है। यह रूट डायवर्जन सुबह नौ से कार्यक्रम की समाप्ति तक जारी रहेगा। यातायात निरीक्षक प्रथम अमित कुमार ने बताया कि इंदिरा मूर्ति चौराहा से एलिगन रोड की तरफ, इंदिरा मूर्ति चौराहा से अशोका रोड की तरफ, इंडियन बैंक के पास से पास आफिस की तरफ, हनुमान मंदिर हाई कोर्ट चौराहा से एलिगन रोड की तरफ आम लोगों के लिए यातायात प्रतिबंधित रहेगा। सुबह नौ बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक यह व्यवस्था लागू रहेगी। इसके अलावा और जहां भी रूट डायवर्जन की जरूरत होगी, उसे किया जाएगा।

बुजुर्ग महिलासे २.६५ लाख रुपयेकी धोखाधड़ी

करेली थाना क्षेत्र निवासी एक बुजुर्ग महिला से प्लाट के नाम पर २.६५ लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। रुपये मांगने पर पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने करेली थाने में आरबीए पुण नाम की कंपनी के मालिक आसिफ खान, अकरम खान समेत छोटे बेटे खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। करेली के करेलाबाग निवासी ७२ वर्षीय महिला हैदरी बीबी ने पुलिस आयुक्त से शिकायत की थी कि उक्त आरोपियों से उन्होंने चकलखनपुर में स्थित एक आवासीय प्लाट को किश्तों में खरीदा था। पीड़िता ने धीरे-धीरे किश्तों में २.६५ लाख रुपये दिया। जिसकी सभी रसीदें भी उनके पास मौजूद हैं। पूरा पैसा देने के बाद जब प्लाट की रजिस्ट्री के लिए कहा तो टाल मटोल किया जाने लगा। पीड़िता ने रुपये वापस मांगा तो वह कुछ दिन रुकने को कहा और बोले की रजिस्ट्री करा दी जायेगी। इस तरह से पीड़िता को पैसे दिये कई साल हो गये अब न रुपये वापस किया जा रहा है और न ही जमीन। पीड़िता जब जमीन पर पहुंची तो जानकारी हुई की उस जमीन का मालिक आसिफ खान नहीं बल्कि कोई और है। आरोप है कि उक्त आरोपित कूटरचित व फर्जी दस्तावेज तैयार कर एवं जालसाजी कर जमीन को फर्जी तरीके से बेचा है। पीड़िता ने रुपये की मांग की तो गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी दी गयी कहा कि न रुपये मिलेंगे और न ही जमीन।

आखिर बार-बार कौन कर रहा साजिश जो नहीं हो पा रहा ट्रैप

फाफामऊ अटरामपुर रेलखंडपर मिला था बिजलीका पोल

बार-बार रेलवे ट्रैक पर आपत्तिजनक चीजें मिलने से खुफिया एजेंसियां भी सतर्क हो गई हैं। दिल्ली-हावड़ा रूट पर अभी तक कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिलने से आरपीएफ की रिपोर्ट में इसे आपराधिक मामला नहीं माना गया है लेकिन शरारत करने वाले अज्ञात युवकों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि कुछ लोग इस घटना को ट्रेन पलटाने की साजिश भी बता रहे हैं। दरअसल एक साल से लगातार रेलवे ट्रैक पर इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं जिससे खुफिया एजेंसियां किसी साजिश से इनकार नहीं कर रही है। इस तरह की साजिश या शरारत करने वाले इतने शातिर हैं कि अभी तक प्रयागराज में ट्रैप नहीं हो सके हैं। इस घटना से पहले बीते पांच अप्रैल को फाफामऊ-अटरामपुर रेलखंड में गद्दोपुर ज्ञानकुंज कालोनी के सामने रेलवे ट्रैक पर किसी ने सोलर लाइट का खंभा रख दिया था। भोर लगभग चार बजे ऊंचाहार की ओर से मालगाड़ी जा रही थी। लोको पायलट संजय शर्मा की नजर रेलवे लाइन पर रखे लोहे के खंभे पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए। उस वक्त भी लोको पायलट ने तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोकी। आरपीएफ ने अज्ञात में केस दर्ज किया लेकिन पता नहीं चला कि किसी ने शरारत की थी। जीआरपी और आरपीएफ रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे रहने वाले ग्रामीणों की मदद से जागरूकता अभियान चला रही है ताकि संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की जानकारी मिल सके। इसी तरह हरदोई जिले में ट्रेन पलटाने की कोशिश की गई। लखनऊ-मुरादाबाद रूट पर १८ मई की शाम को पटरी पर लकड़ी का टुकड़ा मिला। गनीमत रही कि ड्राइवर ने लकड़ी के टुकड़े को देख लिया और समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा लिया। उधर, सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी मामले की जांच में जुट गए। ये मामला बालामऊ क्षेत्र का है। जहां दलेल नगर उमरताली स्टेशन के बीच शरारती तत्वों ने ट्रैक पर लकड़ी का मोटा टुकड़ा रख दिया। उस समयकाठ गोदाम एक्सप्रेस ट्रेन गुजर रही थी। जैसे ही लोको पायलट की नजर पड़ी तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाई। इसके बाद ट्रेन रुकने पर लकड़ी के टुकड़े को हटाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया।

पृष्ठ एक का शेष

मोदीकी पाकिस्तान...

जहां टारगेट तय किया, वहां धमाके किए। यह ताकत हमें आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से मिली। एक समय था जब सैन्य जरूरतों के लिए अपनी रक्षा के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था हमने उन हालातों को बदलने की शुरूआत की है। उत्तर प्रदेश में पहले से स्थापित आर्डनेंस फैक्ट्रियों को अत्याधुनिक किया गया है और नई फैक्ट्रियां भी स्थापित की जा रही है। प्रदेश में जहां पारम्परिक उद्योग पलायन कर रहे थे वहीं अब डिफेंस सेक्टर की बड़ी कंपनियां आ रही है। हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर खुल रहे है। हमारी डबल इंजन सरकार का स्पष्ट मत है कि उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा तो निश्चित है कि कानपुर का गौरव लौटेगा।

कानपुरमें भूमिगत...

कारिडोर मिलाकर कुल १४ स्टेशन संचालित होंगे। मोतीझील से कानपुर सेंट्रल के बीच जिन पांच भूमिगत मेट्रो स्टेशनों का आज शुभारम्भ किया गया है उसमें चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ाचौराहा, नयागंज एंव कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन शामिल है। यात्री सेवा के विस्तार के बाद अब लालइमली, नवीन मार्केट, बीएनएसडी, जीआईसी कालेज, जेड स्क्वायर मॉल, ग्रीनपार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, बाबा आनंदेश्वर मंदिर, परेड पुस्तक भंडार और सोमदत्त प्लाजा जैसे महत्वपूर्ण स्थान मेट्रो से जुड़ गए है।

प्रधानमंत्रीने शुभम...

मुलाकात के वक्त माहौल गमगीन हो गया और मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई। परिजनों ने प्रधानमंत्री का आभार जताया और अपनी बात साझा की। शहीद शुभम की पत्नी ऐशन्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अपने भावुक मन की बात साझा की। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा जैसे किसी बड़े ने सिर पर हाथ रख दिया हो... प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके मैं बहुत भावुक हो गई। प्रधानमंत्री से हुई इस मुलाकात को ऐशन्या ने एक आत्मीय और संबल देने वाला क्षण बताया। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े नेता का इस तरह आकर हालचाल पूछना उनके लिए गर्व और भावुकता से भरा पल था। ऐशन्या ने बताया कि पीएम मोदी ने आपरेशन सिंदूर अभी जारी रखने की बात कहीं है। साथ ही, आतंक के खिलाफ लड़ाई जारी रहने के लिए भी कहा। ऐशन्या ने बातचीत में बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री के सामने दो बातें रखी थी। जिसको उन्होंने सुना। उन्होंने वादा किया है कि वे आतंकवाद का समूल नाश कर देंगे। उन्होंने कहा कि आज जल्दी है, आपसे दोबारा मुलाकात करेंगे।

जौनपुरमें पलटी...

30 वर्षीय उत्तम निषाद व देवीप्रसाद सिंह, करनपुर लेदुका बदलापुर निवासी इंद्रपाल, बेलावा बदलापुर निवासी ज्योति सिंह को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया, जिसमें पुष्पा की स्थिति गंभीर बनी हुई है जबकि मई बक्शा निवासी सुनीता पत्नी अखिलेश एवं अधिवक्ता लालता यादव तथा देवापट्टी बदलापुर निवासी रतिराम यादव को प्राथमिक उपचार के बाद पहुँचे परिजनों के साथ घर भेज दिया गया।

अंकिता हत्याकांड...

अभियोजक अवनीश नेगी की ओर से बचाव पक्ष की बहस का जवाब देकर सुनवाई का सिलसिला समाप्त किया गया था। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस व दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाने के लिए 30 मई की तिथि निर्धारित की थी। कोटद्वार स्थित एडीजे कोर्ट में 30 जनवरी, 2023 को मामले की पहली सुनवाई शुरू हुई थी। एसआईटी जांच के बाद अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में 500 पेज का आरोपपत्र दाखिल किया गया। तीनों हत्यारोपियों वनंतरा रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता पर आरोप तय होने के बाद 28 मार्च, 2023 से अभियोजन पक्ष की गवाही शुरू हुई। करीब दो साल और आठ महीने तक चली सुनवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से विवेचक समेत 47 गवाह अदालत में परीक्षित कराए गए। हालांकि एसआईटी ने इस मामले में 97 गवाह बनाए थे, जिनमें से 47 अहम गवाहों को ही अदालत में पेश कराया गया। आरोपियों को उम्रकैद की सजा के फैसले से अंकिता के माता पिता खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने हमारी बेटी को मौत दी उन्हें भी मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने हमारा घर बरबाद कर दिया। हम चाहते थे कि हमारे जिंदा रहते इन हत्यारों को मौत की सजा मिले। हम इसके लिए हाईकोर्ट में अपील करेंगे।

देशभरमें तेजी...

25 साल की एक लड़की कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। उसे बुखार और पेट दर्द की शिकायत के बाद जांच की गई थी। झारखंड में दो नए केस मिले हैं, जिससे वहां कुल संक्रमितों की संख्या 3 हो गई है। कर्नाटक में भी कोरोना की स्थिति चिंताजनक है। वहां कुल 126 एक्टिव केस हैं। बेलगावी जिले में कोरोना से एक बुजुर्ग की मौत हो चुकी है। यह राज्य में हाल ही में हुई दूसरी मौत है। बुजुर्ग पहले से ही कई बीमारियों से पीड़ित थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हुई।

भारत अब सहन...

नाते नहीं आया हूं, बल्कि मैं यहां एक कृतज्ञ भारतीय के रूप में आया हूं। मैं आपके समर्पण को नमन करने, आपके शौर्य को सराहने और आपके परिश्रम को सलाम करने आया हूं। मैं आप सभी को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई देता हूं। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि महज कुछ ही समय में हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उनके ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर मैं फिर दुहरा रहा हूं, हमने अपनी शर्तों पर अपनी सैन्य कार्रवाई को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपने आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। इस पूरे एकीकृत संचालन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है।

हरियाणा सीएम...

डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंच गए हैं। पूरे सचिवालय को खाली करवा दिया गया है। हालांकि शुक्रवार को गुरु अर्जन देव की जयंती के चलते सरकारी कर्मचारियों का आरएच होने के कारण सचिवालय में भीड़ कम थी, जबकि पंजाब सचिवालय में अवकाश है।

उद्योग भवनको...

ई-मेल में कथित तौर पर इमारत को आईईडी से निशाना बनाने की योजना का जिक्र था। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है और परिसर की जांच के लिए बम निरोधक दस्तों को तुरंत तैनात किया गया। परिसर को खाली करा लिया गया है और तलाशी अभियान जारी है।

एक ही शिफ्टमें...

में परीक्षा आयोजित करने से मनमानी होती है। पीठ ने कहा कि सिर्फ एक या दो छात्रों ने याचिका दाखिल की हो, फिर भी अगर उनकी बात सही है तो कोर्ट को दखल देना होगा। पिछले साल विशेष परिस्थितियों में परीक्षा दो शिफ्ट में हुई थी, लेकिन यह अब सामान्य नियम नहीं बन सकता। अदालत ने कहा कि परीक्षा में अभी दो हफ्तों से ज्यादा का समय बचा है, इसलिए एनबीई को पर्याप्त समय है कि वह नए सिरे से केंद्र चिन्हित कर परीक्षा एक शिफ्ट में आयोजित करे। अदालत ने एनबीई को पारदर्शिता बनाए रखने और सुरक्षित केंद्र सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इसके अलावा यह भी कहा कि जल्द से जल्द सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी की जाएं। बता दें कि नीट-पीजी 2024 परीक्षा के बाद पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्रों ने सितंबर 2024 में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। उनकी मांग थी कि परीक्षा एक ही शिफ्ट में हो, ताकि नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया से बचा जा सके, जिसे वे अनुचित मानते हैं। साथ ही, छात्रों ने प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी सार्वजनिक करने की भी मांग की थी।

जम्मू-कश्मीरका...

प्रशासनिक अधिकारी को भी अपना बलिदान देना पड़ा। इससे पहले कल गृहमंत्री ने अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकवाद के सफाए, घुसपैठ पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राजभवन जम्मू में उच्च स्तरीय बैठक की थी। गृहमंत्री ने कहा है कि सरकार की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति है। भारत अपने लोगों की सुरक्षा और संप्रभुता को बचाने के लिए दुश्मन को घर में घुसकर मारने में विश्वास रखता है। गृहमंत्री बृहस्पतिवार को शाम साढ़े सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू पहुंचे। इस करीब साढ़े आठ बजे गृहमंत्री की अध्यक्षता में राजभवन जम्मू उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक शुरू हुई। इसमें अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा, आतंकरोधी अभियान, भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद की सुरक्षा स्थिति पर चर्चा हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर में सीमा सुरक्षा बल की वीरता की सराहना करते हुए कहा कि पाकिस्तान द्वारा भारतीय रिहायशी इलाकों पर हमले के जवाब में जम्मू फ्रंटियर की बीएसएफ ने 118 से अधिक पाकिस्तानी पोस्ट तबाह कर दीं। इस कार्रवाई में दुश्मन की निगरानी प्रणाली को भी निशाना बना कर ध्वस्त कर दिया गया, जिसे दोबारा स्थापित करने में पाकिस्तान को 4-5 साल लग सकते हैं।

सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देशोंमें भारत

पूरी दुनिया में इस समय जलवायु परिवर्तन को लेकर सबसे ज्यादा चिंता कार्बन उत्सर्जन को कम से कम करने की है। लेकिन चिंता की बात ये भी है कि जो तीन देश वर्ल्ड में सबसे ज्यादा ये काम कर रहे हैं, उसमें चीन और अमेरिका के बाद भारत भी है। जाहिर सी बात है कि दुनिया में इसे कम करने का कम हो रहा है। सबसे पहले देख लेते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले देश कौन से हैं और वो कितनी मात्रा का उत्सर्जन कर रहे हैं। ये वर्ष 2023 के आंकड़ों के अनुसार है। साथ ही इनके साथ दिया हुआ डेटा मिलियन टन सीओ२ प्रति वर्ष में है। इसे Global Carbon Project, IEA, और EDGAR जैसे स्त्रोतों से लिया गया है। चीन-दुनिया के कुल सीओ२ उत्सर्जन का 30 प्रतिशत। इसकी वजह उसकी कोयले पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता है लेकिन वो सौर और हवा से पैदा होने वाली एनर्जी में निवेश कर रहा है। वह 2060 तक कार्बन न्यूट्रैलिटी का लक्ष्य रखता है। 12,400 MtCO२ कॉर्बन उत्सर्जन। कोयला- 55 प्रतिशत। तेल- 20 प्रतिशत। गैस- 10 प्रतिशत। भारत-7 प्रतिशत। भारत की निर्भरता भी कोयले पर ज्यादा है, जिसे वह नवीकरणीय ऊर्जा से दूर करने में लगा है। उसका नेट जीरो तक पहुंचने का प्लान वर्ष 2070 तक है। 3,400 MtCO२। कोयला- 70 प्रतिशत। तेल- 25 प्रतिशत। रूस - 5 प्रतिशत। रूस प्राकृतिक गैस निर्यात पर फोकस, लेकिन नवीकरणीय ऊर्जा में उसकी प्रगति वैसी नहीं है बल्कि इसे धीमा कहना चाहिए.जापान - 3 प्रतिशत। कॉर्बन उत्सर्जन कम करने के लिए जापान परमाणु ऊर्जा को फिर से बढ़ावा दे रहा है। हाइड्रोजन टेक्नोलॉजी में निवेश में निवेश कर रहा है। कार्बन प्राइसिंग-यूरोप जैसे क्षेत्रों में कार्बन टैक्स या कैप-एंड-ट्रेड सिस्टम शुरू हो चुका हैईवी अपनाना-इलेक्ट्रिक वाहनों को सब्सिडी (जैसे नॉर्वे में 90 प्रतिशत नई कारें ईवी)ऊर्जा दक्षता- ऐसी इमारतें बनाई जा रही हैं। ऐसे उद्योग लगाए जा रहे हैं, जो ऊर्जा बचत तकनीक से लैस हैं। - ग्लोबल वार्मिंग - ये शब्द पिछले कई सालों से हम बहुत सुन रहे हैं और बात सही है कि CO२ और अन्य ग्रीनहाउस गैसों से धरती का तापमान बढ़ रहा है। (पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.2एष्ट अधिक)।

- इसी वजह से चरम मौसमी घटनाएं भी बढ़ रही हैं, यानि बाढ़, सूखा, तूफान (ये दुनिया में जगह जगह हो रहा है)
- समुद्र स्तर में वृद्धि हो रही है। ग्लेशियर पिघल रहे हैं, इससे तटीय शहरों को खतरा। माना जा रहा है कि अगर यही रफ्तार बनी रही तो भविष्य में बांग्लादेश और मालदीव जैसे देशों के बहुत से तटीय शहर गायब हो जाएंगे।
- जैव विविधता को नुकसान हो रहा है।

प्रति व्यक्ति उत्सर्जन (2023),सऊदी अरब - 18 टन/व्यक्ति,अमेरिका - 15 टन/व्यक्ति,रूस - 12 टन/व्यक्ति,जर्मनी - 9 टन/व्यक्ति,चीन - 8.5 टन/व्यक्ति,भारत - 2.4 टन/व्यक्ति।

चीन/भारत - बिजली उत्पादन (कोयला), उद्योग, निर्माण।

अमेरिका/यूरोप - परिवहन (तेल), घरेलू ऊर्जा।

रूस/सऊदी अरब - जीवाश्म ईंधन निष्कर्षण और निर्यात। ग्रीनहाउस गैसें (GHG) वे गैसें हैं जो पृथ्वी के वायुमंडल में गर्मी को रोककर ग्रीनहाउस प्रभाव पैदा करती हैं.कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) - ये गैसें जीवाश्म ईंधन (कोयला, पेट्रोल, डीजल) जलाने से निकलता है।

मीथेन (CH4) - कृषि, पशुपालन और लैंडफिल से निकलता है।

नाइट्रस ऑक्साइड (N2O) - उर्वरकों और औद्योगिक प्रक्रियाओं से निकलता है। फ्लोरिनेटेड गैसें (HFCs, PFCs, SF6) - ये रेफ्रिजरेशन और औद्योगिक उपयोग से निकलती हैं। कार्बन उत्सर्जन मुख्य रूप से CO2 के उत्सर्जन को कहते हैं, जो मानवीय गतिविधियों (जैसे जीवाश्म ईंधन जलाना, वनों की कटाई) से बढ़ता है। यह ग्रीनहाउस गैसों का सबसे बड़ा हिस्सा है (लगभग 75 प्रतिशत GHG उत्सर्जन CO2 होता है)। दोनों के उत्सर्जन से ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, समुद्र स्तर वृद्धि और चरम मौसमी घटनाएं बढ़ती हैं।

उत्कंठा को कैसे संभालें?

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

जब मन आपके कर्मों के फल की उत्कंठा में फंसा हो, तो क्या करें? यह विश्वास रखें कि परिणाम आपकी कल्पना से कहीं बेहतर होगा। जब आपके भीतर विश्वास होता है, तब आप क्रिया और उपलब्धि की उस बेचैनी से मुक्त हो सकते हैं। कभी-कभी यह बेचैनी बहुत अधिक सक्रियता के कारण भी होती है। तब थोड़ी नींद, मधुर संगीत सुनना, और ठंडे पानी से स्नान करना सहायक हो सकता है। वैराग्य लाएँ। यह जान लें कि जीवन किसी न किसी तरह बीत ही जाएगा, और वास्तव में कुछ भी इतना महत्वपूर्ण नहीं है। ध्यान और श्वास की प्रक्रिया आपको शांत कर सकती है। जो आप कर रहे हैं, उसे छोड़ दीजिए और कुछ एकदम ही असंबंधित करें। जैसे - अगर आप घर सजा रहे हैं, तो कुछ देर लॉन काट लें या बाज़ार चले जाएँ। जब आप किसी बहुत महत्वपूर्ण काम में लगे हों, तो बीच में कोई पूरी तरह अलग और सहज सा कोई कार्य करें तुच्छ स कार्य करें। यह आपकी रचनात्मकता को बढ़ाता है। प्रासंगिक कार्य आपको उस कार्य से बाँधता है, जबकि अप्रासंगिक कार्य जीवन को खेल बना देता है। उत्कंठा आपके मन को ताज़े और उन्मुक्त ढंग से सोचने नहीं देती। ताज़ा सोचने के लिए, मन को सभी छापों से मुक्त करना होता है। ठीक इसी क्षण सभी छापों को छोड़ दीजिए और रिक्त और शून्य बन जाइए। जैसे कोई शब्द सुनते ही उसका अर्थ समझ आ जाता है, वैसे ही यह ज्ञान कि आप बैठे हैं, खड़े हैं या बोल रहे हैं - इसके लिए न किसी पुष्टि की ज़रूरत है, न किसी प्रमाण की। बस स्वतंत्र होने का संकल्प ही आपको अभी मुक्त कर देता है। यह अनुभव कि स्वतंत्रता आपका स्वभाव है, आपके भीतर अपार शक्ति जागृत करता है। इच्छाओं की प्रकृति को समझना आपको उन्हें पूरा करने की उत्कंठा से बहुत राहत देता है। यह ज्ञान इतना गहरा है कि इसे आत्मसात करने के लिए एक जीवन भी पर्याप्त नहीं है। इच्छा आनंद को मार देती है, और सारी इच्छाएँ आनंद पाने के लिए ही होती हैं। जब भी आपके जीवन से खुशी चली जाती है, भीतर झाँकिए - वहाँ कोई इच्छा होगी। लेकिन जो भी हम चाहते हैं, वह तो केवल खुशी ही है! जब आपका छोटा मन इस ओर-उस ओर दौड़ते-दौड़ते थक जाता है, तब वह स्वयं कहता है - मेरी इच्छाओं ने ही मेरी खुशी को मार डाला।

बंगलादेशमें शादी करने पर चीनने लगाया बैन

चीन में दशकों तक वन चाइल्ड पॉलिसी को फॉलो किया गया है। दरअसल सरकार ने आबादी पर काबू पाने के लिए ऐसा कदम उठाया था और इसके लिए जनता पर दबाव बनाया गया था। ऐसी परिस्थिति में लड़के की इच्छा रखने वाले परिवारों ने गर्ल-चाइल्ड को जन्म देना जरूरी नहीं समझा और देश में सेक्स रेश्यो पूरी तरह से बिगड़ गया है। यही वजह थी कि साल 2000 में हर 100 लड़की पर 121 लड़के थे। चीन में ऐसे लोग बड़ी तादात में हैं जो कि दूसरे देशों में दुल्हनों की तलाश कर रहे हैं। ये लड़के पाकिस्तान और बांग्लादेश की लड़कियों के साथ शादी रचा रहे हैं, जिसे क्रॉस बॉर्डर वेडिंग कहते हैं। अब रविवार देर रात बांग्लादेश में स्थित चीनी एंबेसी ने एक नोटिस

जारी करके कहा है कि चीनी नागरिकों को बांग्लादेश में महिलाओं के साथ रिश्ते बनाने या फिर उनसे शादी करने के लिए अवैध मैचमेकिंग के एजेंटों से बचना चाहिए और बांग्लादेश में शादी से पहले दो बार सोचना चाहिए। लेकिन क्या ऐसा नियम सिर्फ चीन में लागू है? किसी और देश में यह नियम नहीं है क्या? क्रॉस बॉर्डर शादी दो देशों के बीच होने वाले विवाह को कहा जाता है। ऐसे में कुछ नियम विवाह के योग्य होने की शर्तों से संबंधित होते हैं और आयु, मानसिक स्वास्थ्य और कुछ नियम विदेशी जीवनसाथी के वीजा व रहने के नियम से संबंधित होते हैं। वैसे तो किसी भी देश में यह पूरी तरह से बैन नहीं है, लेकिन कुछ देशों में क्रॉस बॉर्डर वेडिंग को लेकर नियम जरूर सख्त हैं। जैसे कि फिलीपींस में विदेशी लड़का या लड़की के साथ शादी कराने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध लगा है। दरअसल यह कानून महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यहार से बचाने के लिए है। लेकिन यह कानून फिलिपिनो महिलाओं के लिए विदेशी पुरुषों के साथ शादी को मुश्किल बनाता है। यूके में इमीग्रेशन के लिए क्रॉस बॉर्डर वेडिंग का लंबा इतिहास रहा है, यही वजह है कि वहां पर क्रॉस बॉर्डर वेडिंग के मामले में जांच बढ़ जाती है। साल 2011 में इस तरह की शादियों को रोकने के लिए चर्च के पादरी को भी निर्देश दिए गए थे। इसीलिए जो लोग सच में शादी करना चाहते हैं, इसका असर उन पर भी देखने को मिला।

दुनियाकी सबसे गहरी नदियां, गहराई जान लेंगे तो उड़ जायेंगे होश

नदियों का अपना एक महत्व होता है और इसके किनारे बड़े बड़े शहर बसे होते हैं। लोग पीने के पानी से लेकर रोजगार के लिए नदियों के ऊपर निर्भर रहते हैं। भारत में नदियों को लेकर एक अलग ही लगाव है लोग यहां नदियों की पूजा करते हैं हर साल कोई न कोई पर्व नदियों के किनारे मनाया जाता है। चलिए, आपको बताते हैं कि दुनिया की सबसे गहरी नदियां कौन सी हैं और किन किन देशों में ये नदियां बहती हैं।

कांगो नदी-अफ्रीका में बहने वाली इस नदी को पहले जाइरे नदी के नाम से जाना जाता था। यह अफ्रीकन रीजन में बहने वाली दूसरी सबसे लंबी नदी है नील नदी की लंबाई इससे ज्यादा है। यह नदी दुनिया की सबसे गहरी नदी है। इसकी गहराई 220 मीटर तक है जो इसे काफी खतरनाक बनाती है कांगो नदी की कुल लंबाई 4,700 किमी है और इसकी खासियत यह है कि इसके पानी की धारा बेहद तेज होती है, जिससे यह हाइड्रोपावर के लिए उपयुक्त है।

यांग्त्जी नदी -चीन में बहने वाली यह नदी चीन की जीवन रेखा कही जाती है। यह दुनिया की सबसे व्यस्त नदी है और दूसरी सबसे गहरी नदी भी है इसके अलावा यह चीन की सबसे लंबी नदी है। इसकी गहराई लगभग 200 मीटर है।

डैन्यूब नदी-यूरोप में बहने वाली यह नदी जर्मनी, ऑस्ट्रिया, हंगरी और रोमानिया जैसे देशों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसकी गहराई लगभग 178 मीटर है। वोल्गा के बाद डैन्यूब नदी यूरोप की दूसरी सबसे लंबी नदी है। यह नाटो और यूरोपीय संघ के कई देशों के लिए व्यापारिक जलमार्ग है।

जेम्बेजी नदी-अफ्रीका की प्रमुख नदियों में से एक है जेम्बेजी नदी यह 6 देशों से होकर गुजरती है जिसमें जाम्बिया, अंगोला, नामीबिया, बोत्सवाना, जिम्बाब्वे और मोजाम्बिक शामिल हैं। इसकी गहराई लगभग 116 मीटर है। हालांकि अलग अलग जगह इसकी गहराई अलग अलग बताई गई है। इसका एक वॉटर फॉल है, जिसे विक्टोरिया फॉल्स कहा जाता है। यह दुनिया का सबसे विशाल जलप्रपात है।

ब्रह्मपुत्र नदी-इस लिस्ट में अगला नाम भारत की सबसे गहरी नदी ब्रह्मपुत्र का नाम है। इसकी गहराई गहराई 124 फीट है और अधिकम गहराई 115 मीटर तक है. मानसून में यह नदी बाढ़ का कारण बनती है, लेकिन साथ ही बेहद उपजाऊ मिट्टी भी लाती है।

उर्वशीने फिर किया बड़ा दावा

उर्वशी रौतेला को अकसर इंटरनेट पर किसी न किसी बात के लिए ट्रोल किया जाता है लेकिन वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अपने बारे में अपडेट देती रहती हैं। हाल ही में उर्वशी रौतेला ने 78वें कान फिल्म फेस्टिवल में हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो से मुलाकात की। गुरुवार को उन्होंने हॉलीवुड सुपरस्टार के साथ तस्वीरें शेयर कीं और दावा किया कि कैप्रियो ने उन्हें कान की रानी। कहा।उर्वशी रौतेला ने अपने इंस्टाग्राम पर लियोनार्डो डिकैप्रियो के साथ दो सेल्फी शेयर कीं। सेल्फी में उर्वशी मुस्कुराती हुई नजर आ रही हैं, जबकि लियोनार्डो डिकैप्रियो अंगूठा दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। उर्वशी ने कैप्शन में लिखा जब लियोनार्डो डिकैप्रियो आपको कान की रानी कहते हैं! शुक्रिया, लियो... अब यह एक टाइटैनिक तारीफ है।उर्वशी की इस पोस्ट पर कई यूजर्स कमेंट कर रहें हैं। कई यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है कहीं स्केच तो नहीं बनाया है? एक दूसरे यूजर ने लिखा है कि क्या उन्हें आपके मंदिर के बारे में पता है? एक और यूजर ने लिखा है क्या लियो को पता है कि उन्होंने आपको कान की रानी कहा है? एक और कमेंट में लिखा है क्या उसने डाकू महाराज और दबीदी दबीदी के लिए आपकी तारीफ की है ख्याल रहे कि उर्वशी रौतेला पिछले हफ्ते कान फिल्म फेस्टिवल में पहुंचीं। उन्होंने अपने लुक से लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। इस बीच एक इंफ्लूएंसर ने दावा किया कि उर्वशी ने कान में फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था। इससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इस

पर उर्वशी ने जवाब दिया। उर्वशी ने कहा फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था और इसके लिए आयोजन समिति से पूर्व अनुमति ली थी। कान फिल्म फेस्टिवल 2025 में पहुंची उर्वशी रौतेला ऊप्स मूमेंट का भी शिकार हुईं। वे अपने लुक से खूब सुर्खियों में रहीं। पहले दिन वे तोता परी बनकर छाईं। लेकिन यही फेस्टिवल उनके लिए अच्छा नहीं रहा। वह इसमें ऊप्स मूमेंट का शिकार हो गईं। ब्लैक कलर की एक ड्रेस में उर्वशी जब आईं, तो उनकी वह ड्रेस फटी हुई नजर आई।

महाभारत : कितना बड़ा था कृष्णका सुदर्शन चक्र

क्या आपको मालूम है कि भगवान कृष्ण जो सुदर्शन चक्र रखते थे, उसका आकार क्या था, वो कितना बड़ा था। और कब कैसे गायब हो गया। वैसे भारतीय सेना के पास भी एक हथियार ऐसा है, जिसको वो सुदर्शन चक्र कहती है. हालांकि अगर साइंस की बात करें तो वो अब तक ऐसा कोई शस्त्र विकसित नहीं कर पाई,ये क्यों इतना मुश्किल है, ये भी बताएंगे। भगवान कृष्ण अपने दाएं हाथ में एक ऐसा शस्त्र रखते थे, जो उनकी अंगुली पर टिका होता था। कृष्ण अक्सर सुदर्शन चक्र को अपनी छोटी उंगली या तर्जनी पर धारण किए दिखाए जाते हैं। ये तेजी से घूमता रहता था। जब कृष्ण चाहते थे तो ये उनके पास आ जाता था और वो इसका इस्तेमाल जिसके खिलाफ करना चाहते थे, वो घूमता हुए उसके पास जाता था और उसका खात्मा करके वापस लौट आता था। कुल मिलाकर ये ऐसा दिव्य शस्त्र था, जो उनकी इच्छा से चलता था। फिर काम करने के बाद उन्हीं के पास वापस लौट आता था। सुदर्शन चक्र को हिंदू शास्त्रों में असाधारण गुणों वाले दिव्य चक्र के रूप में वर्णित किया गया है। इसका आकार रहस्यमय और बदलने वाला बताया गया है। किंवदंतियों के अनुसार, सुदर्शन चक्र इतना छोटा हो सकता है कि यह तुलसी के पत्ते की नोक पर फिट हो जाए, फिर भी यह इतना बड़ा हो सकता है कि यह पूरे ब्रह्मांड को अपने में समाहित कर ले। शास्त्रों में इसका कोई निश्चित आकार नहीं बताया गया है; इसका आकार परिस्थिति या भगवान कृष्ण की इच्छा के अनुसार बदलता रहता है। ऋग्वेद, महाभारत और पुराण जैसे हिंदू शास्त्रों में सुदर्शन चक्र को अपार शक्ति वाले दिव्य हथियार के रूप में बताया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि ये गोल आकार वाला दांतेदार और चांदी या लोहे की धातु का था। चक्र को अक्सर निरंतर गति में दिखाया जाता है। भगवद गीता के ग्यारहवें अध्याय में, जब कृष्ण अर्जुन को अपना ब्रह्मांडीय रूप दिखाते हैं, तो चक्र एक ऐसे दृश्य के हिस्से के रूप में प्रकट होता है, तब ये इतना विशाल और चमकीला होता है कि अर्जुन उसका अंत, मध्य या आरंभ नहीं देख पाते हैं.शास्त्रों के अनुसार, भगवान कृष्ण ने अपने अवतार काल में सुदर्शन चक्र का कई बार उपयोग किया, जैसे शिशुपाल वध, द्रौपदी की रक्षा आदि में। भविष्य पुराण के अनुसार, श्रीकृष्ण के देह त्यागने के बाद सुदर्शन चक्र अदृश्य हो गया। महाभारत में युधिष्ठिर के राजसूर्य यज्ञ के दौरान जब शिशुपाल ने बार-बार श्रीकृष्ण का अपमान किया। सौ अपराध पूरे कर दिए, तब कृष्ण ने सभा में सुदर्शन चक्र चलाकर शिशुपाल का वध किया। अर्जुन ने प्रतिज्ञा की थी कि यदि सूर्यास्त से पहले जयद्रथ का वध न कर सके तो वह अग्नि में प्रवेश कर जाएंगे। युद्ध के अंतिम क्षणों में श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र से सूर्य को आंशिक रूप से ढक दिया, जिससे सभी को सूर्यास्त का भ्रम हुआ। जैसे ही जयद्रथ सामने आया, कृष्ण ने चक्र हटा लिया। अर्जुन ने जयद्रथ का वध कर दिया। यहां सुदर्शन का प्रयोग सूर्य को छिपाने के लिए किया गया था, न कि प्रत्यक्ष वध के लिए।

भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर का मुद्दा आजादी के बाद से भारत-पाक विभाजन के बाद से चला आ रहा है। इसको लेकर युद्ध भी हो चुका है और तनाव की स्थिति तो दोनों देशों के बीच में बनी ही रहती है। हाल ही में पहलगाम हमले के बाद से दोनों देशों के बीच में जमकर तनाव देखने को मिला था। जिसका जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में दिया था। लेकिन क्या आपको पता है कि दोनों देशों के बीच में सिर्फ कश्मीर को लेकर ही नहीं बल्कि आम को लेकर भी तकरार हो चुकी है। जी हां वही आम जिसे फलों का राजा कहा जाता है। इस विवाद की नींव तब पड़ी जब 80 के दशक में पाकिस्तान के

राष्ट्रपति जिया उल हक ने भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को आम भेंट के रूप में दिए। बस यहीं से एक नई तकरार का जन्म हो गया। चलिए इस बारे में थोड़ा विस्तार से जाना जाए। कहते हैं कि आम में जरूर कोई ऐसी खास बात होती है, जिससे कि यह राजा होकर भी गरीबों को मयस्सर हो जाता है। थोड़ी की कीमत में सबके हिस्से आता है और कभी-कभी विवादों को भी जन्म दे जाता है। दिल्ली से करीब 20 किलोमीटर दूर एक जिला है बागपत, जहां एक गांव है रटौल। यह गांव आम की एक खास किस्म के लिए मशहूर है। इस आम का नाम भी गांव के नाम पर पड़ा है। रटौल के आम को लेकर 80 के दशक से भारत और पाकिस्तान में खींचतान चली आ रही है। सालों से पाकिस्तान का दावा है कि यह आम भारत का नहीं बल्कि पाकिस्तान का है। विदेश में भी रटौल आम की भारी डिमांड है। हालांकि पाकिस्तान इस पर अभी तक कोई मजबूत दावा पेश नहीं कर पाया है। लेकिन जब जनरल जिया उल हक ने इंदिरा गांधी को आम भेंट किए तो उन्होंने आम का नाम रटौल बताया। जिया उल हक ने यह दावा किया कि ये आम सिर्फ पाकिस्तान में मिलते हैं। उस दौर में यह वाकया अखबारों तक छपा तो रटौल के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। उस वक्त गांव के कुछ लोग कैबिनेट मिनिस्टर चौधरी चांदराम से मिले और उनको पूरा बात बताई। जब इंदिरा गांधी को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई और पाकिस्तान के झूठ का पर्दाफाश किया। उस वक्त पाकिस्तान की खूब किरकिरी हुई और लोग रटौल के आम के बारे में और ज्यादा जानने की कोशिश करने लगे। इस आम के जरिए गांव को खास पहचान मिली। अब सवाल यह है कि रटौल आम पाकिस्तान कैसे पहुंच गया। दरअसल रटौल गांव आजादी से पहले पाकिस्तान जा चुका था। रटौल मैंगे प्रोड्यूसर एसोसिएशन के सचिव जुनैद फरीदी की मानें तो उनके दादा अफाक फरीदी ने ही रटौल से आम के कुछ पौधे मुल्तान और मीरपुर की नर्सरी में भेजे थे। उस वक्त देश का विभाजन नहीं हुआ था। इसीलिए नर्सरी से पौधों का लेन-देन चला करता था। तब वो पौधा पाकिस्तान में ढल गया और फलने-फूलने लगा।

सऊदी अरबमें ७३ साल बाद मिलेगी शराब

दुनियाभर में सबसे ज्यादा चाय और शराब पी जाती है। शराब का कारोबार इतना बड़ा है कि कई छोटे देशों की जीडीपी इसके बराबर है। यानी हर साल शराब से अरबों रुपये की कमाई होती है। हालांकि कुछ ऐसे देश भी हैं, जहां पर शराब पर पूरी तरह से पाबंदी है। ऐसा करने पर कड़ी सजा का भी प्रावधान है। ज्यादातर इस्लामिक देशों में ऐसे नियम बनाए गए हैं। अब एक ऐसे ही मुस्लिम देश ने शराब पर पाबंदी हटाने का फैसला किया है। दरअसल सऊदी अरब ने करीब 73 साल बाद अब शराब से पाबंदी हटा दी है। इसे एक बड़ा फैसला बताया जा रहा है। सऊदी लगातार अपने सख्त कानूनों में बदलाव कर रहा है और टूरिज्म को एक बड़ा मौका बनाने की कोशिश कर रहा है। ये फैसला भी इसी कड़ी में लिया गया है। हालांकि सऊदी के लोगों के लिए अब भी शराब पर पाबंदी है। अब अगर आप सोच रहे हैं कि भारत या किसी और देश की तरह सऊदी में भी शराब की दुकान में जाकर आप शराब खरीद सकते हैं तो आप गलत हैं। दरअसल यहां पर सिर्फ टूरिस्ट्स के लिए ये व्यवस्था की गई है। घरों में शराब रखने और बाजार में बेचने पर अब भी पाबंदी है। इसके लिए लाइसेंस दिए जाएंगे, जिससे बड़े टूरिज्म प्रोजेक्ट्स में शराब परोसी जा सकती है। यानी अगर आप बाहरी किसी देश से सऊदी जाते हैं तो आपको शराब पीने के लिए मिल सकती है। सऊदी अरब में सिर्फ हल्की मात्रा में एल्कोहल वाली शराब ही मिलेगी। यानी बीयर या फिर वोदका जैसी ड्रिंक आप पी सकते हैं। 20 परसेंट एल्कोहल से ज्यादा वाली ड्रिंक पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई गई है। बताया गया है कि देश में करीब 600 जगहों पर ये शराब मिलेगी। दुनिया के कई देश ऐसे हैं, जहां आज भी शराब पूरी तरह से बैन है। इसमें ब्रुनेई, सोमालिया, ईरान, लीबिया, कुवैत जैसे देश शामिल हैं। इसके अलावा पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी शराब पर कई तरह की पाबंदियां हैं। यानी ज्यादातर मुस्लिम देश ही ऐसे हैं, जिन्होंने धर्म के आधार पर शराब को पूरी तरह से बैन किया है। हालांकि कुछ देश अब पर्यटन को देखते हुए इन नियमों में थोड़ी ढील दे रहे हैं।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

नयी दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त सप्ताह में 6.99 अरब डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके पहले 16 मई को समाप्त हुए सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 अरब डॉलर घटकर 685.73 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 45.16 लाख डॉलर बढ़कर 586.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 2.37 अरब डॉलर बढ़कर 83.58 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 8.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.57 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी तीन करोड़ डॉलर बढ़कर 4.40 अरब डॉलर हो गया।

क्यों फिर तेजीसे फैल रहा कोविड

भारत में कोविड-19 के मामले फिर बढ़ रहे हैं मामले हल्के हैं, हेल्थ सिस्टम निपटने को तैयार है जो वेरिएंट हैं उनमें छ्ब्ह.1 सबसे अधिक प्रभावी है कोविड-19 cases are rising again: आपने पिछले कुछ दिनों में 'भारत में फिर से बढ़ रहे हैं कोविड-19 के मामले', जैसी हेडलाइन अखबारों या वेब मीडिया में जरूर देखी होंगी। हालांकि इस तरह की खबरें किसी को भी चिंता में डाल सकती हैं। लेकिन जमीनी हकीकत इससे कहीं ज्यादा आश्वस्त करने वाली है। मामलों में वृद्धि कम है, बीमारी आम तौर पर हल्की है और भारत का हेल्थ सिस्टम अच्छी तरह से तैयार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब हमारे पास इस तरह के हालात को बिना किसी डर के मैनेज करने के लिए टूल्स और नॉलेज है। फिलहाल हम एक ऐसे दौर में हैं जहां सार्स-कोव-2 (वह वायरस जो कोविड-19 का कारण बनता है) कई अन्य रेस्पिट्री वायरसों की तरह व्यवहार कर रहा है। इसमें मौसमी उतार-चढ़ाव, क्षेत्रीय भिन्नताएं और बार-बार संक्रमण की लहरें शामिल हैं। इसका एक मुख्य कारण यह है कि हर्ड इम्यूनिटी (सामूहिक रोग प्रतिरोधक क्षमता) कम हो रही है, चाहे वह पहले के संक्रमण से मिली हो या टीकाकरण से। कई व्यक्ति जिन्हें शुरुआती लहरों के दौरान टीका लगाया गया था उन्होंने एक साल या उससे अधिक समय से बूस्टर खुराक नहीं ली है। रोग प्रतिरोधक क्षमता चाहे टीके से मिली हो या स्वाभाविक रूप से प्राप्त हुई हो समय के साथ कम होती जाती है। इसकी वजह से दोबारा

संक्रमण संभव है, भले ही संक्रमण हल्का रहे। 26 मई, 2025 तक भारत में कुल 1009 सक्रिय कोविड-19 मामले सामने आए हैं। 19 मई को यह संख्या 257 थी, जिसमें केरल, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में मामलों में वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के दैनिक अपडेट से पता चलता है कि इस महीने की शुरुआत से संख्या में थोड़ी वृद्धि हुई है, लेकिन स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। 140 करोड़ से ज्यादा जनसंख्या वाले देश में ये आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं। भारत के पास सांस संबंधी बीमारियों के लिए दुनिया की सबसे मजबूत निगरानी प्रणालियों में से एक है। ओमिक्रॉन का एक उप-संस्करण जेएन1 संस्करण वर्तमान में भारत में सबसे अधिक प्रभावी स्ट्रेन है। भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के अनुसार हाल के मामलों में इसका योगदान लगभग 53 फीसदी है। यह आसानी से फैलता है, लेकिन अन्य ओमिक्रॉन उप-संस्करणों की तरह अधिकांश लोगों में हल्की बीमारी का कारण बनता है। NB.1.8.1 और LF.7 जैसे अन्य वेरिएंट भी कम संख्या में पाए गए हैं। ये वैश्विक स्तर पर निगरानी में हैं, लेकिन अभी तक इनसे गंभीर बीमारी होने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। अच्छी खबर यह है कि ज्यादातर लोग गंभीर रूप से बीमार नहीं हो रहे हैं। लक्षण सामान्य सर्दी या मौसमी फ्लू जैसे ही होते हैं और इनमें शामिल हैं।